डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 15 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-332, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स
82,890.94 ↓ -71.77

डॉलर
83.880 ↓ -0.050

रांची सर्राफा
10 ग्राम 69,950
01 किलो 95,000

पेज 08

हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी, पीएम ने...



सत्यमेव जयते

वीर शहीदों की पावन भूमि झारखण्ड में

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

जी का हार्दिक अभिनंदन
और जोहार

15 सितम्बर, 2024

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

PR No. 335846 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

एक नजर

रायशुमारी में समर्थन के लिए आभार : अजय

हुसैनाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा हुसैनाबाद के जपला-छत्तरपुर रोड स्थित उदयनाथ विश्वकर्मा कम्प्लेक्स में आयोजित हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा-79 के उम्मीदवारों को लेकर हुई रायशुमारी में कार्यकताओं द्वारा दिये गए समर्थन को लेकर भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने आभार प्रगट किया है। भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि हुसैनाबाद -हरिहरगंज विधानसभा-79 के उम्मीदवारों को लेकर बीते 11 सितंबर को हुए रायशुमारी में भाजपा के कर्मठ व ऊजार्वान कार्यकताओं ने मुझे भी अपना बहुमूल्य समर्थन दिया है। इनके विश्वाश पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का जो भी आदेश-निर्देश मिलेगा उसे सहर्ष स्वीकार करते हुए पार्टी के एक कार्यकर्ता के रूप में कर्मठता के साथ कार्य करता रहूंगा।

बच्चों के प्रति भावनात्मक सोच रखें : राजेश प्रजापति

सगालीम। बच्चों के प्रति विश्वास बनाएं, ताकि बच्चों को सहनशीलता के साथ कामयाबी में सफल हो। आज जिस तरह बच्चे पढ़ने में अपने रुचि बढ़ा रहे हैं। बच्चों के प्रति भावनात्मक सोच रखें। उक्त बाते सनशाइन पब्लिक स्कूल सगालीम के डायरेक्टर राजेश कुमार प्रजापति ने अपने स्कूल कैंपस में स्कूल प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने मधुर वाणी से अपने आप को उनके अनुसार व्यवहार करें। मौके पर उपस्थित शिक्षक अलमसार, मिथिलेश्वर, दिलीप कुमार, सुहाना मिस ,सना मिस ,आरती कुमारी ,दिव्या कुमारी, रिंकी कुमारी ,इन सभी शिक्षकों ने अपने कर्तव्यों को शिक्षा के क्षेत्र में भरपूर योगदान देने की बाते कहे, जिससे समाज शिक्षा की ओर तेज रफ्तार से बढ़ती रहे।

बिजली चोरी में 7 पर केस दर्ज, एक लाख का लगाया जुर्माना

हरिहरगंज। थाना में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने 7 बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। साथ ही उन पर 1 लाख 19 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में गुणवंत कुमार ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा कोशडिहर में उदित सिंह, अरुआ खुर्द में राजू कुमार, राजेश कुमार, राजेन्द्र साव तथा कृष्ण कुमार जबकि ढाब कला में मुरलीधर राम द्वारा बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। साथ ही इन सभी के उपर हरिहरगंज थाना में बिजली चोरी का मामला भी दर्ज कराया गया है। छापामारी दल में विभाग के मानव दिवस कमी नितेश कुमार, बिरेंद्र पासवान तथा रोहित कुमार सहित कई विद्युत कर्मी शामिल थे।

बाइक के धक्के से वृद्ध गंभीर

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग चेकनाका के समीप एनएच 139 पर शनिवार को बाइक के धक्के से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सीमावर्ती बिहार के कुटुंबा थाना के महाराजगंज निवासी 60 वर्षीय विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल विश्वनाथ पैदल मेडिकल दुकान पर दवा लेने जा रहे थे, तभी तेज रफ़्तार में जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस बाइक को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गयी है।

प्रसूता महिला की मौत के बाद ग्रामीणों ने किया हंगामा, कहा-

लापरवाही से महिला की गई जान

14 September 2024 9:53 am

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव की एक महिला की मौत मेदिनीनगर जिला अस्पताल में हो गई। शव लेकर गांव आए सरकारी एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने वापस जाने से रोक दिया। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से महिला की जान गई है। रेहला पुलिस के हस्तक्षेप पर एंबुलेंस शव को लेकर वापस मेदिनीनगर जिला अस्पताल गया। जहां मृतिका के शव का पोस्टमार्टम हुआ। मिली जानकारी के अनुसार केतात गांव निवासी पिंटू ठाकुर की 24 वर्षीय पत्नी रीना देवी को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा परिजनों को बताया गया कि रीना के शरीर में खून की कमी है, जिसके बाद रीना को एक यूनिट खून चढ़ाया गया। रात को 9.21 मिनट पर बड़े ऑपरेशन के बाद रीना ने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार चार बजे सुबह के आसपास चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि रीना की मौत हो गई। परिजनों को रीना की मौत का कारण भी नहीं बताया गया। अहले सुबह सरकारी एंबुलेंस से रीना के शव को जबरदस्ती केतात गांव भेजा दिया गया।

दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई करने और दस लाख मुआवजा की मांग

शव लेकर आए एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने बंधक बना लिया ग्रामीणों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से रीना की जान गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं दिया गया। अपनी कमी व लापरवाही छुपाने के लिए शव को आनन-फानन में घर भेज दिया गया। ग्रामीण शव का पोस्टमार्टम करने,दोषी चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई करने और परिजनों को दस लाख मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मृतिका के घर गए और ग्रामीणों को समझाया बुझाया। इसके बाद पुलिस शव को उसी एंबुलेंस से एमएमसीएच लेकर गई, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने वहां के चिकित्सकों पर अविश्वास प्रकट किया,जिसके बाद सिविल सर्जन ने पोस्टमार्टम हेतु शव को रांची रिम्स भेज दिया। ग्रामीणों के विरोध का नेतृत्व पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे ने किया। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी,वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे,झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकास दुबे,अंजू अभिमन्यु टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला,जेएमएम नेता संजय चौबे, अरविंद चौबे, नवीन चौबे, चंद्रप्रकाश चौबे, उदय दुबे सहित कई लोग मृतक के घर गए और परिजनों को ढांढस बंधाया।

तीनों सड़कों के निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

तकनीकी कारणों की वजह से निर्माण स्वीकृति मिलने में देर हुई : कमलेश सिंह

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। हैदरनगर - पंसा मुख्य पथ समेत मोहम्मदगंज प्रखंड की दो महत्वपूर्ण सड़कों मोहम्मदगंज मुख्य पथ से गोराडीह व मोहम्मदगंज मुख्य पथ से सबनवा पथ निर्माण कार्य का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधिवत शिलान्यास किया। तीनों सड़कों में कार्य प्रारंभ करने का निर्देश कार्यकारी एजेंसी को दिया है। शिलान्यास के मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें भी पता है कि पंसा पथ की स्थिति काफी खराब है। आम लोगों को काफी परेशानी होती है। मगर कुछ तकनीकी कारणों की वजह निर्माण स्वीकृति मिलने में देर हुई। उन्होंने कहा कि जो लोग सड़क को लेकर बहुत चिंतित थे, उन्हें अब खड़े होकर काम करना चाहिए, जिससे सड़क लंबे समय तक ठीक रह सके।

विधायक ने कहा कि मोहम्मदगंज, हैदरनगर, हुसैनाबाद, पिपरा व हरिहरगंज की सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में कराने का काम किया था, उन सड़कों पर किसी जनप्रतिनिधि ने एक ढेला मिट्टी तक डालने का काम नहीं किया। पुनः उन सड़कों का निर्माण अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान कराने का काम उन्होंने किया है। जनता सब जानती है। उन्होंने कभी गंदी राजनीति नहीं की। उन्होंने कहा कि चाहे नबीनगर रोड हो या पंसा रोड, सभी सड़कों का निर्माण उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम किया है। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ कराने का काम किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मन्नान खान, अशोक सिंह, राकेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, उदित नारायण सिंह, अकबर खान, सतेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, श्याम बिहारी मेहता, शंकर ठाकुर, उदय सिंह, अख्तर अंसारी, रविरंजन सिंह, सरयू पासवान, उपप्रमुख पप्पू पासवान, बिमलेश सिंह, दिलीप पाल, बबिता सिंह, अनिल सिंह, शशिरंजन मिश्रा, नसीम अंसारी, आफताब खान, सहीम अहमद, नगीना सिंह, शाहबाज खान, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

पांकी विधायक ने किया कर्पूरी ठाकुर भवन का शिलान्यास

पांकी। पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने शानिवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही पांकी डाक-बंगला परिसर में विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर कर्पूरी भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा किभाजपा की सरकार ने ही जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। उन्होंने देश एवं समाज हित में एक से बढ़कर एक काम किये है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह,नाई समाज के जिला अध्यक्ष बच्चन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, विजय ठाकुर, रंजय ठाकुर, संजय ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, पंकज ठाकुर, बिगन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, सुनील कुशवाहा,साधु मांझी, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, सुनील प्रसाद गुप्ता,जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, कार्तिक सिंह, अखिलेश ठाकुर सहित काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

सौ बोटा अवैध खैर की लकड़ी जब्त

छतरपुर। पलामू वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार खैर के लकड़ी जब्त किया गया है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र पदाधिकारी शंकर पासवान ने बताया कि सूचना मिली थी कि छतरपुर के कोकोरो गांव में खैर का अवैध सौ बोटा लकड़ी रखी हुई है। वन रक्षी प्रियदर्शी कुमार के साथ गांव में जाकर खैर के लकड़ी को जब्त कर छतरपुर विन विभाग में लाया गया। जब्त खैर की लकड़ी सौ बोटा जब्त किया गया है। एक बोटा एक मीटर का है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ऊर्जा मित्रों ने श्री पब्लिकेशन के खिलाफ उप श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

पांकी। ऊर्जा मित्रों ने श्री पब्लिकेशन के खिलाफ उप श्रम आयुक्त को सौपा ज्ञापन। कम वेतन देने और अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप लगया। गुरुवार को मेदिनीनगर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के ऊर्जा मित्रों के द्वारा मेदिनीनगर स्थित कोयल रिवर फ्रंट के पास सभा आयोजित की गई। सभा में बिजली मीटर रीडिंग करने वाली एजेंसी श्री पब्लिकेशन के खिलाफ उप श्रम आयुक्त, मेदनीनगर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में ऊर्जा मित्रों के द्वारा आरोप लगाया गया कि कंपनी के द्वारा तय वेतन से कम राशि का भुगतान किया जा रहा है। मौके पर ऊर्जा मित्र अंकित भूषण ने बताया कि जब जून 2024 में एजेंसी द्वारा ऑफर लेटर दिया गया था जिसमे 12000 रुपए प्रति माह वेतन की भुगतान की बात की गई थी लेकिन एजेंसी के द्वारा काम वेतनमान दिया जाने लगा। वेतनमान ना देकर प्रति मीटर रूपये 5 की दर से मजदूरी दी जाने लगी। इस बात की एजेंसी से शिकायत करने पर एजेंसी के वरीय पदाधिकारी विकास कुमार के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया तथा कहा गया कि काम छोड़ दो। उसके बाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के ऊर्जा मित्रों का वेतन तथा आई डी बंद कर दिया गया। इसके खिलाफ कर्मियों के द्वारा उप श्रम आयुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। मौके पर बच्चन सिंह, अंकित भूषण, रिजवान अंसारी, नवसाद अंसारी, आकिब राजा, मुकेश सिंह, सुधीर सिंह, जिंदल सिंह, करमु सिंह, मंकु ठाकुर, सुनील आदि उपस्थित थे।

ईद-ए-मिलाद व विश्वकर्मा पूजा सौहार्द्रपूर्वक मनाने का निर्णय

विश्रामपुर। शनिवार को विश्रामपुर थाना परिसर में ईद ए मिलाद व विश्वकर्मा पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा व संचालन निवर्तमान पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी ने किया । बैठक में ईद-ए - मिलाद व विश्वकर्मा पूजा शांति पूर्ण व सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाने का दोनों समुदाय के लोगों ने निर्णय लिया। एस आई शर्मा ने कहा कि कोई भी धार्मिक पर्व मिल जुलकर मनाने से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। साथ ही पुलिस ने स्थानीय लोगो से कोई भी समस्या अविलंब पुलिस से साथ साझा करने की बात कही। मौके पर शमशेर अंसारी, एसआई शिवनाथ रंजन,आरक्षी सुरेश पाल, एएसआई बलराम दास,भगवान सिंह, मुंशी राकेश कुमार सहित दोनो समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

पुलिस ने शराब निर्माण भट्टी और 500 किलो जावा महुआ नष्ट किया

नवीन मेल संवाददाता

नावाबाजार। नावाबाजार पुलिस के द्वारा ताली गांव में अवैध रूप से चल रहे शराब निर्माण भट्टी को ध्वस्त किया गया। साथ ही 500 किलो जावा महुआ को भी नष्ट किया गया। शराब कारोबारियों के द्वारा थाना क्षेत्र के कंडा, ताली, तुकबेरा, बसना, चेचरिया, ब्रहमोरिया सहित कई गांवों में अवैध शराब निर्माण को उद्योग का रूप दिया जा रहा है।

थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा लगातार अभियान चलाकर इसे ध्वस्त करने की कोशिश की जा रही है। सूचना के आलोक में हर रोज अलग-अलग क्षेत्र में पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

चोरी छिपे किया जाता रहा है अवैध शराब भट्ठियों का संचालन : उत्पाद विभाग व पुलिस की नजरों से बचने के लिए नावाबाजार थाना क्षेत्र के पहाड़ की तलहटी में ताली पहाड़ के आरापुर सिकठिया नाला के समीप भट्ठी का संचालन किया जाता था। अवैध शराब की भट्ठियां संचालित किया जाता रहा है। इस धंधे में कई लोग शामिल हैं। धंधे में शामिल लोग उस क्षेत्र में आने जाने वाले लोगों पर नजर रखते हैं। जिससे पुलिस को वहां पहुंचने से पहले उन्हें सूचना मिल जाए।

न्यूज बॉक्स

एके सिंह कॉलेज में करमा पूजा की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हुसैनाबाद। जपला एके सिंह कॉलेज में कर्मा पूजा के पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा स्वागतगान और आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में दिव्या कुमारी, शीतल कुमारी, संदीप कुमार, कुंदन कुमार आदि शामिल थे। मंच संचालन जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष सह खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह, प्रो.रेखा कुमारी सिंह,डॉ.शिव कुमार विश्वकर्मा, आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर प्रो.अरुण कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार सिंह, शशि भूषण, नामांकन प्रभारी सुधीर कुमार सिंह, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, वृंदा कुमारी एवं अर्चना कुमारी आदि मौजूद रहे। जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो.डॉ. आनंद कुमार ने किया।

वंदे भारत एक्सप्रेस के पलामू से होकर परिचालन पर खुशी जाहिर की

मोहम्मदगंज। पटना-टाटानगर 21893/94 वंदेभारत एक्सप्रेस का पलामू से सप्ताह में एक दिन होकर परिचालन से लोगों में खुशी व्याप्त हो गई है। इस ट्रेन का परिचालन 22 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। लोगों ने कहा कि इससे बड़ा लाभ होगा। खासकर, पटना और टाटा के बड़े अस्पताल तक यथाशीघ्र पहुंचने में सहूलियत होगी। इस ट्रेन के पटना से सोननगर वाया गढवा रोड-टाटानगर तक परिचालन को लेकर सांसद विष्णु दयाल राम और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार, मुखिया कमला देवी, उमेश राम, पंसस ममता देवी और उप मुखिया रविरंजन सिंह ने आभार जताया है। धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने सोननगर-गढवा के बीच मोहम्मदगंज/हैदरनगर अमृत भारत रेलवे स्टेशन पर इसके ठहराव के लिए उचित पहल करने का आग्रह किया है। इससे इन स्टेशनों के आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ा लाभ होगा।

यूरिया खाद का अवैध भंडारण और कालाबाजारी करने वालों की खैर नहीं : बीडीओ

हैदरनगर। क्षेत्र में यूरिया खाद की कालाबाजारी किये जाने की लगातार मिल रही सूचना पर बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा हैं कि यूरिया खाद के अवैध भंडारण और कालाबाजारी करते पाए जाने पर उनपर समुचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उनके निर्देश के आलोक में शनिवार को हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के कई खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इसके तहत बाजार क्षेत्र के किसान भंडार नामक खाद बीज बिक्रेता मनीराज गुप्ता की दुकान की जाँच की गई। जाँच के क्रम में उन्हें बताया गया कि दो बार मई और जुलाई माह में 260 बैग यूरिया की खुदरा बिक्री के लिए दिया गया था। उसे बिक्री कर स्टॉक को शून्य कर दिया है। उनके दुकान में यूरिया खाद एक ग्राम भी नहीं पाया गया। वहीं सेल रजिस्टर में अंकित किसानों को दिए गये खाद सत्यापन के लिए किसान के पास कॉल कर सही पाया गया। उन्होंने हिदायत दी हैं कि किसानों को सही मूल्य मे खाद और उत्तम किस्म का बीज, कीटनाशक दवा किसानों को हर हाल में उपलब्ध कराना होगा। साथ ही किसी प्रकार गड़बड़ी पाए जाने पर उच्चाधिकारी को संसूचित किया जायेगा।

'वंदे भारत ट्रेन' का हैदरनगर में ठहराव का सांसद से किया आग्रह

हैदरनगर। पूर्व मध्य रेलवे के बीडी सेक्सन के रास्ते वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होने की घोषणा से पलामू के लोगों के लिए अच्छी खबर है। जिससे पलामू के लोगों को बड़ा लाभ होगा। इस ट्रेन के शुरूआत के लिए सांसद विष्णु दयाल राम और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को आभार दिया जाने लगा है। अंकू सिंह राणा ने सांसद विष्णु दयाल राम से गढ़वा वाया सोननगर के बीच हैदरनगर अमृत भारत रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए उचित पहल करने की स्वीकृति प्रदान कराने का आग्रह किया हैं। कहा कि इससे हैदरनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ा लाभ होगा। इस ट्रेन के शुरू होने की खबर पर हैदरनगर में अमृत भारत रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए उचित पहल करने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग भी तेज होने लगी है।

200 किलो जावा महुआ और शराब बनाने वाले उपकरण को किया नष्ट

नीलांबर-पीतांबरपुर। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने शनिवार को सख्त कदम उठाते हुए एक बड़े छापेमारी अभियान अवैध शराब बनाने को लेकर चलाया । छापेमारी अभियान में थाना क्षेत्र के ग्राम बाबुदुम्मी में अलग-अलग जगह से 200 किलो जावा महुआ और शराब बनाने वाले उपकरणों को भी नष्ट कर दिया गया। ताकि भविष्य में इनका उपयोग फिर से न हो सके। पुलिस आने की सूचना मिलते ही अवैध शराब चुलाई के धंधे में शामिल लोग पुलिस को देखते ही भाग खड़े हुए। छापेमारी अभियान को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बाबूदुम्मी में छापेमारी अभियान चलाया गया है। जिसमें 200 किलो जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरण को नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा की शराब बनाने वाले पर पुलिस कार्रवाई करेगी । साथ ही उन्होंने बताया कि अवैध शराब के व्यापार को रोकने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस तरह की कार्रवाइ आगे भी जारी रहेंगी, ताकि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। मौके पर एसआई प्रदीप कुमार ,रंजीत कुमार के अलावा थाना पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

भारत विविध संस्कृतियों का देश है : एके सिंह

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर
सितम्बर २०२४

नवीन मेल संवाददाता

मेदीनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल शाहपुर में शनिवार को हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने दीप जलाकर भारतेन्दु हरिश्चन्द्र व मुंशी प्रेमचंद के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों का देश है, जहां अनेक भाषाएं और परंपराए विद्यमान हैं। उन्होंने बताया कि हिंदी को 1949 में राजभाषा का दर्जा मिला, लेकिन इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने की दिशा में अब भी कई चुनौतियां हैं। उन्होंने हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हर भारतीय को अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हिन्दी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। शिक्षिकाओं द्वारा हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए गीत प्रस्तुत किए गए। शिक्षिका रागिनी और सीमा कुमारी ने हिंदी भाषा की उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए। शिक्षक दिलीप कुमार मिश्रा और सोनुदास ने काव्य पाठ कर सभी का मन मोह लिया। शिक्षक गौरव कुमार, अभिनव पांडेय, बबलू प्रजापति, नंद दुलाल राय, राकेश कुमार, उज्वल पाठक ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर आधारित गीत और विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालन हिंदी शिक्षक भरत लाल वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन टीएस नायडु ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित थे।

भाला फेंक प्रतियोगिता में निशांत कुमार विश्वकर्मा को मिला गोल्ड

खेलो झारखंड
जिला स्तरीय प्रतियोगिता
13-14 सितम्बर 2024

नवीन मेल संवाददाता

नावाबाजार : खेलेंगे, पढ़ेंगे, आगे बढ़ेंगे हम' के संकल्प के साथ खेलो झारखंड 2024 जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में नावाबाजार प्रखंड के पीएम श्री +2 हाई स्कूल कंडा के छात्र निशांत कुमार विश्वकर्मा ने भाला फेंक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। जो भाला फेंक प्रतियोगिता अंडर 17 के लिए था। जो पलामू जिला का प्रतिनिधित्व राज्य में करेगा। निशांत की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार सहित प्रखंड क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के प्राचार्य सुमित शंकर ने गोल्ड मेडल विजेता छात्र निशांत को बधाई देते हुए कहा कि पहले इस तरह के मौके नहीं मिलते थे, लेकिन अब खेलो झारखंड के तहत ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। अब पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। कहां कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेलो झारखंड एक बेहतर मंच साबित हो रहा है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र निशांत कुमार विश्वकर्मा को बधाई देने वालो में शिक्षक मेहनाज, बिगू राम, परमेश्वर गुप्ता, सुलेखा रानी, विक्रमा कुमार दुबे, विवेक कुमार पाठक, प्रेम गौरव, मिनाक्षी, जितेन्द्र, कविता सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का नाम शामिल हैं।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 15 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-332, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 08

अमेरिका ने भारत के साथ रक्षा संबंधों को ...

सेंसेक्स
82,890.94 -71.77

डॉलर
83.880 -0.050

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 73,690
01 किलो 89,020

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

एनएच पर क्रेन की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मौत

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया**
- **पंड़वा से कर्मा पूजा का सामान लेकर घर लौट रहे थे**
- **दोनों तरफ पांच किलोमीटर तक वाहनों की लाईन लगी**

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पंड़वा प्रखंड थाना क्षेत्र के औरंगाबाद मुख्य पथ पर शनिवार देर शाम क्रेन के चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक की पहचान पंड़वा थाना क्षेत्र के राजहरा कोलियरी के श्याम भुइयां के पुत्र जितेन्द्र कुमार व अरुण कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों भाई बाइक से पंड़वा बाजार से कर्मा पूजा का सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही क्रेन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य पथ को जाम कर दिया। जामकर्ताओं ने मृतक के परिजनों को 20 लाख रूपए नकद व उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। दुर्घटना की सूचना के बाद पंड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव तत्काल ही घटना स्थल पर पहुंच कर जामकर्ताओं को समझाने का प्रयास कर जाम को हटाने का प्रयास करना शुरू किया। आक्रोशित ग्रामीणों न घटना स्थल पर वरीय पदाधिकारियों को बुलाने व मृतकों के मुआवजा देने सहित अन्य मांग पूरा होने के बाद ही जाम हटाने की मांग पर अड़े थे। जाम के कारण दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाईन लगी थी। जाम करीब पांच किलोमीटर लंबा लगा था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों भाई मजदूरी कर अपने माता-पिता सहित परिवार का भरण-पोषण करते थे। मृतक के पिता श्याम भुइयां पिछले कुछ माह से बीमारी के कारण बिस्तर पर शेष पृष्ठ 07 पर

22 से वंदे भारत डालटनगंज रूट से चलेगी, सांसद ने प्रधानमंत्री व रेल मंत्री के प्रति आभार जताया



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरुप वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन टाटानगर से पटना वाया डालटनगंज-गढवा रोड स्टेशन होकर सप्ताह में एक दिन 22 सितंबर से चलेगी। उक्त ट्रेन का परिचालन पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डालटनगंज, गढ़वा रोड होकर चलाने की मांग जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत मामले को उठाया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवको पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। उक्त ट्रेन के परिचालन 13 सितंबर को रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। 15 सितंबर को टाटानगर रेलवे स्टेशन से प्रधानमंत्री उक्त ट्रेन के परिचालन का हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को अब पटना व टाटानगर का आवागमन सुलभ होगा। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद प्रकट किया है।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने करम पर्व की दी बधाई

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को प्रकृति पूजा करम पर्व की बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि प्रकृति पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ मानव जीवन की एकरूपता और भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं सम्मान को दशार्ता यह पावन पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए, आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

राज्यपाल ने करमा पर्व की दी शुभकामनाएं

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि करमा पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। यह पर्व भाई-बहन के बीच आपसी सौहार्द एवं स्नेह का भी प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर मैं सभी के लिए सुख और शांति की कामना करता हूं।

आज | कल


झमाझम बारिश से सड़कें बनी दरिया
देखा! नलों से ना सही नदी, नालों से तो पहुंचा ही दिया घर-घर पानी...!

प्रधानमंत्री 16 को गुजरात और 17 को ओडिशा का दौरा करेंगे

अब तीन दिन होगी तोहफों की बारिश



क्या मिलेगा झारखंड को

प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

1) टाटानगर - पटना
2) भागलपुर - दुमका- हावड़ा
3) ब्रह्मपुर - टाटानगर
4) गया - हावड़ा
5) देवघर - वाराणसी
6) राउरकेला - हावड़ा

क्या होगा लाभ

इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होने से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय को लाभ होगा। ये ट्रेनें देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कालीघाट, बेलूर मठ आदि जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन के तीव्र गति वाले परिवहन प्रदान करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा, धनबाद में कोयला खदान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुगार्पुर में लौह और इस्पात संबद्ध उद्योगों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।

और क्या

देवघर जिले में मधुपुर बाईपास लाइन : मधुपुर बाईपास लाइन के पूरा होने के बाद हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों के रुकने की समस्या खत्म हो जाएगी। साथ ही गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा समय भी कम होगा।

हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखेंगे : यह कोचिंग स्टॉक के रखरखाव में मदद करेगा।

- कुरकुरा-कनारोअन शेष पृष्ठ 07 पर

- **660 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे**
- **06 वंदे भारत ट्रेनों को प्रधानमंत्री मोदी जमशेदपुर से हरी झंडी दिखाएंगे**
- **अतिरिक्त घरों के सर्वेक्षण के लिए आवास+ 2024 ऐप लॉन्च करेंगे**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झारखंड यात्रा को काफी आशाभरी निगाहों से देखा जा रहा है। वह रविवार को झारखंड के करीब छह घंटे रहेंगे इस दौरान 660 करोड़ रुपये के कई तोहफों की बारिश होगी। वहीं सोमवार 16 सितंबर को वह अपने गृहराज्य गुजरात में 8000 करोड़ रुपये की तोहफों की बारिश करेंगे। 17 सितंबर को अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री ओडिशा में होंगे और यहां भी 3800 रुपए के तोहफों की बारिश करेंगे।

प्रधानमंत्री रविवार सुबह 10 बजे झारखंड के टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं सुबह साढ़े दस बजे वह टाटानगर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री झारखंड के 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे। वह लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त की राशि भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री 46 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में भी भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री अतिरिक्त घरों के सर्वेक्षण के लिए आवास+ 2024 ऐप भी लॉन्च करेंगे।

प्रधानमंत्री गांधीनगर में : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में री-इन्वेस्ट 2024 का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम नवीकरणीय ऊर्जा निर्माण और उपयोग में भारत की प्रभावी प्रगति पर प्रकाश डालेगा। अहमदाबाद में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

- प्रधानमंत्री समाखियाली-गांधीधाम और गांधीधाम- आदिपुर रेलवे लाइनों को चौगुना करने, एएमसी, अहमदाबाद में प्रतिष्ठित सड़कों का विकास और बकरोल, हाथीजन, रामोल और पंजरपोल जंक्शन पर पुलों का निर्माण सहित कई प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।
- प्रधानमंत्री 30 मेगावाट की सौर प्रणाली का उद्घाटन करेंगे। वह कच्छ लिग्नाइट थर्मल पावर स्टेशन, कच्छ में 35 मेगावाट की बीईएसएस सोलर पीवी परियोजना और मोरबी एवं राजकोट में 220 किलोवोल्ट सबस्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे।
- प्रधानमंत्री वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किए गए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के सिंगल विंडो आईटी सिस्टम (एसडब्ल्यूआईटीएस) का शुभारंभ करेंगे।
- प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 30,000 से अधिक घरों को मंजूरी देंगे और इन घरों के लिए पहली किस्त जारी करेंगे, साथ ही पीएमएवाई योजना के तहत घरों के निर्माण का शुभारंभ करेंगे। वह राज्य के लाभार्थियों को पीएमएवाई के शहरी और ग्रामीण दोनों खंडों के तहत तैयार घर भी सौंपेंगे।
- इसके अलावा, वह भुज से अहमदाबाद तक भारत की पहली वंदे मेट्रो शेष पृष्ठ 07 पर

माओवादियों ने मोबाइल टावर में लगायी आग, ग्रामीणों में दहशत

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। भाकपा माओवादी संगठन ने एक बार फिर महुआडांड़ अंतर्गत नेतरहाट थाना क्षेत्र के दूरूप पंचायत में बड़ी घटना को अंजाम दिया। दूरूप गांव में निमार्णाधीन बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क के टावर में आगजनी कर उपस्थिति दर्ज कराई। शनिवार दिनदहाड़े लगभग 11 बजे भाकपा माओवादी संगठन के आधा दर्जन हथियारबंद दस्तों दूरूप गांव में पहुंचा। गांव में अर्द्धनिर्मित बीएसएनएल टावर के चेबंर में आग लगा दिया। टावर के सोलर पैनल कुचलकर छतिग्रस्त किया। दूरूप गांव से निकलकर माओवादी दो किलोमीटर दूर दौना गांव में पहुंचे। वहां खड़े नेटवर्क के टावर के सोलर पैनल को कुचकर एवं वायर कनेक्शन को तहस-नहस किया। फिर जंगल की ओर निकल गये। इस घटना के बाद दोनों गांव के ग्रामीणों में डर का माहौल बना है। बताया जा रहा है कि इस आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को माओवादी का इनामी नक्सली छोटू खेरवार का दस्ता ने अंजाम दिया है। इससे पूर्व भी दौना गांव स्थित टावर पर छोटू खेरवार के दस्ता द्वारा आगजनी कि गई थी। प्रखंड का दूरूप और दौना गांव आज भी नेटवर्क विहीन क्षेत्र है। नेटवर्क कार्य पिछले दो साल से चल रहा था। बीएसएनएल व एयरटेल के नेटवर्क लगाये जा रहें है, लेकिन माओवादी संगठन द्वारा कार्य को बार-बार बंद करा दिया जाता है। माओवादियों द्वारा मोबाइल टावर का कार्य पूर्ण नहीं होने दिया जा रहा, क्योंकि बूढ़ा पहाड़ छोड़ने के बाद से दूरूप के जंगल माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है। कई बार सूचनाएं मलते रहती है कि माओवादी कमांडर छोटू खरवार इसी एरिया को अपना अस्थायी ठिकाना बना लिया है।

चौकीदार नियुक्ति सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाला राज्य का पहला जिला बना रामगढ़

- **मुख्यमंत्री के द्वारा 72 कर्मियों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र**
- **पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने पर अभ्यर्थियों ने उपायुक्त व जिला प्रशासन रामगढ़ को दिया धन्यवाद**

नियुक्तियां
दिनांक 13.09.2024

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ एवं बोकारो जिला के लिए फुटबॉल मैदान, ललपनिया, गोमिया, बोकारो में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा रामगढ़ जिला स्तरीय चौकीदार बहाली के तहत चयनित 72 कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इसी के साथ रामगढ़ जिला राज्य में सफलतापूर्वक चौकीदार नियुक्ति पूर्ण करने वाला पहला जिला बना। लंबे समय से लंबित चौकीदार बहाली पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त शेष पृष्ठ 07 पर

प्रधानमंत्री आवास में आई 'दीपज्योति', पीएम मोदी ने दिखाई झलक



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य 'दीपज्योति' का आगमन हुआ है। गौमाता ने एक बछिया को जन्म दिया है। इसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के माध्यम से दी। पीएम मोदी ने एक्स पर बछिया के साथ एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपने घर पधारे नन्हे मेहमान संग खेल रहे हैं। उसे दुलार रहे हैं। 42 सेकेंड के इस वीडियो में पीएम उसके गले में माला पहनाते हैं और उसके ऊपर शॉल भी डालते हैं। उन्होंने लिखा, हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'गावः सर्वसुख प्रदाः' लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौमाता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम 'दीपज्योति' रखा है। पीएम मोदी द्वारा शेयर किया गया ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को 250.3 लाख व्यूज मिले हैं, इसके अलावा इसे 18.5 हजार से अधिक लोगों ने पंसद किया है। साथ ही 4,864 बार इस वीडियो को री पोस्ट किया गया है। पीएम मोदी के इस वीडियो पर यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी है। कुलदीप नेहरा नाम शेष पृष्ठ 07 पर

इंडिया

हिंदी का विरोध और आधे अधूरे अंगेजों से बर्बाद होता हिंदुस्तान

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अंग्रेजों के देश छोड़े 77 साल बीत गए पर भारत से न अंग्रेजियत गई और न अंग्रेजी। कुल आबादी की लगभग 10 प्रतिशत लोग ही अंग्रेजी बोलने समझने वाले हैं पर किसी को भी भयभीत करने के लिए अंग्रेजी सबसे आसान भाषा आज भी बनी हुई है। भले हिंदी माध्यम से अंग्रेजी पढ़ाएं पर गली गली अंग्रेजी स्कूल खुल रहे हैं जो देशी भाषा के बजाय बबुआ को अंग्रेजी में गुड मॉर्निंग या हेलो हाय सिखाकर साहब बना रहे हैं। देश भर में सबसे ज्यादा अंग्रेजी गोवा में बोली जाती है। वहीं, गोवा के बाद चंडीगढ़ ऐसा शहर है जहां सर्वाधिक लोग अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं। इसका खुलासा स्टेट्स ऑफ डाटा एक सर्वे के जरिए हुआ है। देशभर में 10.6 फीसद लोग अंग्रेजी भाषा को पहली, दूसरी और तीसरी भाषा के तौर पर प्राथमिकता देते हैं। गोवा में 41.8 फीसद लोग अंग्रेजी बोलते हैं। जबकि चंडीगढ़ में 41.6 फीसद लोग अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं। तीसरे नंबर पर नागालैंड में 32.6 फीसद लोग अंग्रेजी बोलते हैं। पूरे देश की अगर बात की जाए तो 12.85 करोड़ लोग अंग्रेजी बोलते हैं। 2.6 लाख लोग पहली भाषा के तौर पर अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं। 8.27 करोड़ लोग दूसरी भाषा के तौर पर अंग्रेजी बोलना पसंद करते हैं और 4.56 करोड़ लोग तीसरी भाषा के तौर पर इंग्लिश बोलते हैं।

अंग्रेजी के बारे में एक आम धारणा बनी हुई है कि यह अंतरराष्ट्रीय भाषा है पर वस्तुतः यह उन देशों में ही ज्यादा प्रचलित है जो अंग्रेजों के उपनिवेश थे। विश्व के अनेक देशों में उनकी भाषा ही प्रचलित है। वस्तुस्थिति यह है कि हमने अंग्रेजों की बुराइयां तो सीख लीं पर उनकी अच्छाइयां नहीं सीख पाए। पिछले कुछ महीने से इंग्लैंड की राजधानी लंदन सहित अनेक यूरोपीय देशों की यात्रा कर रहे रांची के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद लाल ने बताया कि अनेक बातें आज भी ऐसी हैं जो अंग्रेजों से सीखनी चाहिए वहां अनेक शोधों के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि भारत की तरह सुबह छः बजे से स्कूल नहीं चलाए जाने चाहिए क्योंकि जाड़ा, गर्मी और बरसात में उनींदा बच्चा ठीक से पढ़ाई नहीं पाएगा इस लिए सुबह 8.35 बजे घर के आसपास के स्कूल में रिपोर्टिंग टाइम है और 8.50 बजे गेट बंद होने के बाद विशेष परिस्थिति में स्पष्टीकरण देने पर ही बच्चे को अभिभावक अंदर भेज सकते हैं। हर बच्चे को क्लास टीचर स्वयं अंदर ले जाती है और दो बजे अभिभावक को ही बच्चा सौंपा जाता है तीन बजे तक अभिभावक के नहीं आने पर चार बजे बच्चे को पुलिस ले जाती है और पुलिस कार्रवाई करती है जिसमें वह मां बाप से छीनकर सरकार की संपति भी बन जाता है जिसे अलग स्कूल में सरकार पढ़ाती है। निजी या सरकारी विद्यालय के बच्चे को लाने के लिए कोई अभिभावक जान चाहे तो किसी को रोका नहीं जाता। सरकारी विद्यालयों में स्वादिष्ट और उत्तम भोजन परोसा जाता है क्योंकि वे बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते हैं। सबसे दिलचस्प मामला श्री लाल ने बताया निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का जब वे चुनाव हार गए और कार्यभार नए पीएम को सौंप दिया तो 5 की सुबह ही पीएम आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट खाली कर अपने निजी आवास में चले गए। तीसरे दिन किसी मॉल में खरीददारी कर लाइन में लगकर बिल भुगतान करती उनकी फोटो अखबारों में छपी जिसमें आगे पीछे कोई सुरक्षाकर्मी या कमांडो नहीं था जबकि भारत में पूर्व सीएम,पीएम जैसी हस्तियों के परिजन तक की सुरक्षा में ब्लैक कैट कमांडो लगे रहते हैं जिनपर आम जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों खर्च होता है और यह सुरक्षा से ज्यादा वीआईपी का रौब गांठने के लिए होता है। ऋषि सुनक अब कोई वीआईपी नहीं बल्कि एक आम नागरिक बन गए हैं क्योंकि वहां वीआईपी कोई नहीं। लंदन के पार्क में अपने कुत्ते को घुमाते समय उन्होने पट्टा नहीं लगाया था तो एक सिपाही ने रोका कि मिस्टर सुनक आपने नियम का उल्लंघन किया है। हम जब कपड़े अंग्रेजों की तरह पहन सकते हैं भाषा,भोजन,मदिरापान और संस्कृति उनकी अपना सकते हैं तो हमें उनकी तरह कर्तव्यपरायणता, आत्मानुशासन और दूसरों का सम्मान करना भी सीखना चाहिए और इसके लिए भी तैयार रहना चाहिए कि किसी भी पद पर बैठा कोई आदमी जीवनभर के लिए वीआईपी नहीं होता उसे सामान्य आदमी बनाया जाए तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए।

भाजपा की सरकार बनते ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर निकालेंगे : बाबूलाल मरांडी

- **जमशेदपुर में आज महापरिवर्तन रैली होगी, पूरे राज्य में बदलाव का शंखनाद होगा**
- **हेमंत सरकार युवाओं को नौकरी नहीं, मौत बांट रही है, आज फिर एक की मौत**

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को यहां कहा कि झारखंड में पार्टी की सरकार बनते ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर बाहर निकाला जायेगा। मरांडी ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार संताल परगना इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठ की वजह से पूरे इलाके की डेमोग्राफी बदल गई है। कई बूथों पर मतदाताओं की संख्या आश्चर्यजनक तरीके से बढ़ गई है। इसकी वजह बांग्लादेशी घुसपैठ है। यहां के मूल निवासियों और आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। पीएम मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर आ रहे हैं। इस मौके पर जो रैली होगी उसे महापरिवर्तन रैली का नाम दिया गया है। मरांडी ने कहा कि झारखंड की सड़ी-गली सरकार को बदलना भाजपा का मकसद है। इस सरकार ने बीते पांच साल में ठीक से पांच काम भी नहीं किये हैं। सरकार ने जो भी वादे किए थे वे पूरे नहीं हुए। उनके कार्यक्रम से शेष पृष्ठ 07 पर

एक नजर

श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 137वां आविर्भाव दिवस आज

श्री बंशीधर नगर। श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी का 137 वां आविर्भाव दिवस समारोह 15 सितम्बर को सत्संग उपासना केंद्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में वेद माँगलीकी,प्रातः 5 बजे प्रभातफेरी,5.39 बजे प्रार्थना व नाम पाठ,प्रातः 6 बजे भजनांजली,7.05 बजे जन्मलग्न घोषणा तथा भजन कार्यक्रम, प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक छोटे बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार का खेल प्रतियोगिता, दोपहर 12.05 बजे से 1.15बजे तक माताओं के बीच क्विज प्रतियोगिता,1.30बजे से 3 बजे तक सत्संग,आनन्द बाजार(भंडारा) तथा 5.56 बजे संध्या प्रार्थना के बाद कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लें: बीडीओ

मेराल। पश्चिमी पंचायत भवन के प्रांगण में शनिवार को 'सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ जागो महतो मुखिया उर्मिला देवी बीडीसी अंचला देवी आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। जनता दरबार में अबूआ आवास, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ, बिजली, मनरेगा, कल्याण, पेयजल, राजस्व, खाद आपूर्ति, पीएचडी आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे।

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतिम दिन

अबुआ आवास और स्वास्थ्य सुरक्षा के स्टॉलों पर उमड़ी भीड़

कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही ग्रामीण आवेदन जमा करने के लिए उमड़ पड़े

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। पिछले 15 दिनों से प्रखंड के विभिन्न पंचायत में संचालित होते आ रहे सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार आपके द्वार' का शनिवार को डंडई पंचायत मे समापन हो गया । प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम दिन के 11:00 बजे तक पूरी तरह वीरान रहा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व संजीव कुमार नामक रोजगार सेवक को छोड़ बाकी एक भी उक्त अवधि तक न तो पदाधिकारी पहुंचे न कर्मी और न ही जनप्रतिनिधि । एक घंटे के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही ग्रामीण आवेदन जमा करने के लिए उमड़ पड़े। अबुआ आवास और अबुवा स्वास्थ्य सुरक्षा के स्टॉल पर भीड़ देखी गई। इसको देखते हुए दोनों स्टॉलों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। उक्त दो स्टालों पर सबसे ज्यादा 1977 आवेदन जमा हुए उनमें अबुवा आवास योजना के लिए 1405 तो अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिए 572 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा जमा किया गया। इससे पहले प्रमुख क्रांति देवी, सीओ राजकुमार प्रजापति, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, मुखिया धनवंती देवी, दीनानाथ पांडे इत्यादि लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

आवेदकों को परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है: बीडीओ

बीडीओ जागो महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का आज अंतिम दिन है सभी लोग बेझिझक होकर शिविर में लगे स्टालों पर अपना अपना आवेदन जमा करें । अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के साथ-साथ अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर बैठे पदाधिकारी व कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि शाम 4:00 बजे तक जितने भी आवेदक आए हैं, सभी का आवेदन विनम्रता पूर्वक लें। उन्होंने आवेदकों को विश्वास दिलाया कि किसी व्यक्ति को परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है । वहीं, अध्यक्ष राजेश मेहता ने 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की विशेष जानकारी देते हुए ग्रामीणों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही गई। शिविर में कुल 2583 आवेदन प्राप्त हुए उनमें 171 को ऑन द सपाट निष्पादित कर दिया गया जब की 2408 आवेदन पेंडिंग रह गया । मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, विजय कुमार,सीआई राजेंद्र यादव, नजीर नुमान अंसारी ,प्रधान लिपिक वीरेंद्र माझी, आंचल प्रधान के करीमन पन्ना, मुखिया पति महेश्वर राम, प्रमोद कुमार भोलाराम उपस्थित थे।

बोलचाल व लेखनी में हिंदी भाषा का प्रयोग करें : उपायुक्त

हिन्दी दिवस

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को हिंदी दिवस पर समाहरणालय के सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला शिक्षा अधीक्षक -सह- अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बीईईओ रंभा चौबे सहित आला अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा उपायुक्त जमुआर व पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय को बुके देकर स्वागत किया गया। उपस्थित विभिन्न शिक्षकों द्वारा हिंदी दिवस के मौके पर संगोष्ठी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए हिंदी दिवस मनाने को लेकर इसकी विशेष जानकारी दी गई। बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह वह दिन है जिस दिन भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को हमारी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था। काफी संघर्ष के बाद हिंदी को हमारे देश की राजभाषा घोषित किया गया। हिंदी दिवस के मौके पर इसके संबंध में अपने-अपने वक्तव्य में कहा गया कि 14 सितंबर को पूरे विश्व में हिंदी दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। यह हमारी मातृभाषा है। हिंदी भाषा का प्रसार न सिर्फ भारत देश में, बल्कि पूरे विश्व में हुआ है। पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा भी हिंदी दिवस के मौके पर उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया एवं अधिक से अधिक बोलचाल व लेखनी में हिंदी भाषा का प्रयोग करने की अपील की गई।

गढ़वा एसपी ने धुरकी थाने का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पान्डेय ने धुरकी थाने पहुंचकर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। एसपी ने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसपी ने पब्लिक से व्यवहार से पेश आने की बात कही । निरीक्षण के बाद एसपी ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया।

विषैले सांप के काटने से अधेड़ की मौत

धुरकी थाना क्षेत्र के खाला गांव के सिधवा डामर टोला निवासी 50 वर्षीय जंगाली मेहता की विषैले सांप के काटने से मृत्यु हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार उक्त व्यक्ति शुक्रवार की शाम को अपने खेत खलिहान में लगे फसलों की देख-रेख कर रहा था तभी वहां विषैले सांप ने काट लिया। परिवार जनों की जानकारी होने के बाद प्राथमिक उपचार के लिए दूद्धी उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। विदित हो कि वह व्यक्ति पालतू जानवरों का इलाज किया करता था।

नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा: केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

बड़गड़। झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री केएन. त्रिपाठी के द्वारा पलामू के सिंगरा गांव से निकाली गई प्रतिज्ञा यात्रा चौथे दिन शुक्रवार को बड़गड़ प्रखंड के टेहरी पंचायत से प्रारंभ हुआ। यह यात्रा टेहरी गांव से होकर बिंजपुर , परसवार, बरकोल, बोडरी , काला खजूरी, बाड़ी खजुरी,मुटकी, उगरा, सालो, गडीय़ा,बरीगांवा व अन्त में रामर गांव में जा कर समाप्त हुआ। टेहरी में उपस्थित जनसमूह ने त्रिपाठी का स्वागत गान गाकर व माला पहनाकर किया। त्रिपाठी ने कहा कि पिछले दस वर्षा में न विकास हुआ ना बेरोजगारों रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि जब मैं ग्रामीण विकास मंत्री था तो जेएसएलपीएस का गठन कर महिला स्वयं सहायता समूह का निर्माण किया व व्यवसाय के लिए योजना पारित किया, लेकिन दुर्भाग्यवश यह बस लोन दो और लोन भरो रह गया है। महिलाओं के प्रतिज्ञा के लिए मै प्रतिबद्ध हूं कि प्रत्येक महिला समूह को एक लाख रुपए का अनुदान देकर व्यवसाय को विकसित करने का कार्य करूंगा, ताकि परिवार में संपन्नता हो। उन्होंने नवयुवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिज्ञा में नवयुवकों के लिए प्रतिबद्ध हूं। नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

पांच मुख्य मुद्दों पर केन्द्रित है यह प्रतिज्ञा यात्रा

पूर्व मंत्री ने कहा कि यह यात्रा झारखण्ड के विकास से जुड़े पांच मुख्य मुद्दों पर केंद्रित है, जो युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण से जुड़े हैं। त्रिपाठी ने इन मुद्दों पर जोर देते हुए बताया कि यह यात्रा निम्नलिखित लक्ष्यों पर आधारित है जिसमें युवाओं को रोजगार मुहैया कराना, झारखण्ड आजीविका मिशन के तहत महिलाओं के लिए व्यवसाय हेतु 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना। किसानों के लिए सिंचाई की उचित व्यवस्था के लिए कोयल, ओरंगा, अमानत और सुकरी नदियों को जलाशयों से जोड़ना। बड़गड़ प्रखंड के छोटी नदियों पर चेकडैम बना कर सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था करना शामिल है। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सोमा टोप्पो,कौशर आलम, विश्राम बाखला,जितेंद्र चंद्रवंशी,अमोस मिंज, परमेश्वर सिंह,संतोष प्रसाद, पिंटू प्रसाद,अमृत तिर्की, मुकेश सिंह, मधुसुदन सिंह,सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

येचुरी का निधन वाम आंदोलन के लिये अपूरणीय क्षति

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। सीपीआई एम के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर सीपीआई एम के जिला सचिव जेपी गुप्ता के आवास पर शुक्रवार की शाम कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। मौके पर नेताओं ने कहा कि कामरेड येचुरी का निधन वाम आंदोलन के लिये अपूरणीय क्षति है,जिसकी भरपाई संभव नहीं है। सीताराम येचुरी जीवन पर्यंत शोषित पीड़ित,कमजोर वर्ग के लोगों के हक अधिकार के लिये संघर्ष करते रहे। उनका मानना था कि सरकारी योजनाएं यदि जन कल्याणकारी है तो उसे जमीन पर दिखना चाहिये। शोक सभा मे उपस्थित सदस्यों ने कामरेड येचुरी के सपनो को पूरा करने के लिये संघर्ष करते रहने का संकल्प लिया। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा शोकसभा में सीपीआई एम के जिला सचिव जय प्रकाश गुप्ता,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला,राजकुमार राम, देवीदयाल मेहता, बिरेन्द्र प्रसाद, कइल चौधरी, जवाहिर राम,गोलू ठाकुर,गोविन्द प्रसाद,अजय प्रसाद, शुभम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

मुखिया पति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। (गढ़वा) शनिवार को करिवाडीह बीडीसी विकास कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि गांव के ही मुखिया पति विनोद सिंह उर्फ बबन सिंह मुझे घर बुलाकर धमकी दी है। धमकी देते हुए कहा कि तुम पंचायत के कार्य में दखल अंदाजी कर रहे हो। सुधर जाओ अन्यथा तुम्हे बरबाद कर देगे। पंचायत के बीडीसी होने के नाते पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाता रहता हूं, जिसके प्रतिशोध में मुखिया पति मुझे बरबाद करने की धमकी दे रहे हैं। मुझे संदेह है की गांव के मुखिया पति होने से भविष्य में मेरे साथ कुछ भी घटना हो सकती है। जिसके पीछे मुखिया पति बबन सिंह का हाथ होगा।

पक्ष

दोनों के बीच बहस हुआ है। दोनो एक दूसरे के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। इसकी जांच कर रहे है। **रवि कुमार केशरी थाना प्रभारी खरौंधी**

पूर्व मुखिया के पिता निधन क्षेत्र में शोक की लहर

सगमा । धुरकी थाना क्षेत्र सगमा गांव निवासी व सगमा पंचायत के पूर्व मुखिया नारायण दास यादव के पिता 84 वर्षीय दलीपन प्रसाद यादव शनिवार को निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक वह काफी दिनों से बीमार थे। उनका इलाज रांची से चल रहा था। शनिवार को दो बजे उनका निधन उनके पैतृक आवास सगमा पर हो गया।

सांसद को सम्मानित करेगा चैंबर : आन्नद शंकर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। वंदे भारत ट्रेन को डालटगंज-गढ़वा रूट से चलाने की स्वीकृति मिलने पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने खुशी जाहिर की है। चेंबर की आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि पलामू के व्यवसाईयों का एक सपना था कि हमारे यहां से भी वंदे भारत ट्रेन चले। यह सपना सांसद विष्णु दयाल राम के अनवरत प्रयास के बाद अब पूरा होने जा रहा। चेंबर के सभी एग्जीक्यूटिव सदस्यों ने भी सांसद को बधाई दी है। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि 15 तारीख को जमशेदपुर में इस ट्रेन का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन जमशेदपुर से प्रातः 5:30 बजे रवाना होकर 10:42 में डालटनगंज होते 3:55 में मात्र 5 घंटे में पटना जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन सप्ताह में अभी 2 दिन चलेगी, जिसे कुछ समय के बाद प्रतिदिन करने की संभावना है। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि सांसद ने आस्वस्थ किया है कि अब एक बार वंदे भारत का डालटनगंज से संचालन शुरू होने के बाद बनारस का भी जल्द संचालन शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद से काफी उम्मीद है। आशा है जल्द प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर हवाई सेवा से भी जुड़ेगा, जिससे प्रमंडल के विकास को और भी गति प्रदान होगी। सभी उपस्थित सदस्यों ने कहा कि शहर को उपहार के रूप में वंदे भारत ट्रेन दिए जाने के लिए सांसद विष्णु दयाल राम का उनके मेदिनीनगर आगमन पर स्वागत करेगा। बैठक का संचालन चेंबर के महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। बैठक में काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

परेशानी

जल मीनार की टंकी गिरी, पेयजल की समस्या

मेंटनेंस कार्य एक सप्ताह के भीतर कराया जायेगा : प्रखंड समन्वयक

☐ **बाल-बाल बची महिलायें**

एकबाद बाईक रिपेयरिंग सेन्टर

नवीन मेल संवाददाता

केतार। केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव के बस स्टैंड के समीप पंद्रहवें वित्त की राशि से बने जल मीनार की टंकी शनिवार को फट गई। उक्त जल मीनार 4.20 लाख की लागत से बनाया गया था। शनिवार को गांव के कुछ महिलाएं जल मीनार के पास कपड़ा धो रही थी कि अचानक जल मीनार का टंकी तेज आवाज के साथ गिर गई । वहां खड़ी महिलाएं बाल-बाल बच गयी। ग्रामीण नगीणा बियार, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, अशोक पासवान, राम प्यारी चंद्रवंशी ने बताया की एक वर्ष पूर्व बनी पानी की टंकी का निर्माण घटिया स्तर का था। इस बात की शिकायत मुखिया और पंचायत सचिव से कई बार की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के गिरने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं राहगीरों को भी पेयजल के लिए परेशानी का समाना करना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में पंद्रहवें वित्त प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि संवेदक से इसका मेनटेनेंस कार्य एक सप्ताह के भीतर कराया जायेगा। जल्द ही दूसरी टंकी लगा कर पेयजल आपूर्ति शुरू करा दी जायेगी।

सड़क दुर्घटना से तीन लोग घायल

भवनाथपुर/खरौंधी (गढ़वा): मझिगावां निवासी आनंद साह (27 वर्ष), टिंकू साह (12 वर्ष) और गीता देवी (40 वर्ष) गणिनाथ पूजा महोत्सव कोन उतर से लौटते वक्त सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। यह दुर्घटना बैतरी मोड़ पर शाम साढ़े सात बजे की बतायी जाती है। घायल गीता देवी ने बताया कि हमलोग एक कार्यक्रम से घर लौट रहे थे । जहां बैतरी मोड़ पर उनकी बाइक टेम्पो की साइड से रगड़ा गया, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।आंनद का पैर पूरी तरह जख्मी हो गया है।

न्यूज बॉक्स

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में मिले 1012 आवेदन

केतार। प्रखंड के लोहरगाडा.पंचायत सचिवालय प्रांगण में शनिवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार -आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया निलम देवी , बीपीओ नीरज कुमार पाल, पंचायत सचिव राम सुरेश राम और आदित्य कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से आवेदन लेने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए राशन, पेंशन,अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा विभाग स्टाल लगाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने ग्रामीणों सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभागीय स्टाल पर आवेदन देने का अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा तीन महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में कुल 1012 आवेदन जमा हुआ। 14 मामले का आन द स्पॉट समाधान किया गया। इसमें अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 680 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं राशन कार्ड 4, गुरूजी क्रेडिट कार्ड 5, मंईयां सम्मान योजना 82, पशुपालन 56, पेंशन 144, पीएम किसान 34, मनरेगा 6 आवेदन जमा हुआ। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा,सीआई नागेंद्र पाठक, बीटीएम राकेश कुमार, पंचायत सचिव नवल-किशोर यादव,कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी,जयराथ अंसारी, रघुनाथ पाल, रमाकांत भारती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में सर्वाधिक आवेदन 466

रमना। पंचायत सचिवालय सिलीदाग में शनिवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 13 विभिन्न योजनाओं में कुल 653 ग्रामीणों नें आवेदन दिया। सुबह कार्क्रम शुरू होते ही अबुआ आवास के स्टाल पर आवेदकों की भीड़ लगी रही। सर्वाधिक आवेदन 466 अबुआ आवास के प्राप्त हुए। किसान क्रेडिट कार्ड -11मंईया सम्मान योजना के लिए 40, अबुआ स्वास्थ सुरक्षा योजना के 56 राशन कार्ड संशोध्रन के 24 तथा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 15 आवेदन प्राप्त हुए। इस शिविर की अध्यक्षता प्रमुख करुणा सोनी ने की । सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय,मुखिया अनीता देवी,रमना पंचायत मुखिया दुलारी देवी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। करुणा सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के द्वार पर पहुंच कर लोगो की समस्या का सामाधान कर रही किसी भी योजना कोई पैसा नहीं लगता है। वासुदेव राय नें कहा कि शिविर में लोगों के द्वारा दिए जा रहे आवेदन पर तत्काल काम हो इसके लिए सभी को सजगता से काम करने की आवश्कता है। शिविर का संचालन नाजिर रामानुज शुक्ल ने किया । इस अवसर पर पंचायती राज पदाधिकारी विक्रांत कुमार,हल्का कर्मचारी रामाश्रय सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार एवं सभी प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित थे। शिविर को जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह, सदस्य गोपाल साह, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी ने भी संबोधित किया।

ब्याहूत कलवार समाज करेगा आज भगवान बलभद्र की पूजा

श्री बंशीधर नगर। ब्याहूत कलवार समाज की ओर से 15 सितंबर दिन रविवार को आराध्य देव श्री बलभद्र भगवान की पूजा-अर्चना व अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत क्षेत्र के चचेरिया स्थित पोस्ट ऑफिस के निकट अलका मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। भगवान बलभद्र पूजा समारोह का आयोजन की तैयारी को लेकर गुरुवार को देर शाम में अलका मैरिज हॉल में युवा ब्याहुत कलवार समाज के अध्यक्ष उमेश कुमार चाहत की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में समाज के सभी लोगों से सपरिवार इस समारोह में शामिल होकर आनंद का भागी बनने की अपील की गई है। मौके पर उमेश कुमार चाहत ने कहा कि श्री बंशीधर नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य रूप से बलभद्र पूजा का आयोजन किया जायेगा। बैठक में कार्यक्रम की आखिरी रूपरेखा तय कर आयोजन समिति के सभी सदस्यों को अलग झ अलग जिम्मेवारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने बताया की सुबह 8 से 9 बजे तक श्री बलभद्र भगवान की पूजा अर्चना की जायेगी। वही 9 बजे प्रसाद वितरण होगा, समाज के गणमान्य लोगों के साथ 11 बजे विचार गोष्ठी एवं दोपहर 1 बजे महा प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उमेश चाहत ने इस कार्यक्रम में समाज के लोगों का शामिल होना अनिवार्य बताया गया है। बैठक में मुख्य रूप से रवि प्रकाश उर्फ बबलू, संतोष कुमार, नीरज कुमार, शुभम जायसवाल, अंकित कुमार, शुभम कुमार, अजीत कुमार गुरु, बहादुर प्रसाद, धीरज कुमार, पंकज कुमार, सूरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शिविर में 793 आवेदन आए, जिसमें 206 आवेदन का हुआ निष्पादन ,587 आवेदन लंबित

श्री बंशीधर नगर। नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत नरही गांव के पंचायत भवन परिसर में शनिवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता,20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, बीडीसी चिंतामणि देवी, उपमुखिया शारदा पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में 793 आवेदन आए जिसमें 206 आवेदन का निष्पादन किया गया तथा 587 आवेदन लंबित है। अबुआ आवास योजना 554, मनरेगा के तहत नये कार्य 7, मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड 19, राशन कार्ड नया व संशोधन 18, सर्वजन पेंशन योजना 75, पेयजल 8 एवं स्वास्थ जांच 112 आवेदन आए। जिसमें मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड 19, सर्वजन पेंशन योजना 75 एवं स्वास्थ्य जांच 112 का निष्पादन का किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। बीडीओ अदिति गुप्ता ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है,ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो सके। 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा की राज्य सरकार आम लोगो के लिए कार्य कर रही है। झारखंड सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है उसका भरपूर लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार, वेद प्रकाश रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, सत्नारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास मंत्रालय
भारत सरकार

प्रधान मंत्री
आवास योजना–ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

2 करोड़ नए घर
सुविधा संपन्न घर

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण
के अंतर्गत झारखण्ड राज्य के लाभार्थियों के लिए

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के द्वारा

32 हज़ार
आवासों के स्वीकृति-पत्र
का वितरण

₹ 32 करोड़
की पहली किस्त का डिजिटल ट्रान्सफर
सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में

46 हज़ार
पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश

वित्तीय वर्ष 2024-25 से
2028-29 के लिए कुल परिव्यय
₹3.06 लाख करोड़ रुपये

2 करोड़
अगले 5 वर्षों में बनाए जाएँगे
मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित
2 करोड़ अतिरिक्त नये आवास

घर पाने की प्रक्रिया हुई
और भी सरल - अयोग्यता के
मापदंड **13** से घटाकर किये **10**

पात्रता की आय सीमा
₹10 हज़ार से बढ़ाकर
की गयी ₹15 हज़ार

पीवीटीजी समूहों के लिए आरक्षित
किए गए **4.90 लाख आवास**

दिव्यांगजनों को
दी जा रही है प्राथमिकता

महिला सशक्तीकरण - पक्के आवासों
के स्वामित्व में महिलाओं को
दी जा रही है प्राथमिकता

2.66 करोड़
आवासों का निर्माण कार्य हुआ पूरा

- एलपीजी कनेक्शन
- पेयजल आपूर्ति
- शौचालय
- बिजली कनेक्शन
- सोलर पैनल द्वारा बिजली की सुविधा
- मनरेगा के तहत **मज़दूरी**

प्रधान मंत्री
आवास योजना–ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

सुविधा संपन्न घर

गरिमामयी उपस्थिति

श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखंड

श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड

श्री शिवराज सिंह चौहान
माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास
और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

श्री अश्विनी वैष्णव
माननीय रेल, सूचना और प्रसारण
और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री

श्री बिद्युत बरन महतो
माननीय सांसद, जमशेदपुर

15 सितम्बर 2024 | जमशेदपुर, झारखण्ड

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
डी डी झारखण्ड
यूट्यूब चैनल
डी डी नेशनल और **डी डी झारखण्ड**
पर देखें

एक घर अपना, अपनों के लिए

पर हमें फॉलो करे

https://rural.gov.in

CBC 35101/13/0005/2425

एक नजर

कांग्रेसी नेता ने जनसंपर्क यात्रा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

मेदिनीनगर। कांग्रेस नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी ने अपनी जनसंपर्क यात्रा के दूसरे चरण के सातवें दिन कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तालापारा, बरांव, ओड़नार, केवाल, जोगीआहा, बरवाही और बरवाडीह गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना और समझा। यात्रा के दौरान उनके साथ सुरेश आकीम, संतोष राम, जवाहीर भुईयां, प्यारी चौधरी, राम प्रीत चौधरी, युगेसर चौधरी, गोबिंद चौधरी, अमीरका चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

बांझपन का इलाज आशी केयर अस्पताल में संभव

मेदिनीनगर। आशी केयर अस्पताल में सोमवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक निःसंतान दंपत्तियों के लिए अवेटा हॉस्पिटल आईवीएफ (रांची) की चिकित्सकीय टीम द्वारा निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में निःसंतान दंपत्ति आकर निःशुल्क परामर्श का लाभ ले सकते हैं। शहर का सबसे अत्याधुनिक अस्पताल आशी केयर अस्पताल पांकी रोड, रेड़मा में आईवीएफ व आईयूआई तकनीक द्वारा संतान प्राप्ति का सुख प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के लिए 9060604072 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

जीएलए कॉलेज के जेएन दीक्षित छात्रावास में मना करमा पर्व महोत्सव

करम पूजा व्यक्ति को आध्यात्मिकता की ओर ले जाता है: डॉ. अंबालिका

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक करम डाली की पूजन विधि से आरंभ हुई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। करमा पूजा महोत्सव का आयोजन शनिवार को स्थानीय जीएलए कॉलेज के जेएन दीक्षित छात्रावास अखड़ा में हर्षोल्लास के मनाया गया। कार्यक्रम में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की डीएसडब्ल्यू डॉ. अंबालिका प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. ज्ञान चंद पांडेय, अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक करम डाली की पूजन विधि से आरंभ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. अंबालिका प्रसाद ने करम और पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति सरंक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि करम और पूजा का संयोजन व्यक्ति को सफलता और आध्यात्मिकता की ओर ले जाता है। समाज सेवी ज्ञान चंद पांडेय ने करमा व सरहुल के अखड़ा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस सांस्कृतिक धरोहर को बचाने की अपील की। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एसके मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन यह आश्वस्त करता है कि आदिवासियों के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहर अखड़ा को बचाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन कृतसंकल्प है। डॉ. कैलाश उरांव द्वारा करम गीत, अखड़ा व नृत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केजी हॉस्टल, ज्योति हॉस्टल, रेड़मा हॉस्टल , जेएन दीक्षित हॉस्टल एवं मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपने मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर अखड़ा की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में पर्यावरणविद डॉ. संगीता कुजूर एवं शालिनी मुर्मू ने प्रकृति रक्षा के संकल्प के तहत पौधा वितरण किया। नृत्य एवं गीत प्रस्तुत करने वाले सभी प्रतिभागियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंदु मिंज एवं आदेश तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिनी टुडू ने किया। कार्यक्रम इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. एके पांडेय, जीएलए कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. महेंद्र राम, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. रवि शंकर, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. आरके झा, डॉ. वीरेंद्र सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

करम प्राकृतिक आराधना का पर्व: अरुणा शंकर

मेदिनीनगर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भंडरिया प्रखंड के ग्राम नौका में करमा पूजा आयोजन समिति द्वारा आयोजित करम पर्व में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। प्रथम महापौर ने कहा कि यह पर्व पर्यावरण संतुलन के लिए पूर्वजों ने सात्विक भावना से वृक्षों को ईश्वर मानते हुए और नदियों को मां का दर्जा देते हुए त्यौहार को मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि करम प्राकृतिक की आराधना का पर्व है और भविष्य की आवश्यकता। आने वाले समय में जैसे-जैसे जल संकट गहराता जा रहा इस पर्व का महत्व बढ़ता जाएगा, जिसकी महत्ता कई वर्ष पहले पूर्वजों ने समझी थी। भंडारिया कर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष आनंदी सिंह खरवार, उपाध्यक्ष धनपत सिंह खरवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि कार्यक्रम में आमंत्रित किया कर बहनों के साथ बहुत दिनों के बाद झूमर खेलने का अवसर दिया। मौके पर मुख्य संरक्षक ब्रह्मदेव सिंह खरवार, विनय सिंह खरवार, जतन सिंह खरवार, कुलदीप सिंह खरवार, इंद्रदेव सिंह खरवार, राजदेव सिंह खरवार, बिरजू सिंह खरवार, विजेंद्र सिंह खरवार, पूरन सिंह खरवार, विजय केसरी, सुखलाल सिंह खरवार, मुखिया विनय सिंह, रूप निरंजन सिंह, राजेश्वर ठाकुर भाई, रामजी ठाकुर भाई, लक्ष्मण उरांव, अंबिका सिंह उपस्थित थे।

भाजपा सरकार बनने पर मंईयां सम्मान योजना से बेहतर योजना की घोषणा होगी: विकास प्रीतम

नवीन मेल संवाददाता

मेदीनीनगर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से बेहतर योजना लाई जाएगी। इसकी घोषणा और क्रियान्वयन सरकार गठन के पहले ही महीने में शुरू कर दी जाएगी। ये बातें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल के प्रभारी विकास प्रीतम ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यलय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति और कार्य में कोई अंतर नहीं है, जबकि हेमंत सोरेन की सरकार ने वादों की पोटली बांधकर जनता को गुमराह किया है। पिछले चुनाव में किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को अपनी पूर्व की योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था, न कि नई योजनाओं का दिखावा कर जनता को भटकाना चाहिए। उन्होंने हेमंत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले चुनावी घोषणाओं को पूरा न कर यह सरकार केवल जनता को धोखा दे रही है। संगठन में व्याप्त असंतोष को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी एक बड़ा परिवार है और ऐसे में संगठन के अंदर छोटी-मोटी बातों को अन्यथा नहीं लेना चाहिए। यह पार्टी का आंतरिक मामला है। विधानसभा चुनाव में उम्र को लेकर टिकट बंटवारे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इस चुनाव में उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। भाजपा की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार को टिकट देने की है। चाहे वह किसी भी उम्र का हो। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, शिव कुमार मिश्रा, अरविंद सिंह, ज्योति पांडेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष से मिले लोजपा जिलाध्यक्ष, दावेदारी पेश की

मेदिनीनगर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए डालटनगंज-भंडारिया विधानसभा से पार्टी की ओर से प्रत्याशी के रूप में अपनी दावेदारी पेश की। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान द्वारा आश्वस्त किया गया कि डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की ओर से एनडीए गठबंधन के साथ विचार के बाद मजदूर नेता राकेश सिंह को उम्मीदवार बनाया जाएगा। मौके पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह, पलामू महासचिव संतोष सिंह, मुन्ना लाल पासवान, मेदिनी नगर नगर अध्यक्ष शशांक सुमन उपस्थित थे।

जीवन के साथ चलते हैं सुख और दुःख:जीयर स्वामी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सिंगरा अमानत नदी तट स्थित चातुर्मास व्रत कथा में लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जीवन में सुख और दुःख की भी अहम भूमिका है। श्री सुखदेव जी महाराज राजा परीक्षित से कहते हैं कि जीवन दो पहियों की गाड़ी है। सुख और दुःख दो पहिये है, जिन पर जीवन चलता है। इसे ही हम धूप-छांव कहते है और इसे ही जीवन का उतार चढ़ाव भी कहते हैं। ये दोनों अवस्थाएं इन्सान की जिन्दगी में ढ़लती-फिरती छाया की तरह है। यह कहीं जाते नहीं है। हमेशा हमारे साथ ही रहते हैं। ऐसा भी देखने में आता है कि इन्सान अपने दुःख से इतना दुःखी नहीं है, जितना दूसरे की खुशहाली से दुःखी है। हर किसी को अपनी जिन्दगी में इन दोनों अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। अंतर बस इतना ही है कि ब्रह्म ज्ञानी और सन्त जन हर परिस्थिति में समान मनोस्थिति बनाये रखते है। सुख में फलते नहीं तथा दुःख में घबराते नहीं। उन्होंने कहा कि मानव के जीवन में बच्चों के जन्म उपरांत नामकरण संस्कार का बहुत बड़ा महत्व है। नामकरण संस्कार हिन्दू धर्म संस्कारों में पंचम संस्कार है। लड़का या लड़की के जन्म लेने के 11वें या 12वें दिन नामकरण संस्कार हो जाना चाहिये। बालक के नाम को भगवान के नाम से संबंधित नाम और बालिका के नाम को मां लक्ष्मी के नाम से संबंधित नाम को ही रखना चाहिये। अपने विवेक का विचार करते हुए नाम रखना चाहिये।

बाबा गणिनाथ जयंती का 40वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री श्री बाबा गणिनाथ महाराज का जयंती अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा तथा मध्यदेशीय वैश्य युवा समाज मेदिनीनगर के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय टाउन हॉल में धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मधेशिया समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में मध्यदेशीय वैश्य सभा के पदाधिकरियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर की गई। इसके उपरांत अभ्युदय स्मारिका का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान आईआईटी अखिल भारतीय स्तर पर 68वां रैंक हासिल करने वाले हर्ष कुमार शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व शोभा यात्रा बाबा गणिनाथ की शोभ यात्रा शहरी क्षेत्र में निकाली गई थी। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामदास साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष भीम प्रसाद, पलामू जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता, महामंत्री मनोहर कुमार लाली, पूजा कमेटी अध्यक्ष विशाल गुप्ता, पूजा कमेटी के महामंत्री मनोज प्रसाद, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, मधेशिया हलवाई समाज के अध्यक्ष अमर कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, पलामू प्रवक्ता महेंद्र प्रसाद, सूरज कुमार, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनोहर लाली ने किया।

प्रवीण तिवारी बने झामुमो युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झामुमो जिला कार्यालय में झामुमो युवा मोर्चा के कार्यक्रम में प्रवीण तिवारी को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान झारखंड के जेएचजीरो श्री नाम से मशहूर यू ट्यूबर फरहान खान व दर्जनों युवा झामुमो युवा मोर्चा में शामिल हुए। प्रवीण तिवारी ने उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए झामुमो युवा मोर्चा के प्रति आभार जताया। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा क प्रवीण तिवारी जैसे पढ़े लिखे तेज तर्रार और मेहनती युवा के उपाध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूत होगी। फरहान खान के युवा मोर्चा में शामिल होना काफी सुखद है। प्रवीण तिवारी और फरहान खान अपने दायित्व को निभाते हुए पार्टी का विस्तार करेंगे और झामुमो की विचारधारा के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाएंगे। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा कि विश्वास है कि प्रवीण तिवारी उपाध्यक्ष का दायित्व बेहतर निभायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, संयुक्त सचिव आकाश सिंह श्रेय, संजय चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, चैनपुर प्रखंड के सचिव रंजीत कुमार, शशि भूषण, अमन कुमार, अमर्त्य, दिव्यांक कुमार, शिवम कुमार, ऋतिक वर्मा, उपेंद्र शर्मा, पीयूष तिवारी, सत्या सिंह, नवल सिंह, मंदीप कुमार, शिवम वर्मा, इम्तियाज अली, शोएब खान, शकीब अली शामिल मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की। संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया।

ट्रेन की बोगी में गड़बड़ी आने से घंटों यात्री परेशान

हैदरनगर। डीडीयू रेलमंडल के बीडी रेलखंड पर हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मेमू सवारी ट्रेन के एक बोगी में तकनीकी खराबी आ गयी। जिसके कारण यात्रियों को दो घंटे से अधिक भूखे-प्यासे भारी कष्ट का सामना करना पड़ा हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार एक बोगी में तकनीकी खराबी आने से ब्रेक जाम हो गया और ट्रेन को आगे लेकर बढ़ना मुश्किल हो गया हैं। गड़बड़ी को ठीक करने के लिए तकनीकी एक्सपर्ट को बुलाया गया है। समाचार लिखे जाने तक ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी हैं ' यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 10 बजे के बजाय 3. 17 घंटे बिलम्ब से चलकर हैदरनगर स्टेशन पर रेलवे समयानुसार 13 बजकर 17 मिनट पर आकर खड़ी हुई।

हिन्दी हमारी पहचान

समाहरणालय में मनाया गया हिंदी दिवस, प्रस्तावना का किया गया सामूहिक वाचन

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है हिंदी: डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि हिंदी भारत की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है,यह देश की विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का काम करती है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वह शनिवार को अपने कार्यालय के सभागार में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा सरकार शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में व्यापक रूप से उपयोग की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमें हमारे विरासत की याद दिलाता है। भारत में हिंदी साहित्य का बहुत बड़ा योगदान है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक हिंदी साहित्य ने समाज को दिशा दी है। कबीर, तुलसीदास, प्रेमचंद महादेवी वर्मा और अन्य लेखकों और कवियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। कार्यक्रम में सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन ने हिंदी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने भी इस अवसर पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में हिंदी दिवस की प्रस्तावना का भी सामूहिक वाचन किया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला उद्यान पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में समाहरणालय कर्मी मौजूद थे।

हिंदी दिवस पर परिमल प्रवाह ने साहित्यकारों को सम्मानित किया

मेदिनीनगर हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यिक संवर्धन को समर्पित संस्था परिमल प्रवाह द्वारा बैरिया के ब्राइट स्टार स्कूल में स्थापना दिवस पर काव्य गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्रोफेसर सूर्यकांत चौधरी, विजय सरस्वती, प्रो. एससी मिश्रा, प्रोफेसर केके मिश्रा,हरिवंश प्रभात,उमेश पाठक रेणु ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप जलाकर कवि गोष्ठी की शुरूरुआत की। दीप प्रज्जवलन के बाद उपस्थित मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कवि गोष्ठी के पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साहित्य में अपनी अमूल्य कृति एवं योगदान के लिए प्रोफेसर एससी मिश्रा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भूतपूर्व शिक्षक कवि हरिवंश प्रभात, उमेश पाठक रेणु, बृजेश भावना सिंह, कवियत्री ममता झा को परिमल प्रवाह साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथियों को शॉल, मोमेंटो व सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परशुराम तिवारी ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की कविता की 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटन न हिय के सूल' पंक्तियां कहते हुए कहा कि अपनी भाषा की उन्नति के बिना किसी समाज का विकास संभव नहीं है। साथ ही, मातृभाषा के ज्ञान के बिना मन की पीड़ा को दूर करना भी मुश्किल है। हिंदी सबको जोड़ने की बात करती है। यह सभी भाषाओं की जननी है। इसके बाद कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कवियत्री जय लक्ष्मी ने स्त्रियों बुद्ध क्यों नहीं बन पाती कविता पेश की। कवि अंजनी कुमार दुबे ने करेगी सबकी दिल पर राज यह हिंदी मुक्तक काव्य का पाठ किया। वंदना श्रीवास्तव ने हिंदी है बिंदी पर लगी सुहाग सी है बोलने समझने वाले हैं हिंदी बहुत लोग, एमजी अजहर ने करें सदा हर काम में हिंदी का प्रयोग तथा हिंदी भारत की है शान समेत सभी कवियों ने कविता,गीत व मुक्तक पेश किया।

न्यूज बॉक्स

वाहन चोरी गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार

मेदिनीनगर। छतरपुर थाना गेट के सामने शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो बाइक सवार चार व्यक्तियों को संदेह पर पुलिस ने हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए चारों से उनके बाइक का कागजात मांगने पर नहीं दिखा सकें। बाइक की तलाशी लेने पर दोनों बाइक में दो-दो नंबर प्लेट लगा पाया गया। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे चोरी करने के इरादे से जाली नंबर प्लेट लगा कर पहले दुकान व संबंधित व्यक्तियों का रेकी करते हैं। मौका मिलते ही समानों का चोरी-छिनतई कर भाग जाते हैं। वे यह काम पिछले कई वर्षों से करें हैं। यह काम उन लोगों द्वारा झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा व अन्य राज्यों में साड़ी-कपड़ा बेचने के नाम पर एक माह के लिए किराये पर मकान लेकर क्षेत्र का रेकी करते है। फिर मौका मिलते ही दुकानों से चोरी व राह चलते लोगों से छिनतई कर भाग जाते हैं। इस तरह अगले माह दूसरे शहर में जाकर घटना को अंजाम देते है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर इनके पास से सोना, चांदी तौलने वाला दो इलेक्ट्रोनिक वेट मशीन, रिंच, लोहे का पंच बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों मे सिध्दांत राव उम्र 20 वर्ष,करण राव, उम्र 20 वर्ष, शांति दास उम्र 31 वर्ष, मनोज दास, उम्र 25 वर्ष सभी पुरबाकोट थाना कोरे, जिला जाजपुर (उड़ीसा) के रहने वाले हैं। इनके पास से दो बाइक जब्त किया गया है। पूर्व में भी चारों अपराधियों पर छतरपुर, नावाबाजार थाना मे भी कई मामला दर्ज है। जांच दल में पुअनि अनील कुमार रजक व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा ओबीसी अधिकार मंच: ब्रह्मदेव प्रसाद

मेदिनीनगर। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच राज्य की सभी 81 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में है। झारखंड राज्य ओबीसी बहुल है। इसलिए स्वाभाविक रूप से राजनीति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां अनारक्षित सीट होगी वहां ओबीसी प्रत्याशी देने की तैयारी करेंगे। इसके अलावा जहां आरक्षित सीट है, वहां ओबीसी एकता अधिकार मंच के समर्थित प्रत्याशियों को टिकट देने का काम करेंगे। वह शनिवार को पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में लंबे समय से यह प्रोपगेंडा फैलाया गया कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। उन्होंने दावा किया कि पलामू प्रमंडल में 11 सीटों पर ओबीसी अधिकार एकता मंच प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा हैं। पलामू प्रमंडल और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची सहित कई अन्य जिलों में ओबीसी की आबादी करीब 65 प्रतिशत है। पूरे राज्य के अन्य हिस्सों में आबादी करीब 52-53 प्रतिशत है। ओबीसी समाज के हक-अधिकार के लिए कृत संकल्पित हैं। ओबीसी समाज राजनीति में प्रमुख रूप से अपनी सहभागिता निभाएगा, क्योंकि हमारे समाज के बिना राज्य में सरकार नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि 2020 से लटक रहे नगर निकाय चुनाव को टालने का राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। झारखंड हाईकोर्ट में बार-बार सरकार को फटकार पड़ रही है। इसके बावजूद सरकार कोई न कोई बहाने बनाकर चुनाव से पल्ला झाड़ना चाह रही है। मौके पर0 श्रवण कुमार केंद्रीय महासचिव, राकेश कुमार, पंकज साहू, पंचू साहू, नवजीवन यादव, हरिनारायण प्रसाद, हिमालय कुमार, शुभम प्रसाद उपस्थित थे।

समय पर राशि का आवंटन नहीं होने से प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता नहीं हुई

मेदिनीनगर। झारखंड में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत 32 प्रतिस्पार्द्धाओं का आयोजन होना है। राज्य में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इस वर्ष भी अंडर 14,17,19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय सहित सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल होंगे। पलामू ज़िला में 13 सितंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह ने किया। प्रतियोगिता का समापन 23 सितंबर को होना है। पलामू के प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्पर्धा का आयोजन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थिओं को चयनित करना था। कुछ प्रखंडों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रखंड में प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हुआ। एपीओ जॉन मुत्थु ने बताया कि प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए निर्धारित राशि आवंटित नहीं होने की स्थिति में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हुआ।

बेटियां सशक्त व सुरक्षित: अविनाश देव

मेदिनीनगर। देश में लड़कियों के साथ हो रहे हिंसा और यौन शोषण के मद्देनजर संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चियों को जागरूक एवं जानकारी के लिए आवासीय परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के बतौर मुख्यतिथि सदर महिला थानेदार रूपा बखला उपस्थित थी। हॉस्टल के बच्चियों ने तिलक लगाकर,आरती उतार कर स्वागत गीत से अभिनंदन किया। प्रिंसिपल कुमार आदर्श देव ने पुष्पगुच्छ अंग वस्त्र देकर स्वागत किए। निदेशक अविनाश देव ने विषय प्रवेश कराया। महिला थानेदार रूपा बखला ने कहा कि देश में महिला हिंसा और यौन उत्पीड़न हो रहे हैं। अविनाश देव ने कहा कि बेटियां सशक्त व सुरक्षित होंगी तभी भारत देश सुरक्षित रहेगा। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्रांए उपस्थित थे।

राजहारा स्टेशन पर अंडरपास बनाने की मांग

नावाबाजार। धनबाद रेल मंडल स्थित राजहारा रेलवे स्टेशन जहां अंडरपास या ओवर ब्रिज निर्माण कार्य कराने की मांग लेकर स्थानीय लोग वर्षों से मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं मिल पाई। इतना ही नहीं स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव की भी मांग की जाती रही है। यह स्टेशन धनबाद रेल मंडल का सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला स्टेशन है। यहां से कोयला, गिट्टी आदि का रैक बाहर भेजा जाता है। राजहरा रेलवे स्टेशन ट्रिपल लाइन से जुड़ी हुई है। प्रत्येक 5 मिनट पर गाड़ियों का परिचालन होता है। ऐसे में रेलवे ट्रैक पर करना हर समय खतरों से भरा पड़ा है। रेलवे ट्रैक पार करने के लिए एक क्रॉसिंग भी अवस्थित है, लेकिन गाड़ियों की अधिकाधिक परिचालन होने के कारण प्रायः क्रॉसिंग बंद ही पाया जाता है। राजहरा से सटे कई गांव के लोगों को क्रॉसिंग पार करने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है।

योगी आदित्यनाथ के आगमन की तैयारियां तेज, बैठकों का दौर शुरू

भाजपा के परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होंगे सीएम योगी

> इसके अलावा झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहेंगे

भारतीय जनता पार्टी
जिला लोहरदगा

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में 26 सितंबर को परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोहरदगा आगमन की तैयारी को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जिलाध्यक्ष मनीर उराँव ने बताया कि आयोजित परिवर्तन संकल्प सभा मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह विशेष रूप से उपस्थित जन समूह को संबोधित करेंगे।

इसके अलावा झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस व राजद गठबंधन यह सरकार हर मोर्चे पर बिफल रही हैं। चुनाव पूर्व जनता से किये गए एक भी वादे को पूरा नही किया हैं। राज्य की जनता परिवर्तन चाहती हैं। परिवर्तन संकल्प सभा की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

जिसमें कुडू एवं पेशरार मंडल में बैठक 16 को, लोहरदगा ग्रामीण, नगर तथा सेन्हा प्रखंड में 18 को एवं किस्को प्रखंड में 19 को बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वही श्रीचंद्र प्रजापति कुडू, ब्रज बिहारी प्रसाद सेन्हा, मिथुन तमेडा व अनिल उरांव पेशरार, राजकिशोर साहू नगर, राकेश प्रसाद लोहरदगा ग्रामीण कैरो चंद्रशेखर अग्रवाल तथा भंडरा प्रखंड बिंदेश्वर उरांव को प्रभारी बनाया गया। बैठक में मोटरसाइकिल दस्ता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार प्रसार इत्यादि की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से ब्रजबिहारी प्रसाद, ओम प्रकाश सिंह,श्रीचंद्र प्रजापति, राजमोहन राम, राजकिशोर महतो, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, बालकृष्ण सिंह, नवीन कुमार टिंकू, बाल्मीकि कुमार, अनिल उराँव, पशुपति नाथ पारस, संजय प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक, प्रकाश नायक, शंभु सिंह, धीरज प्रसाद, ओम गुप्ता, अशोक साहू, सचिन कुमार, , सामेला भगत, वीणा बाखला, राजेन्द्र महतो, रामकुमार खेरवार, राजकुमार मुंडा, विवेक चौहान, कैलाश महतो, सुरेश बैठा,सत्यम कुमार आदि उपस्थित थे।

सिसई प्रखंड में उप विकास आयुक्त और एसडीओ ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद

सिसई। सिसई प्रखंड स्थित शिवनाथपुर पंचायत भवन में आज उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तों और एसडीओ सदर राजीव नीरज द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर जनसंवाद का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों का आवेदन छूट गया है, वे आज से शुरू हुए डोर टू डोर कैंपेन के माध्यम से अपना आवेदन दे सकते हैं। साथ ही, 18 सितंबर को आयोजित होने वाले 'सरकार आपके द्वार' शिविर में भी छूटे हुए आवेदक अपना आवेदन समर्पित कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दुर्गा पूजा कमेटी सेन्हा का अध्यक्ष बने रामलगन महतो

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा

आगामी दुर्गा पूजा को लेकर नवनिर्मित दुर्गा मंदिर प्रांगण सेन्हा में बैठक किया गया। इस दौरान पुराने कमिटी को भंग करते हुए नए कमिटी का गठन किया गया। दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक केन्द्रीय दुर्गा पूजा कमिटी लोहरदगा के सचिन साहू की अध्यक्षता में दुर्गा मंदिर सेन्हा में आहूत की गई। ग्रामीणो ने सर्वसम्मति से रामलगन महतो को अध्यक्ष,रंजीत कुमार साहू को सचिव और रवि साहू को कोषाध्यक्ष पद के लिए नाम चयन किया गया। नवचयनित अध्यक्ष रामलगन महतो ने कहा दुर्गा पूजा कमिटी का मुख्य लक्ष्य माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा और पुरे विधि विधान से पूजा पाठ करवाना तथा आकर्षक विधुत सज्जा की जाएगी। नवनिर्मित कमिटी इन सभी बिंदुओं पर विशेष रूप से प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए इस बार बेहतर तरीके से दुर्गा पूजा करवाने पर चर्चा किया गया। बैठक में पंकज कुमार, किनेश साहू, अजीत महतो, संतोष महतो, कमेश महतो, रूपेश महतो,उज्वल शुक्ला, ऋषभ कुमार, नवीन कुमार साहू, चंदन महतो वैभव जायसवाल सहित सेन्हा ग्रामवासी उपस्थित थे।

बिमरला में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ, शपथ व रैली का हुआ आयोजन

स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में लाने की जरूरत : किरण शंकर सिंह

स्वच्छता रैली
(स्वच्छता पखवाड़ा)
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
बिमरला बॉक्साइट माइन्स

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

रांची प्रक्षेत्र भारत सरकार के दिशा निर्देश पर मिनरल्स एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइन्स में स्वच्छता शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया। सहायक महा प्रबंधक किरण शंकर सिंह की अगुवाई में बिमरला में आज का कार्यक्रम का आयोजन समापन हुआ। मौके पर श्री किरण शंकर सिंह ने कहा कि हमें अपनी सोच और व्यवहार में लाने की जरूरत है। स्वच्छता सभी के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता के मूल को भी विस्तार पूर्वक जानकारी सबों को दी।

कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर अपने विचार दिए। सीएसआर विभाग के अभय भारती ने स्वच्छता शपथ कराया, जबकि नागेंद्र सिंह ने स्वच्छता रैली की अगुवाई की।

कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में एचआर विभाग के सहायक प्रबंधक अनुज सिंह ने स्वच्छता को प्रत्येक दिन अपने दैनिक जीवन में उतारने पर बल देते हुए कार्यक्रम के आयोजन पर सभी खान कर्मियों का आभार प्रकट किया। स्वच्छता रैली पर नागपुरी में भी नारे लगाए गए, जो बेहद पसंद किए गए।

कार्यक्रम में इनकी रही धर्मेंद्र सिंह, सुजीत झा, कृष्णा शर्मा, अंकित तिवारी, गीता कुमारी, अरुण यादव, बड़ी संख्या में खान कर्मी शामिल हुए।

न्यूज बॉक्स

राज्य की बदतर स्थिति को देखते हुए भाजपा ने कसी कमर : सचिन कुमार

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की बैठक बरवा टोली में रखी गई। बैठक में बहुत सारे बिंदुओं पर चर्चा की गई। सचिन कुमार ने कहा कि जिस तरह से हेमंत सरकार ने लोगों को भ्रमित करके वोट बटोरने का काम कर रही है। आने वाली आगामी चुनाव में जनता उसे नकार देगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। आज पूरे राज्य में करप्शन,धोखाघड़ी,हत्याएं, लैंड जिहाद, लव जिहाद, जैसी आनेको प्रकार की गतिविधियां राज्य में चल रही है। राज्य में हेमंत सरकार अपनी आंख बंद कर चुकी है। अब जनता समझ चुकी है की आने वाले आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में फुल बहुमत के साथ बनेगी। मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल हुए।

मंजूरमति उवि में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

लोहरदगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले मंजूरमती उच्च विद्यालय के प्रांगण में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रचना का प्रदर्शन किया। जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडेय ने कहा की प्रकृति पर्व करमा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। करम महोत्सव आदिवासी समाज के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जो प्रकृति और वृक्षों की पूजा पर आधारित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव सह पूर्व संस्थापक मदन मोहन पांडेय भी उपस्थित थे। सचिव ने कहा की भाई-बहन के स्नेह तथा प्रेम का प्रतीक करमा के मौके पर बहन अपने भाई की रक्षा के लिए करम डाली की पूजा करती है एवं भाई की कुशलता की कामना करती है। करम के मौके पर बेहतर फसल उत्पादन को लेकर करम देवता से प्रार्थना की जाती है. अभाविप जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा की इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए क्योंकि आज की युवा पीढ़ी ही सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा कर सकती हैं यही धरोहर हमे एक दूसरे से जोड़े रख सकती है। प्रतियोगिता में विद्यालय के सचिव मदन मोहन पांडेय के द्वारा जूनियर वर्ग से प्रथम पुरस्कार दीक्षा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार माही कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार हीना कुमारी को दिया गया ।

सीआरपीएफ ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई कार्यक्रम चलाया

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
सर्वदा श्रेष्ठ
स्वच्छता
BN CRPF, LO

लोहरदगा। सीआरपीएफ महानिदेशालय के निदेर्शानुसार 158 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा लोहरदगा बस स्टैंड पर स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत साफ-सफाई कार्यक्रम चलाया गया। लगभग एक घण्टे तक चले इस स्वच्छता अभियान में पूरे लोहरदगा बस स्टैंड में फैले पॉलिथीन, प्लास्टिक बॉटल्स, अन्य कूड़ा-करकट तथा किनारों में उगी घास को काटकर साफ किया गया । इस कार्यक्रम में 158 बटालियन सीआरपीएफ के साथ स्थानीय लोगों व स्वच्छता कार्यकताओं ने भी भाग लिया और स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस स्वच्छता अभियान के बाद स्थानीय जनता द्वारा इस कार्य की काफी प्रशंसा की गई।

जय श्रीराम समिति के कार्यालय का किया गया उद्घाटन

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के आगामी जिला स्तरीय चुनाव के मद्देनजर कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को हटिया गार्डन में किया गया। किसी भी संस्था के सफल संचालन हेतु एक कार्यालय बहुत ही आवश्यक होता है जहाँ संस्था के सदस्य बैठक कर आपसी विचार विमर्श कर सकें। इसी उद्देश्य से जय श्रीराम समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन सामुहिक रूप से जिला कुशवाहा समाज के अध्यक्ष शैलेश महतो,मुख्य संरक्षक राज किशोर महतो,पूर्व विधायक सह चुनाव प्रभारी रमेश उरांव,जय श्रीराम समिति के निवर्तमान अध्यक्ष राजीव रंजन, नंदलाल महतो,उमेश कांस्यकार, राजेश महतो द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन ने की।अपने संबोधन में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और समिति के चुनाव की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जमा हुए अबुआ आवास के भरे आवेदन कार्यक्रम स्थल पर बिखरे मिले

नवीन मेल संवाददाता। सिसई

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में जमा हुए अबुआ आवास के आवेदन कार्यक्रम स्थल पर बिखरे मिले, ग्रामीणों में आक्रोश सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत के पंडरानी गांव स्थित जगना बगीचा में 5 सितंबर को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विशाल जनसभा को संबोधित किए थे। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक, गुमला विधायक, सांसद, समेत गुमला जिला के प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद थे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी विभाग के द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। जहां ग्रामीण जाकर अपने आवश्यकता के अनुसार सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा कर रहे थे। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना का भी स्टॉल अलग से लगाया गया था। जहां ग्रामीण जाकर आवेदन जमा किए थे, परंतु प्रखंड प्रशासन और विभागीय लापरवाही के कारण जमा आवेदन को कार्यक्रम समाप्ति के बाद कार्यक्रम स्थल पर ही फेंक दिया गया था। आज दिन बृहस्पतिवार को पंचायत के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 सितंबर की सुबह को जब गांव के छोटे-छोटे बच्चे कार्यक्रम स्थल पर पानी बोतल चुनने पहुंचे थे। उस समय बच्चों ने चारों तरफ कागज और अबुआ आवास योजना का भरा हुआ आवेदन में आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड, जमीन का रशीद पिनअप किया हुआ पाया। मिले आवेदन पंचायत के अंतर्गत कोडेदाग, पंडरानी, शिवनाथपुर, नवाटोली, जलका, सहित पंचायत के सभी गांव के ग्रामीणों का है। बच्चों ने पानी बोतल के साथ कुछ दस्तावेज को कबाड़ी वाले के पास बेच दिया। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग अपने आवेदन को ढूंढने के लिए पहुंचे और उठाकर घर ले गए। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड सरकार एक तरफ गरीबों को योजनाओं का लाभ देने और विकास करने का बात करती है।

आवारा कुत्तों के कारण बाइक सवार गिरा, तीन घायल, महिला रेफर

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा

सड़क दुर्घटना में कल्हेपाट चौक के समीप ग्लैमबर बाइक सवार तीन व्यक्ति घायल हो गये. घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिये अस्पताल में कराया भर्ती कराया गया।सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक के समीप शनिवार को आवारा कुत्ता को बचाने के दौरान दुर्घटना हुआ।वही घटना के उपरांत ग्रामीणों ने एम्बुलेंस के माध्यम से सभी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां चिकित्सक डॉक्टर श्रेया कुमारी के निगरानी में इलाज किया गया।घायलों में एक महिला को गम्भीर अंदरूनी चोट लगने की बात बताते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया।घायलों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत आरेया निवासी शंभु लोहरा का 62 वर्षीय पत्नी मदनी लोहरा, भोला लोहरा का 30 वर्षीय पत्नी अनिता लोहरा तथा 13 वर्षीय पुत्र संतोष लोहरा के रूप में किया गया।जबकि अनिता लोहरा को अंदरूनी गम्भीर चोट लगने के कारण सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया है। बताया जाता है कि तीनों बिना रजिस्टेशन नम्बर के मोटरसाइकिल ग्लैमबर बाइक पर सवार होकर आरेया से बिशुनपुर जा रहे थे।उसी दौरान कल्हेपाट चौक के समीप आवारा कुत्ता को बचाने के क्रम में सड़क दुर्घटना हुआ और सभी मोटरसाइकिल सवार गिर कर घायल हो गये।

अज्ञात महिला के शव का हुआ शिनाख्त

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा

थाना क्षेत्र के चितरी कोयल नदी से शुक्रवार को अज्ञात महिला शव बरामद होने के उपरांत शनिवार सुबह सीठीयो निवासी के रूप में शिनाख्त किया गया.वही महिला को शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने की बात बताया जा रहा है।थाना प्रभारी अजित कुमार द्वारा शव पहचानी कराने का कार्य जारी था।उसी दौरान शनिवार सुबह में शव की पहचानी सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो ग्राम निवासी स्वर्गीय बढ़ही लाल साहू की पत्नी सुशीला देवी उम्र 65 वर्ष के रुप में किया गया।परिजन ने पुलिस को बताया की मृतक मंगलवार को घर से निकली थी।जो शारारिक एवं मानसिक रूप से कमजोर थी।और घर से कब निकली इसकी जानकारी परिजनों को देर शाम मिलने पर मंगलवार से ही खोज बिन किया जा रहा था।वही परिवार जनों द्वारा बताया जाता है।कि बीच बीच में भी घर से बाहर चली जाती थीं।और वापस आ भी जाती थीं। लेकिन मंगलवार को घर से निकली जो शुक्रवार तक घर नही लौटी खोज बिन के दौरान समाचार के माध्यम से शनिवार को पता चला की महिला का शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।तब महिला की पहचान ग्रामीण व परिजनों द्वारा किया गया।इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा की शव की पहचानी किया गया है।पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनो को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया जाएगा।तथा आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

कैरो में मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति का विस्तार, शरत विद्यार्थी बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा

दुर्गा बाड़ी कैरो में मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति की बैठक शनिवार को हुई।बैठक में दुर्गा पूजा का सफल आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, बुधवा उरांव, संजय महतो , महासचिव शंभू प्रसाद सोनी, सह सचिव रिंकु प्रसाद, अंकित साहु, कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद , सह कोषाध्यक्ष राज साहु, गौतम साहु, मीडिया प्रभारी रामप्रसाद पाल, बाबुलाल उरांव, पूजा प्रभारी ओम साहु, सह पूजा प्रभारी संजय साहु, वहीं कार्यकारिणी समिति में बिपिन सिंह, राजेश सोनी, राजेश साहु, कमलेश प्रसाद, संजय पांडेय, अशोक सोनी, मनोज साहू, मुरारी सोनी को बनाया गया। जबकि पंडाल प्रभारी जितेंद्र कुमार सुमन, ललेश पांडे, सुरेश प्रसाद, रावण निर्माण प्रभारी अनिल पांडेय, पंकज गुप्ता, राजेंद्र सोनी,जीतवाहन महतो, दिनेश साहू, प्रसाद वितरण समिति अंकित सोनी, शैलेश साहू, पंकज कुमार साहु, रवि रजक, विष्णु साहु, आनंद सोनी, भोला साहु, अमन पांडेय व संरक्षक की जिम्मेवारी गांव के गणमान्य को दी गई।

एक दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन आगामी 18 सितंबर को

गुमला। मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा गुमला शाखा के द्वारा एक दिवसीय निशुल्क कैंसर जाँच शिविर का आयोजन आगामी 18 सितंबर को स्थानीय महेश्वरी भवन में किया जाएगा।इस शिविर में सभी तरह की कैंसर से सम्बंधित जांच की जाएगी एवं जांच उपरांत आवश्यक सुझाव दिए जाएंगे जांच शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन चालू किया जा चूका है।रजिस्ट्रेशन के लिए संयोजक रोहित खंडेलवाल 7991176781 एवं अंचल अग्रवाल 9931199001 स संपर्क का सकते है। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सचिव संजीव मालानी ने जानकारी देते हुए कहा की युव मंच द्वारा पूर्व में भी 2 बार इस तरह का आयोजन किया जा चूका है।

परंपरा एवं संस्कृति का संवर्धन करें, परंपराओं में निहित है जीवन मूल्य : लक्ष्मी नारायण भगत

लोकगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में विजेता रही रीतु और उनकी टीम

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदिवासी पड़हा समिति के बेल लक्ष्मी नारायण भगत, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, विद्वत परिषद के सदस्य गोरख पांडेय, वनवासी कल्याण आश्रम के पूर्ण कालिक कार्यकर्ता कृपाशंकर सिंह , सुमन राय, रेणु अग्रवाल, कनकलता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, ममता सिंह, नीरा सिंह, आशा पांडे के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ` अतिथि परिचय और स्वागत प्रीति कुमारी गुप्ता ने कराया। सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र भेंट करके किया गयो कविता कुमारी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। लोक नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता में रीतु एवं उसके समूह विजेता और सुचिता एवं उसके समूह उपविजेता रही सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गयो कार्यक्रम में सभी समूहों की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण भगत ने मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरखों की धरोहर को हमें बचा कर रखना है' हमारे पूर्वजों ने जो संस्कृति हमें प्रदान की है उसे हमें अपनी अगली पीढ़ी में प्रसारित करना है।

मुखिया की पहल पर ग्रामीणों ने श्रमदान कर कीचड़युक्त सड़क पर डाला मोरम

नवीन मेल संवाददाता। भरनो

भरनो प्रखंड के दक्षिणी भरनो पंचायत अंतर्गत सत्तीटोली गांव की कच्ची सड़क बरसात के दिनों में कीचड़युक्त व जल जमाव से जगह जगह गढ़ा हो गया था,जिससे गांव के ग्रामीणों को आना जाने में काफी परशानियो का सामना करना पड़ रहा था,ग्रामीण बार बार स्थानीय विधायक,सांसद और प्रखंड प्रसाशन से इस सड़क को पीसीसी या पक्कीकरण कराने की मांग कर रहे थे,जिसे संज्ञान में लेते हुए मुखिया ने एक दिन पूर्व सड़क ही इस स्थिति को लेकर दक्षिणी भरनो पंचायत की मुखिया ललिता देवी गांव पहुंची और सड़क का जायजा लिया इसके बाद उनके द्वारा ग्रामीणों के साथ सत्तीटोली गांव बैठक भी किया गया था। जहां उन्होंने ग्रामीणों को सड़क की मरम्मती का आश्वासन दिया।और शनिवार को प्राकृतिक पर्व करमा को देखते हुए उनके पहल पर सत्तीटोली गांव के युवाओं व अन्य ग्रामीणों के श्रम दान से सड़क पर जहां जहां गढ़ा हो गया था वहां मोरम डाल कर काम चलाऊ सड़क की मरम्मती किया गया।इसी पीसीसी या फिर बेहतर सड़क बनने को बात कही गई।इस मौके पर समाजसेवी शिव केशरी सहित श्रमदान करने वालों ग्रामीणों में दालू उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भरनो के खरवागढ़ा के पास दो बाईकों की सीधी भिंडत में एक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

> तीनों को भरनो अस्पताल से किया गया रिम्स रांची रेफर

नवीन मेल संवाददाता। भरनो

एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के खरवागढ़ा के समीप शुक्रवार की देर शाम को दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर में एक बाइक चालक की मौत हो गई,जबकि दूसरे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सिसई प्रखंड के करकरी बुड़का गांव निवासी जितेंद्र उरांव (22)के रूप में हुई है,जबकि बाइक में सवार भरनो नवाटोली निवासी अजय लोहरा (27), लेकोटोली निवासी विजय लोहरा उर्फ गोलू(21) और भरनो टेटंगाटोली निवासी बाबूलाल उरांव(30)शामिल है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को कुसुम्बाहा बाजार से एक ही बाईक में सवार होकर अजय लोहरा,विजय लोहरा और बाबूलाल उरांव भरनो की ओर आ रहें थे तभी खरवागढ़ा के पास सामने से आ रहे दूसरे बाइक चालक जितेंद्र उरांव से सीधी टक्कर हो गई,टक्कर इतना जोरदार था दोनो बाईकों में सवार सभी चारो लोग सड़क पर इधर उधर गिरकर तड़प रहे थे, जबकि दोनो बाईकों के पचखडे उड़ गए।दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को ऑटो में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया गया,जहां जितेंद्र उरांव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि अजय,विजय और बाबूलाल को प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।दुर्घटना की सूचना मिलने पर भरनो पुलिस भी घटना स्थल पहुंचकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाईकों को अपने कब्जे में कर लिया।

यात्रा वृत्तांत

कांची नदी के जल से निर्मित फॉल के दस धाराओं में गिरने के कारण इसे दशम फॉल कहा गया है।

अनिता रश्मि

जितना देखो, जिधर देखो, जब-जब देखो, मन की जमीन पर हर बार अँखुआ ही जाता है, हमारा झारखंड बेहद खूबसूरत है। नदी, पठार पर्वत, जलप्रपात, घाटियाँ, वन बाँहें फैलाकर बुलाते हैं यहाँ। पर्यटनाकाश पर चमकने को बेताब है झारखंड!

बहुत दिनों से राँची के आस-पास के प्राकृतिक स्थलों के नवीनतम बदलाव से मिलने की इच्छा थी। पहले भी कई जलप्रपातों के सौंदर्य में भटक चुकी थी। यथा हुंडरू, जोन्हा, पंचघाघ, सीता फॉल, तमासीन, गोवा आदि। इधर फिर से इच्छाएँ जोर मारने लगीं। और हम छः लोग पहुँच गए रांची-जमशेदपुर मार्ग पर रांची से 45 कि. मी. दूर बुंडु स्थित दशम जलप्रपात। रास्ते में तैमारा घाटी की अद्भुत रमणीयता आँखों में बसा लिया था। कांची नदी के जल से निर्मित फॉल के दस धाराओं में गिरने के कारण इस नाम से नवाजा गया था। हमारी मंजिल फॉल का निचला हिस्सा। सामने था, बेहद-बेहद खूबसूरत विहंगम दृश्य दशम का। ढंग से बनाई गई सीढ़ियाँ, विभिन्न प्वाइंट, जहाँ से प्रपात का दर्शन सुलभ। हम इस बार नीचे से पत्थरों पर नहीं चढ़ रहे थे, ऊपर से उतर फॉल को करीब महसूस कर रहे थे। हर प्वाइंट से दिखलाई पड़ रहा था। झरनों से गिर कांची नदी सामने जिधर बहती-लचकती बढ़ गई थी, वह भी साफ नजर आ रहा था। घनघोर जंगल भी। अन्य झरना चट्टानों के बीच-बीच से फूटता नजर आ रहा था। लाख छटपटाती रह गई, सीढ़ियों से या नीचे से इन निर्झरों का स्त्रोत पता नहीं चल पाया। नवनिर्मित पार्क, जंगल का अद्भुत विस्तार पर्यटकों की किलकारियों से गूँज रहा था। सबको स्वच्छता का ध्यान रखना था...पूरी व्यवस्था थी। कुछेक आदत से लाचार लोगों को छोड़ सब ध्यान रख भी रहे थे।

हम एकदम नीचे जाकर झरने का आन्नद ले रहे थे। काफी समय वहाँ बिताया। ठंडी उज्ज्वल फुहारें आनन को भिगो उस कानन में एक अजीब तंद्रील अवस्था का सृजन कर रहीं थीं। जमा था वहाँ वनस्पतियों के कारण गहरा हरा जल। नदी झरने के रूप में गिरने के बाद आगे दूसरी दिशा में गहरी घाटी के मध्य बढ़ चली थी। दोनों ओर विटपों का भरा-पूरा संसार उन्हें जोहार कह रहा था।

प्रकृति सदा आपको अलग तरह की अनुभूति से सराबोर कर देती है। आप नवीन ऊर्जा, उत्साह और प्रसन्नता से भर उठते हैं। अपनेआप से मिलने का यह अनुभव अछूता है। मौन साधक से बैठे हम देर तक अपने अंदर और प्रकृति के बीच के रिश्ते में खोए रहे। भीतर एक मौन, एक शांति व्याप्त, बाहर अनहद नाद! कुछ की हँसी, कुछ पर्यटक मौन साधना में रत! शांति के बीच हाऽऽ-हीऽऽ! का भी बाजार गर्म। वहाँ से वापस सीढ़ी पर बढ़ते हुए चट्टानों में फूटते जीवन को देखती रही। जीवन का संदेश दे रहे हों जैसे। कहीं कठोर पाषाण को फाड़ उगता कोई नव कोंपल...कहीं पाषाण के टुकडे.पर लहराता हरियाला बड़ा गाछ, तो कहीं अभी-अभी ठूँठ से जन्म लेता जीवन। मोबाइल में कैद होते रहे दृश्य। आँखों के रास्ते दिल में जगह बनाते रहे।

स्थानीय लोगों को यहाँ रोजगार मिला है। कुछ विविध दुर्लभ वनोत्पाद बड़हर, पियार पिठौर, बेर, पपीता आदि की भी बिक्री कर रहे थे। गाइड, गोताखोर, स्थानीय आदमी जगह-जगह तैनात। अच्छी व्यवस्था पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए। लौटते हुए दशम फॉल के ऊपरी हिस्से पर भी जाने का फैसला खुशियों से भर रहा था। ऊपर से नए बने रेस्तरां की छतरियाँ, काँची नदी बुला रही थी। ऊपर से गहरे झरने को ज्यादा पास से अच्छी तरह देख पाने का लालच भी कम नहीं था। वहीं से तो नदी चट्टानों को तोड़ती-फोड़ती निर्झर के रूप में ढल जीवन की गतिशीलता से रू-ब-रू करानेवाली थी। जिजीविषा को जगानेवाली कि ऐसे ही राहें बनाई जाती हैं बिना रुके, बिना ठिठके, बिना झुके। वहाँ जाने को सीढ़ियाँ नहीं थीं, थे पथरीले रास्ते। हम वापस लौट, वहीं दाहिनी ओर से फूटे उबड़-खाबड़ कच्चे रास्ते पर बढ़े। जगह-जगह खाने-पीने की व्यवस्था। स्थानीय लोग ऑर्डर पर घरेलू भोजन कराते हैं। विभिन्न जगहों पर बाँस गाड़, प्लास्टिक लगाकर भोजनादि बनाने की तैयारी। बहुत कम कीमत पर वे भोजन बनाकर खिलाते हैं। कृशकाय बूढ़ा गाछों की ठंडी छाँव तले अपने हरे टेंटनुमा आशियाने के बाहर बैठा ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। इंतजार सदा सुखद नहीं होता, उस बूढ़े के पेशानी पर पड़े भल बता रहे थे। नीचे निर्झर के पास खाना बनाना मना हो गया है अब।

सामने कांची नदी का अद्भुत विस्तार अभी सिमटा हुआ। पानी भरने पहुँची स्त्रियां, बच्चियां, चट्टानों पर कूदते-फाँदते बच्चे, तटिनी पारकर ऊपर छतरियों के निकट जाते लोग। इतना स्वच्छ नीलाभ जल कि बालू, चट्टान, पत्थर, खर-पतवार अंदर से झाँककर आमंत्रित कर रहे थे। झारखंड में कँगारु के बच्चों की तरह पीठ पर बेतरा में बच्चों को बाँधकर निरंतर खटती हुई स्त्रियों का संसार आसानी से नजर आ जाता है। यहाँ भी बेतरा बाँधे दो-एक जनीमन दिखलाई पड़ीं। हम वहीं पत्थर पर बैठ स्वच्छ, पारदर्शी जल को देखते रहे। चट्टानों की दखलअंदाजी से काँची बहुत आहिस्ते-आहिस्ते बह रही थी।

'हाँ! बैठे रहो सब। प्रकृति के सान्निध्य में देर तक उसके अनहद नाद को सुना जाए, महसूसा जाए।' - मन में। 'आस-पास आकाशचुम्बी लाल-लाल पत्तियोंवाले कुसुम, यूकलिप्टस और अन्य विटपों की मासूमियत को परखा जाए, भोले-भाले वासिंदों के साथ समय बिताया जाए।' यह भी मन में था।

कुछेक आदिवासी किशोर धड़ल्ले से चट्टानों पर हिरण-सम कुलांचें भर रहे थे। कोई भय नहीं, कोई बाधा नहीं। जैसे रोजमर्रा का काम। ऐसे ही नहीं इन्हें वनवासी कहा जाता है। वन्य जीवों का सान्निध्य मिला हो जैसे और उन्होंने सीख लिया हो जंगल-पहाड़ों पर सहज कूदना। दिवाकर अपना तेज समेट रहा था और मुझे हर कीमत पर रास्ते के किंशुक (पलाश) को मोबाइल में कैद करना था। आस-पास गांवों की उपस्थिति और विकास के कारण यह जगह गुलजार हो चुकी है। अब वहां भय का वातावरण नहीं। हर साल बलि लेता है दशम। - सब कहते थे। लेकिन अब नहीं। चाक-चौबंद व्यवस्था। बहुत सारे पर्यटन मित्र रक्षक! बलि के पीछे की भी एक लोककथा यहां करवट लेती है।

कछ लोग इसे मुंडारी के दाः (पानी) और सोम (जमाव) से बना बताते हैं।

दस धाराओं का सौंदर्य

लोककथा : यहाँ सांदु-नवरी की प्रेमकथा आकार लेती रही है। अपनी साँवली-सलोनी प्रेयसी नवरी से मिलने बाँसुरी वादक सांदु कांची नदी से निर्मित झरने को लता के सहारे पारकर रात में ऊपर पहुँच जाता। सांदु मुंडा बाँका छैला...उसके बिना गाँव का हर आयोजन अधूरा!...हर समय फेंटे में बँधी रहनेवाली बंसी में ऐसी धुन निकालता कि सब मंत्र-मुग्ध!...उसके छैल-छबीले स्वभाव के कारण ही सब उसे छैला कहते। उसकी बाँसुरी की तान में राधा की तरह दीवानी उसकी प्रेमिका नवरी उस साँवले कृष्ण से मिलने को बेताब रहती थी। गाँववालों को उनकी रासलीला रास नहीं आ रही थी। लता के सहारे झरना पारकर अपनी प्रेमिका से मिलने जाता है छैला, शोर था। मन ही मन उसे प्यार करनेवाली उसकी भाभी के दिल में यह बात शूल की तरह चुभती। उसने हमेशा चाहा कि वह नवरी से नहीं मिले। लेकिन सांदु-नवरी का प्रेम अमर! अंततः एक रात बाँसुरी कमर में लटकाए छैला बने सांदु को झरना पार करते देख भाभी जल-भुन गई। उसने एक धारदार चाकू उठाया और चल पड़ी काँची नदी की ओर। उसने लता रेत दी। झरने के पास से दर्रे में गिरकर छैला की दर्दनाक मौत हो गई। बाँसुरी की मीठी तान मौत की चीख बन गई सदा के लिए। सब कहते थे, आज भी सन्नाटा में बंसरी का मीठ तान सुनाई पड़ता है। ऊ छैलवा अब भी मुरली बजाता है। खैर! अब हम वापसी में जगह-जगह पुराने ढंग के साफ-सुथरे घर, खलिहान, ज़िंदगी को आसान बनानेवाली बकरी-छगरी, मुर्गे-बत्तख प्रकृति की गोद में सुस्ताते हुए मिले। कहीं-कहीं झोपड़ियों की मिट्टी की भीत पे सोहराई पेंटिंग की चमक। बुल्लू इमाम और उनके बेटे-बहू की निरंतर कोशिश से यह धमक दिल्ली सहित देश-विदेश तक पहुँच गई है आज। झारखंड की कोहबर, सोहराई कला काफी प्रसिद्ध। हाँ, प्राकृतिक रंगों की जगह अब सिंथेटिक रंगों ने ले ली है। वही हिरण, हाथी, मोर, बाँस, चिड़ियाँ-चुरुँग, बीर-बुरु (पहाड़), परब-त्यौहार और पारंपरिक खेती की चटख उपस्थिति दीवारों को अजब खूबसूरती प्रदान करती है।

खुद से मोह



अरे!
कब तक अलापते रहोगे एक ही राग
कब तक इस दम्भ में रहोगे
तुम्हारे कदमों से आगे
कोई कदम बढ़ नहीं सकता
तुम्हारी पोटली से भारी
कुछ नहीं हो सकती
और तुमसे ज्यादा मॉडर्न कोई
हो नहीं सकता
अरे!
सूर्य की पहली किरण के साथ
जगना सीखो
दोनों आंखें खोलकर देखना सीखो
तब देखो क्या होती है असली खुशी
क्या होती है समृद्धि
तब तुम्हारे मन - मस्तिष्क के
अंधेरों का पता चलेगा
और तब तुम्हें दिखेगा
दम्भ से बनी दीवारों का दरकना
समझ सकोगे अपनी चाल
और उल्टी दिशा में तुम्हारे
बढ़ते पाँव।

सारिका भूषण

समानता

बेतरतीब दिख रहे हैं सारे पौधें
दरकें हुए हैं गमले
सूखी पत्तियां भी दिख रहीं
जमीन की मिट्टी भी सख़्त है
लगता है कोई देखने वाला नहीं
खूबसूरत फूल तो लगे हैं
पर इनकी खूबसूरती निखारने वाला कोई माली नहीं
अजीब था यह अहसास
अफसोस हो रहा था
इस गेस्ट हाउस की बगिया को देखकर
तभी अचानक इन फूलों के बीच
मैंने एक कैक्टस को देखा
बगीचे के बीचोंबीच
पूरी तरह तन कर खड़ा था
कंकड़ , पत्थर और दरकी जमीन में भी
चारों ओर अपनी जड़ें फैला कर
अकड़ कर खड़ा था
मुझे एक अजीब सी
समानता का आभास हुआ
गेस्ट हाउस के सटे मैदान में
अपने मटमैले कपड़ों के संग
खेलती लड़कियों को देखकर
जो तन कर खड़ी थीं
और उनकी चंचल आंखें
भविष्य में अपनी जगह बनाने को बेचैन थीं।

पिता

पुष्पा पाण्डेय

'पिता' शब्द सुनते ही एक सुरक्षा-कवच का आभास होता है। माँ सर्वोपरि है,यह सर्व मत स्वीकार्य है। सभी ने माँ की ममता, त्याग और बलिदान का जमकर गुणगान किया है। शास्त्रों ने भी माँ को सर्वोपरि माना है, लेकिन माँ के बाद इस जगत में यदि किसी का स्थान है तो वो पिता का है। पिता के बाद ही गुरु का स्थान आता है। जितनी उदारता से माँ की महिमा का गान हुआ है,उतना पिता का नहीं। पिता हमेशा नेपथ्य में ही रहा। बच्चों के लिये हजार सपने संजोये खामोशी से कठोरता का अभिनय करते हुए हमेशा भौतिक सुख-सुविधाओं की चिन्ता करता रहता है। जीवन की जंग सिर्फ.प्यार और दुलार से ही नहीं जीता जा सकता है। उसके लिये कड़े अनुशासन में रहकर सभी प्रकार के नियमों का पालन करना पड़ता है। परिश्रम जीवन का मूल मात्र है। ये सभी मंत्र पिता के संरक्षण से ही प्राप्त होता है। पिता नारियल की तरह है। ऊपर से कठोर ,उसके बाद कोमल और भीतरी तह से अपार स्नेह द्रवित होता रहता है।

जिस तरह पिता अपनी संतान के लिये अपना सबकुछ न्योछावर कर देता है उसी तरह कई ऐसे उदाहरण हैं जिसने पिता की आज्ञा को ही सर्वोपरि माना। राजा 'पुरू' ने तो अपनी जवानी अपने पिता 'ययाती' को देकर स्वयं बुढ़ापा को अपनाया। परशुराम जी ने पिता की आज्ञा से अपनी माता तक की हत्या कर डाली। पितृ भक्त महापुरुषों की कमी नहीं है। श्री राम ने भी तो पिता की आज्ञा से ही वन गये थे। जिस तरह सूर्य के बिना जीवन सम्भव नहीं है उसी तरह पिता के बिना भी जीवन सम्भव नहीं है। सूर्य की किरणें सर्दियों में बड़ी मनभावन लगती है, लेकिन वही किरणें गर्मियों में बेचैन कर देती है, उसी तरह पिता का प्यार भी कभी कंधे पर बैठाता है तो कभी अनुशासित करने के क्रम में डंडित भी करता है। पिता नहीं तो संतान नहीं और सूर्य नहीं तो धरती पर जीव नहीं।

नजरिया

गीता दुबे



सड़क किनारे बनी पार्किंग एरिया में कार पार्क कर वह जैसे ही जाने लगा म्युनिसिपैलिटी का लड़का अपनी हाथ में रसीद और पेन लिए दौड़ा-दौड़ा उसकी ओर आया और उसकी गाड़ी का नंबर नोट करते हुए कहा--5 रु साहब 5रु ..

रसीद लेने से इंकार करते हुए उसने कहा- 'काहे का पाँच रूपए' अरे पाँच मिनट के लिए ही तो गाड़ी लगाई है, मैं वह पास वाली दुकान में बस यूँ गया और यूँ आया।

'नहीं साहब रसीद तो लेनी ही पड़ेगी, पाँच मिनट हो या पाँच घंटे मुझे ऑफिस में पैसे जमा करने पड़ते हैं न साहब, लड़के ने रसीद देते हुए कहा।

यह सुन वह आग बबूला हो गया और चिल्लाते हुए बोला 'मुझे कानून सिखाता है तू, मैं खूब जानता हूँ तुम जैसों को, इसी तरह पैसे लेकर अपनी जेब गरम करते हो'

लड़के ने कहा- 'साहब गुस्सा बाद में होना, पहले यह रसीद ले लो'

लेकिन उसने लड़के की न सुनी और यह कहकर चला गया कि लौटकर देता हूँ, वापस आने पर उसने अपनी कार स्टार्ट की और जाने लगा, मुनिसिपैलिटी का वह लड़का आवाज लगाता रहा - साहब पांच रु-- साहब पांच रु -- लेकिन वह उसे अनसुनी कर चलता बना दफ्तर में कुछ देर काम करने के बाद वह चाय पीने कैंटीन पहुंचा, चाय पी लेने के बाद उसने चाय वाले से कहा- अरे, चाय तो मैंने पी ली लेकिन पांच रु छुट्टे नहीं हैं मेरे पास। इसपर चाय वाले ने कहा-ह्य कोई बात नहीं साहब, नहीं है मत दो या कल दे देना पांच ही रु की तो बात है, कौन सी बड़ी बात हो गई।

सत्या सिन्हा

बाबुल की बिटिया

अमरबेल-सी फैल गई है मेरी गृहस्थी,
हर कोने को बड़े ही करीने-से सजाया है,
कहने को तो मालकिन कहलाती,
पर जिम्मेदारी की मकड़जाल में खुद फंसकर रह जाती।
तू भले ही मुझे दूसरे की अमानत समझे,
पर मेरी हर गलितयों की तार तुझ तक खींच लाती।
हुनर दिखाकर शाबाशी भले ही नहीं पाती,
पर गलती होने पर झट से बाबुल की बिटिया कहलाती।
राजा जनक जब न दे सके बिटिया को वास,
तो बाबा कौन बताए बिटिया को खास ?
भूले-बिसरे किस्सों को संदूक में रख जाती,
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाती।
विदा होते समय आंगन में छोड़ आई थी जो नाम, अब नई पहचान से जानी जाऊंगी।
इस बात को मैं कब और कैसे झूठलाती ?
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाती।
कमाकर जो कुछ भी लाऊं, इस नये संसार में लगाऊं, तेरी दवा-पानी को पूछ लिया तो खुद को कठघरे में खड़ा पाऊं ?
वाद-विवाद में चुप रहूं तो समझदार, बोल उठूं तो संस्कारों की टिप्पणी पाऊं?
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊं।
कोई कुछ भी कहे, पर आज मैं सच्ची बात बताऊं ?
तेरे दिए हुनरों से जिंदगी की रंगीन तस्वीर बनाऊँ,कहकर नहीं , कुछ करके भी दिखाऊं,
बाबा बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊं।

मैं मां हूं

नीता सागर चौधरी

मिस्टर एंड मिसेज शालिनी आप लोग मेरे बात को जरा गौर से सुनिए,बच्चे का मूवमेंट बहुत कम है। इस बच्चे कोई ना कोई अंग शायद ठीक नहीं है। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तो यही कह रहा है। मैं तो कहूंगा इस बेबी को आप एबरशन करवा लीजिए। जन्म देने के बाद इस बच्चे को आप ही के देखरेख में हमेशा रहना पड़ेगा।

शालिनी बोली मेरा बच्चा। मैं जीते जी इसे एवरशन नहीं करूंगी। यह मेरा कोख में पलेगा और मैं इसे जन्म भी दूंगी। इतना विश्वास है मुझे। क्या कर रही हो शालिनी? डॉक्टर साहब तो ठीक कह रहे हैं। हमारी अभी 2 साल ही हुए शादी के। अगर विकलांग एक बच्चा हो जाए तो हमारी जिंदगी कैसी होगी तुमने कभी सोचा है? आप एक पिता होकर ऐसी बातें कर रहे हैं ? शायद आप पिता है, इसलिए कह पा रहे हैं। मेरा कोख में जब से बच्चा आया मैं तो उससे जुड़ चुकी हूं। ना ना मैं तो उसे जन्म देकर ही रहूंगी। भले सारा जिंदगी मैं उसके नाम कर दूंगी।

जैसी आप लोगों की मर्जी । पर विकलांग बच्चों को पालना आसान नहीं होता मिसेज शालिनी जी।

आप कोशिश करें कि मैं बच्चे को जन्म दूं। मुझे और कुछ नहीं कहना।

बच्ची का जन्म हुआ और पता चला वह जन्म से अंधी है।

परिवार के लोग नाखुश थे यहां तक पतिदेव भी। एक तो बेटी, दूसरी अंधी! जन्म लेते ही सब ने उससे मुंह फेर लिया।

शालिनी का मातृत्व उसे प्यार से बांधे रखा। उसे देखकर शालिनी रो पड़ती थी। इतनी सुंदर फूल सी बच्ची, पर इस खूबसूरत दुनिया को कभी नहीं देख पाएगी। अपनी मां को भी नहीं।

धीरे-धीरे नैना चलने लगी। अब शालिनी का जिम्मेदारी और बढ़ गई। सास ससुर पति हमेशा एक ही बात कहते रह गए--- मना किया था कि इस बच्ची को दुनिया में नहीं लाओ । पर तुम कहां सुनने वाली? पूरा परिवार को डिस्टर्ब कर दिया इस बच्ची ने। कम से कम आप तो ऐसा ना कहो प्रकाश। आपकी बेटी है। शालिनी आंखों में आंसू लिए सब की बात चुपचाप सुनती है।

समय का पहिया चुपचाप आगे बढ़ते रहता है। शालिनी का बेहतरीन परवरिश से नैना आज एक सफल गायिका बन गई। पढ़ाई में भी ग्रेजुएशन किया। घर में कितने अवार्ड रखे हुए हैं। शालिनी देखती है, और सोचती है एक अंग ही तो नहीं था उसका!

इसके लिए मैंने कितना कुछ सहा। नैना जब 5 साल की हो गई, प्रकाश से शालिनी का डाइवोर्स हो गया। प्रकाश अपने विकलांग बेटी के लिए अपना जीवन दांव पर नहीं लगाना चाहता था। एक दिन डाइवोर्स पेपर लाया और बोला शालिनी तुम अपनी बच्ची के लेकर मायके चली जाओ इसका खर्चा मैं बराबर भेजता रहूंगा। पर मैं अपना जीवन इसके लिए बर्बाद नहीं कर सकता मैं दूसरी शादी करूंगा।

शालिनी चुपचाप डायवोर्स पेपर पर साइन कर दिया। और नैना को लेकर मायके चली आई।

शालिनी जैसे नैना की परछाई बन गई। शालिनी ने एक यूट्यूब चैनल खोल और जिसमें स्पेशल चाइल्ड केयर पर अपनी वीडियो डालने लगी।

"Moms care for special child" शालिनी का यह सब वीडियो वायरल होने लगा और अच्छी खासी रकम आती रही।

आज नैना 22 वर्ष की हो गई उसकी नैन नक्श इतनी सुंदर, कि लोग देखते रह जाते थे। पर उन आंखों में दृष्टि नहीं थी। पर नैना अपने सारे काम खुद करती थी।

आज शालिनी की जिद थी, जो नैना इस दुनिया में आई। और शालिनी ने साबित कर दिया, एक मां अगर चाहती है तो सब कुछ कर सकती है।

हिंदी से शर्म क्यों?

सविता गुप्ता

कहा जाता है कि भाषा संप्रेषण का सशक्त साधन होता है। जीवंतता, स्वायत्तता तथा लचीलापन भाषा के प्रमुख लक्षण हैं। 14 सितंबर 1949 को संविधान की भाषा समिति ने हिंदी को राजभाषा पद पर पीठासीन किया और 1963 में राजभाषा अधिनियम जारी हुआ। विश्व में 70 करोड़ लोग हिंदी भाषी हैंऔर यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। लेकिन हिंदी प्रचार प्रसार के लिए सरकारों द्वारा सराहनीय कदम नहीं उठाए गए।भले ही विश्व के विश्व विद्यालयों में हिंदी अध्यापन हो रहा है परंतु विडंबना यह है कि हिंदी भाषा अपने ही घर में उपेक्षित ज़िन्दगी जी रही है। यहाँ गुडमॉरनिंग से सूर्योदय और गुडनाइट से सूर्यास्त होता है। हैप्पी बर्थ डे से जन्म और रीप से मरण संदेश भेजे जाते हैं। अंग्रेजी बोलने वाले को बुद्धिमान और हिंदी बोलने वालों को समाज में सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है। जब भी हिंदी दिवस आता है तो हम हिंदी पखवाड़ा मना कर हिंदी मेरी शान, हिंदी मेरी जान बोल कर इतिश्री कर लेते हैं। इसमें घर की आधुनिक नयी -नयी बनी माँओं का भी कम दोष नहीं, अपने बच्चों को जब वे बोलने की कोशिश करते हैं तब उन्हें जी भरकर अंग्रेजी परोसने में अपने आप को मॉडर्न माँ कीं श्रेणी में रख कर गर्व महसूस करती हैं। हिंदी की दशा हमारी दोहरी नीति का शिकार हो गई है।

हिंदी को कभी सर्वश्रेष्ठ भाषा का दर्जा प्राप्त था। आज उसकी ऐसी दुर्दशा हो गई है, जिसे लोग बोलने में, संदेश भेजने में शर्म का अनुभव करते हैं। अंग्रेजी में संवाद लिख या बोल कर क्लासी और मॉडर्न महसूस करते हैं। हिंदी और अंग्रेजी मिश्रित भाषा का प्रचलन (हिंगलिश) शहरों में तो आम बात है, अब गाँव में भी देखने, सुनने को मिलती है।

हिंदी की दुर्दशा का आकलन तो इसी बात से लगाया जा सकता कि इंग्लिश मिडियम स्कूलों में हिंदी का आस्तित्व बचाने के लिए अनिवार्य विषय के रुप में पढ़ाने के लिए सरकार को प्रयास करने पड़ रहे हैं। विदेशी भाषा के जंजीर से जकड़ी हिंदी को अभी भी अपने घर में दोयम का दर्जा प्राप्त है।

वो तो भला हो गीतांजलि श्री द्वारा लिखित 'रेत समाधि' उपन्यास का जिसका अंग्रेजी अनुवाद 'Tomb of Sand' डेजी रॉकवाल द्वारा किया गया और दोनों को संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो एक सुखद शुभारंभ है और हिंदी भाषा,भाषी के लिए गर्व की बात है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

केन बम लगाने का अरोपी गिरफ्तार

महुआडांड़। थाना पुलिस ने शनिवार को रेगाईं गांव में रोमानूस केरकेट्टा के घर के शौचालय के पास केन बम लगाने के आरोप में फ्लोरेंस कुजूर पिता सिमोन धनी कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि आपसी पारिवारिक दुश्मनी और जमीन विवाद के कारण जान माल को क्षति पहुंचाने के नियत से रायमोन केरकेट्टा के शौचालय के समीप केन बम लगाया था। हालांकि बम नहीं फटा और उससे पूर्व ही बम निरोधक दस्ते द्वारा इसे निरस्त कर दिया गया था। इससे पूर्व भी आरोपी द्वारा इस तरह का बम का इस्तेमाल मछली मारने के लिए किया जाता रहा है।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की धूमधाम से मनायेगा दुर्गा पूजा

चंदवा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक जग्रन्नाथ उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व की कमेटी को यथावत रखा गया। कोषाध्यक्ष अजय वैद्य द्वारा सबसे पहले वर्ष 2023 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण, साज सज्जा,विद्युत व्यवस्था, प्रसाद व्यवस्था व कोष संग्रह आदि विषयों पर चर्चा की गई। सभी व्यवस्थाओं के निमित्त कमेटी भी गठित की गई। आगामी बैठक 18 सितंबर को रखी गयी है, जिसमें पूजा कमेटी के सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इसके उपरांत पूजा समिति के सक्रिय सदस्य स्व प्रभाकर मिश्र के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में सुरेंद्र प्रसाद वैद्य,संजय कुमार दुबे,राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह, संजीव आजाद,राजेन्द्र यादव, नवीन सिंह,राम सिंह,संतोष सिंह,प्रमोद गिरी,संतोष अग्रवाल, विकाश मित्तल समेत कई सदस्य मौजूद थे।

निधन पर शोक जताया

चंदवा। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव शनिवार को चंदवा प्रखंड के महुआमिलान गांव स्थित भाजपा चंदवा मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह के घर जाकर उनके पिता समाजसेवी विजय शंकर सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रतुल ने कहा स्व विजय शंकर सिंह का आकस्मिक निधन पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। वे एक अग्रणी समाजसेवी थे और अत्यंत मिलनसार स्वभाव के थे। उन्होंने ईश्वर से मृतक की आत्मा को शांति देने एवम परिजनों को इस बड़े आकस्मिक दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की। मौके पर दीपक निषाद,कृष्णा कुमार,संतोष साहू,हरिवंश प्रजापति,संदीप अग्रवाल,विनय पाठक आदि भी उपस्थित थे।

चावल लदे ट्रक पलटा, चालक घायल

चंदवा। थाना क्षेत्र में इन दिनों सड़क हादसों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रही है। लगातार तीसरे दिन भी सड़क दुर्घटना में एक के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। चंदवा-चांपी-लोहरदगा पथ पर डेढ़टंगवा घाटी में शनिवार की अहले सुबह चावल लदा ट्रक तीखे चढ़ान में असंतुलित होकर पलट गई। हालांकि दुर्घटना में चालक दिलीप मंडल बाल-बाल बच गया। उसके पैर में हल्की चोट आई है। दुर्घटना के बाद ट्रक में लदा चावल की बोरी खेतों में बिखर गई। घटना के संबंध में चालक ने बताया कि शिवगंज बिहार स्थित बाबा राइस मिल से चावल लेकर उक्त ट्रक उड़ीसा जा रहा था। इस दौरान चंदवा से लोहरदगा जाने वाले मार्ग पर डेढ़ टंगवा घाटी पर तीखे चढ़ान में संतुलन बिगड़ गया व वाहन पलट गई। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची व मामले की जानकारी ली।

अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

सिमरिया (चतरा)। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सिमरिया थाना के शीला ओपी क्षेत्र से 1 किलो 800 ग्राम अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि शीला ओपी क्षेत्र के लेपो पोखरिया जंगल के पास अफीम की खरीद बिक्री करने के लिए कुछ लोग दो पहिया वाहन से आने वाले हैं। सूचना के आलोक में उनके नेतृत्व में गठित टीम में शामिल शीला ओपी प्रभारी राहुल दुबे, सिमरिया थाना के पुअनि सुनील कुमार, सशस्त्र बल के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थाना पर पहुंचकर संदिग्ध स्थिति में दो स्कूटी, एक मोटरसाइकिल के साथ तीन व्यक्ति को पकड़ कर जांच किया। जांच के क्रम में काले रंग के स्कूटी के डीक्की से सफेद रंग के प्लास्टिक में 1 किलो 800 ग्राम गिला अफीम मिला। उसके बाद मरांगदहा थाना खुट्टी जिला खूंटी वर्तमान पता लेपो टेटुआतरी निवासी सुनील मुंडा, ग्राम लेपो थाना सिमरिया शीला ओपी जिला चतरा निवासी अनिल कुमार वर्मा, छोटू कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों के पास से 1 किलो 800 ग्राम केजी अफीम के साथ दो स्कूटी काले पीले रंग का मोटरसाइकिल व एक मोबाइल जब्त किया गया। सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

अधिकारियों व कर्मियों को दिलाई गई हिंदी की शपथ

टंडवा (चतरा)। नार्थ करनपुरा टंडवा इकाई परियोजना में शनिवार को हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। वहां परियोजना प्रमुख संजीव कुमार सुवार द्वारा अधिकारियों व कर्मियों को कार्यक्षेत्र में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 सितंबर से 29 तक हिंदी भाषा के संवर्धन व प्रोत्साहन हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि आमलोगों को प्रोत्साहित किया जा सके। मौके पर आपरेशन व मेंटनेंस जीएम राजीव सिन्हा, रखरखाव जीएम मुकुल राय, ओएंडएम जीएम विजय शंकर दुबे,अपर महाप्रबंधक नीरज राय व जुनैद जावेद समेत अन्य मौजूद थे।

तीन नदियों पर पुल निर्माण का मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया शिलान्यास

चतरा/हंटरगंज। एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता जिले के हंटरगंज प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने प्रखंड जोरी स्थित काली मंदिर में पुल निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर 8 करोड़ 40 लाख 97 हजार 800 रुपये की लागत से जोरी और करैलीबार के बीच लीलाजन नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। इसके बाद कोबना गांव पहुंच कर 13 करोड़ 36 लाख 23 हजार की लागत से बनने वाले लीलाजन नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास किया। इसके बाद प्रखंड के खूंटीकेवाल पहुंचकर चेतना भारती आश्रम के समीप 3 करोड़ 58 लाख 4 हजार 700 रुपये की लागत से बनने वाले घर्री नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सुदूरवर्ती गांवों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़कर गांवों का समुचित व सर्वांगीण विकास कराने के उद्देश्य से इन पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, सीओ सीताराम महतो, थाना प्रभारी मनीष कुमार, समाजसेवी समरेश सिंह, कमलेश कुमार यादव, नावाडीह मुखिया बसंती पन्ना, कोबना मुखिया बबलू कुमार मेहता, देव लाल यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, रजनीकांत सिंह, मनीष कुमार, कौलेश्वर यादव, सुनील यादव, चेतना भारती के विनय संगर आदि उपस्थित थे।

करमा पूजा की जिले में रही धूम

– महिलाओं व युवतियों ने की करम डाली की

चतरा/कान्हाचट्टी। भादो एकादशी के शुभ अवसर पर भाई-बहन के अटूअ प्रेम व समर्पण का पावन पर्व करमा बड़े हैं धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ जिले में शनिवार को मनाया गया। ज्ञात हो कि झारखंडी संस्कृति से जुड़े इस पर्व को बहनें अपने भाई की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए मनाती हैं। पूरे झारखंड में करमा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है और इसे लगभग हिंदू और आदिवासी समुदाय के लोग धूमधाम से मनाते हैं। झारखंड सरकार ने भी करमा के दिन सरकारी अवकाश की घोषणा कर दी है। करमा में उपवास रखकर बहनें भाई के लिए ईश्वर से लंबी उम्र की कामना करती हैं। महिलाएं व युवतियां अपने आंगन व अखरा में करम-डाली सजाकर उसकी चारों ओर नृत्य करती हैं। दिनभर उपवास रहने के बाद वह करम डाली गाड़ कर शाम को पूजा कर ईश्वर से भाई की सुख-समृद्ध की कामना करती हैं। वहीं दुसरे दिन डालियों का विसर्जन करने के बाद वह उपवास तोड़ेंगी। चतरा जिला अंतर्गत कान्हाचट्टी प्रखंड के कठौतिया गांव में करम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे रीति रिवाज संस्कृति परंपरा के साथ पूजा के साथ मांदर व नगाड़े के धुन पर नृत्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कर जल जंगल जमीन के संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। जिसमें उत्तरी छोटानागपुर वन प्रमंडल क्षेत्र राजपुर रेंज के पदाधिकारी, रेंजर व सिपाही वनरक्षक सामूहिक रूप से सम्मिलित होकर वन संरक्षण को लेकर जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में तुलबुल युवा निगरानी समिति के अध्यक्ष सह जेबीकेएसएस के प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर सिंह भोक्ता भी शामिल होकर लोगों का मनोबल पढ़ते हुए अपनी संस्कृति और गौरव के प्रति अपने विचार रखें। करमा महोत्सव का आयोजन कठौतिया के दिलीप उरांव, अमित बांडो, आशीष कुजुर, नीरज बांडो, महेंद्र बांडो, आनंद कुजूर व भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

हलुवाई समाज ने बाबा गणिनाथ जंयती समारोह मनायी

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। प्रखण्ड के स्थानीय दुगार्बाड़ी प्रांगण में हलुवाई समाज द्वारा धूमधाम से गणिनाथ जयंती मनायी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामचन्द्र सिंह थे। विधायक व उनके समर्थकों का हलुवाई समाज कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का फीता काट कर व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। हलुवाई समाज के झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर अजित पाल कुजूर, हिंदु महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, कांग्रेस नेता किशोर तिर्की, रानु खान, नुरुल अंसारी, बसारत अली, नसीम अंसारी, कोमल किंडो, युवा नेता सह पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेट अजित पाल कुजूर, शाहपुर सेक्टर अध्यक्ष सुबोध खलखो, हलुवाई समाज के अध्यक्ष संजय प्रसाद, हलुवाई समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता व अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

भाजपा एससी मोर्चा की हुई बैठक, रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा

पत्थलगडा (चतरा)। शनिवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध तीर्थस्थल स्थल लेंबोइया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र दास ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पोषण कुमार भारती शामिल हुवे। बैठक में आगामी 21 सितंबर को इटखोरी में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष श्री भारती ने कहा की देश के रक्षा मंत्री के कार्यक्रम में पत्थलगड़ा प्रखंड से भारी संख्या में लोगों को ले जाना है। उन्होंने कार्यक्रम के सफलता को लेकर एससी मोर्चा के पदाधिकारियों को जन संपर्क में लग जाने का निर्देश दिया, ताकि कार्यक्रम में एससी मोर्चा की उपस्थिति बढ़ चढ़ कर हो। साथ ही बैठक में एससी मोर्चा के विस्तार समेत अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर दिनेश्वर दास, अजय भुइयां, कृष्ण रविदास, दीपक रविदास, दिनेश रविदास, दीपक दास, अजीत भुइयां, पप्पू राम, बिनोद राम, उपेंद्र दास, रवि राज, रविदास आदि उपस्थि थे।

मुख्य पथ पर तेज बारिश से सड़क किनारे मिट्टी बहाव

वाहन चालकों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

गारू। गारू-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर तेज बारिश के कारण मिट्टी बह जाने से सड़क पर आवागमन में भारी कठिनाइयां उत्पन्न हो गई हैं। इस सड़क का सिंगल लेन होना पहले से ही एक समस्या रही है, लेकिन हाल में हुई लगातार बारिश ने स्थिति को और विकट बना दिया है। सड़क के किनारे की मिट्टी बहकर गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे वाहन चालकों को पास लेने में कठिनाई हो रही है। दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तेज बारिश के बाद सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि दोनों तरफ से आने वाले वाहनों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। दूसरी ओर से आ रहे वाहनों को पास देने के दौरान सड़क किनारे मिट्टी बहने से बने गड्ढों में वाहन फंसने का खतरा बढ़ गया है। बारिश के चलते सड़क के किनारे का हिस्सा कमजोर हो गया है, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि वन विभाग की भूमि होने के कारण इस मार्ग को चौड़ा नहीं किया जा सका है, जिससे सड़क पहले से ही संकरी है। अब, लगातार बारिश से सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी बहने के कारण आवागमन और भी मुश्किल हो गया है। सुनेश्वर सिंह, अनूप कश्यप, ओमप्रकास कुमार, संतोष सिंह ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी भरवाने का काम शुरू किया जाए, ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके व संभावित हादसों से बचा जा सके। मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन छत्तीसगढ़,गुमला, बिशनपुर, बारेसाढ़, महुआड़ाड़ के लिए गुजरते हैं। उनमें दूध, अखबार, एंबुलेंस जैसे जरूरी सेवाएं भी शामिल हैं। अगर जल्द सड़क के किनारे बने गढ़ों को मिट्टी भराव का समाधान नहीं किया गया तो किसी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

न्यूज बॉक्स

मुख्यमंत्री के कार्यो से विपक्षी दल घबरा गए हैं : मनोज चंद्रा

गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के सिंदुआरी खुर्द में शनिवार को जेएमएम की बैठक संदीप दांगी की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा उपस्थित थे। बैठक में इटखोरी में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोग को भाग लेने का आह्वान किया। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को अभी से ही जुट जाने को कहा। मनोज चंद्रा ने कहा की हेमंत सोरेन के कार्य से सारे विपक्षी दल घबरा गए हैं। यही वजह है कि दूसरे प्रदेश के नेताओं को लाकर झारखंड के जनता को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी स्थिति में उनकी मनसा सफल नहीं होगी। बैठक में यदुनंदन पांडेय, युवा नेता बैद्यनाथ कुमार दांगी, बहादुर दांगी, विनोद ठाकुर, दिगंबर रविदास, सरफराज, मनोज दांगी सहित दर्जनों उपस्थित थे।

अफीम व ब्राउन शुगर की रोकथाम पर बैठक 16 को

गिद्धौर (चतरा)। अफीम ब्राउन शुगर की तस्करी के साथ-साथ खेती पर रोग लगाने व जागरूकता अभियान को लेकर पुलिस-पब्लिक की बैठक आहूत की गई है। बैठक पत्थलगड्डा प्रखंड के नवाडीह पंचायत भवन में 16 सितंबर को होगी। बैठक में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिद्धौर व पत्थलगड्डा के थाना प्रभारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहेंगे। बैठक में दोनों प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों व बुद्धिजीवियों को भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दिया।

दर्जनों युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

महुआडांड़। कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को दर्जनों युवाओं ने विधायक रामचन्द्र सिंह के कार्यकलाप से खुश होकर थामा कांग्रेस का दामन। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता सह बीस सुत्री सदस्य रामनरेश ठाकुर, युवा नेता सह पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर अजित पाल कुजूर, युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहैल, कांग्रेस नेता रानु खान, नुरुल अंसारी, बसारत अली, कोमल किंडो, किशोर तिर्की, नसीम अंसारी, शाहपुर सेक्टर अध्यक्ष सुबोध खलखो, महुआडांड़ सेक्टर अध्यक्ष शकील खान उर्फ पप्पू, राजा गुप्ता, आयुष जायसवाल, शक्ति सिंह, विकास गुप्ता, रोहित कुमार, गौरव धनुष, राजन गुप्ता, मीडिया के बद्री प्रसाद, बंटी गुप्ता, सुरज कुमार, कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर, स्पोर्ट्स प्रभारी शहीद अख्तर, सद्दाम खान, पप्पू ठाकुर, राहुल गुप्ता, राहुल सोनी, श्याम सुंदर सिंह, अभिषेक केरकेट्टा एवं युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

23 के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान लातेहार में

लातेहार। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने शनिवार को बाणपुर स्थित जिला कार्यालय मे प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि अगामी 23 सितंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का लेस्लीगंज आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल आयोजित किया गया है। जिलाध्यक्ष पासवान ने बेरोजगारी के मुद्दे पर भी बताया कि वर्तमान में जिले के लिए बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। विशेष रूप से युवाओं को प्रभावित कर रही है। लातेहार जिला में बेरोजगारी दर चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। लोक जनशक्ति पार्टी इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा रोजगार सृजन योजनाओं को साकार किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे 23 सितंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी सहभागिता सुनिश्चित करें।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda,
Ranchi – 834002, JH Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

Sl. No.	NIT No.	Description of work	Cost of BOQ (Non refundable)	EMD
1.	194/PR/JUSNL/ 2024-25	Procurement of Digital Meters & Contractors at 132/33 kV GSS Latehar	Rs. 1476/- (including GST @ 18%)	Rs. 15500/-

1.Start date and time for sale of Tender Documents **16.09.2024** at 12:00 PM.
2.Last date and time for sale of Tender Documents upto **07.10.2024** at 02:00 PM.
3.Last date and time for submission of tender upto **07.10.2024** at 05:00 PM.
4.Date and time for opening of tender : **08.10.2024** at 03:30 PM.
5.Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6.No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7.The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8.If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 335734 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

एक नजर

दुर्गा पूजा समन्वय समिति की बैठक आज

सिमडेगा। दुर्गा पूजा समन्वय समिति की बैठक रविवार 15 सितंबर को महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर में होगी। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने एवं दुर्गा पूजा समन्वय समिति के पुनर्गठन को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने सभी दुर्गा पूजा समिति एवं समन्वय समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारीयों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

खीस्तियों के लिए मुक्ति का प्रतीक है क्रूस : फादर इग्नासीयूस

बानो। कलीसिया के एक कार्यक्रम में अपने संदेश में फादर इग्नासीयूस ने कहा कि क्रूस खीस्तियों के लिए मुक्ति, आशा, प्रेम, शांति, और आज्ञाकारिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कैथॉलिक कलीसिया पवित्र क्रूस का महापर्व मनाती है। इसी पवित्र क्रूस के द्वारा येसु ने हमारी मुक्ति की है और हमें पाप के बंधन से मुक्त किया है। यह ईश्वर के असीम प्रेम का एक महान चिह्न है। फादर इग्नासीयूस ने कहा कि क्रूस हमारे लिए जीत का प्रतीक है, क्रूस द्वारा हम सभी बचाए गए हैं। क्रूस हमें शिक्षा देता है कि जीवन में असफलता और सफलता दोनों हैं। हमें असफलता को भी स्वीकार कर सकना चाहिए। असफलताओं एवं कमजोरियों के बावजूद धीरज से आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि उन्होंने हमारे लिए कीमत चुकाई है।

शिक्षण संस्थान में मनाया गया हिंदी दिवस

बानो। बानो स्थित एलिस शिक्षण संस्थान में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। संस्थान के निदेशक विमल कुमार ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितंबर को प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उत्सव है। पूरे भारत वर्ष में 77 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। यही कारण है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त है। इस अवसर पर संस्थान की शिक्षिका सुष्मिता सिंह एवं छात्रों ने प्रोजेक्ट कार्य प्रस्तुत किया। संस्थान में सुनीत डांग, पंकज बासिल आदि लोग उपस्थित थे।

बंगरु पंचायत की समस्याओं से रूबरू हुए भाजपा नेता सोनू एक्का

सिमडेगा। बंगरु पंचायत में शनिवार को भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ परिवर्तन पदयात्रा करते हुए गांव और ग्रामीणों का हाल जाना। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि सिमडेगा जिला मुख्यालय से महज 3 किमी दूर बंगरु पंचायत क्षेत्रों के लोग वर्षों से अनेक जन-समस्याओं से जूझते आ रहे हैं। इस पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने कहा बंगरु पंचायत क्षेत्र में पीने का पानी नहीं मिल रहा है।

परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा की कुरडेग में हुई बैठक

कुरडेग। कुरडेग मुख्यालय में मंडल अध्यक्ष सकल बड़ाईक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकताओं ने बैठक का आयोजन किया। आगामी 24 सितंबर को सिमडेगा जिले के विभिन्न मंडलों में होने वाले परिवर्तन यात्रा को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने मंडल एवं सभी मोर्चा के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आग्रह किया। कुरडेग स्टेडियम को सभा स्थल के लिए चयनित किया गया है। सभा 6:00 बजे शाम से रात्रि 8:00 बजे तक चलेगा। इसलिए सभा स्थल पर लाइट का विशेष व्यवस्था रहेगी। इस परिवर्तन यात्रा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल विशेष रूप से शामिल रहेंगे। बैठक में रवींद्र शर्मा, विनोद जायसवाल, अनुज श्रीवास्तव, उमेश जायसवाल, अजय जायसवाल, द्वारिका जायसवाल, अशोक गुप्ता, बबलू सिंह, मनोज साय, गब्बर साव, नंदे यादव, ज्ञानचंद गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धूमधाम से मना क्रूस विजय पर्व, उमड़े मसीही

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

पाकरटांड़ के कड़ामुखा स्थित क्रूस टोंगरी में शनिवार को क्रूस विजय पर्व बड़े धुमधाम के साथ मनाई गई। क्रूस पहाड़ में क्रूस की उपासना की गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन हुआ।

क्रूस विजय पर्व विजी फा इग्नासीयूस टेटे के नेतृत्व में किया गया। मौके पर फा इग्नासीयूस की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा हुई। जहां उनका सहयोग फा गाब्रियल डुंगडुंग, फा राजेश, फा जेवियर, फा पीटर सहित दर्जनों पुरोहितों ने किया। कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित हुए थे। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ईश्वर की दया क्रूस द्वारा हमारे लिए प्रकट होती है जो समस्त संसार का आलिंगन करती है। खीस्त के क्रूस द्वारा बुराई एवं शैतान की पराजय हुई है। हमें जीवन प्रदान किया गया है तथा आशा पुनः जागृत की गयी है। उन्होंने कहा कि येसु का क्रूस ही हमारी सच्ची आशा है।

इसीलिए कलीसिया पवित्र क्रूस का सम्मान करती है और हम क्रूस के चिन्ह द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। जोसिमा ने कहा कि येसु के क्रूस पर विश्वास करते हुए उनका अनुसरण करें। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, माइकल खड़िया, तरसिला खड़िया, जोसफ बिलुंग, लीला नाग, जुली सहित हजारों की संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

क्रूस टोंगरी पर क्रूस विजय पर्व मनाया गया

ठेठईटांगर। शनिवार को ठेठईटांगर प्रखंड के जामपानी पारीश अन्तर्गत देवबहार राचाकोना मंडली के क्रूस टोंगरी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रूस विजय पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता फादर सुनील सुरीन थे, सहायक अनुष्ठाता के रूप में जामपानी पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर थोमस सोरेंग, फादर एमानुएल डांग, फादर अगुसटीन डुंगडुंग, फादर प्रकाश केरकेट्टा और फादर संदीप खेस थे। इस क्रूस विजय पर्व को मनाने में झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना एवम उनके टीम का सहयोग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रहा। क्रूस विजय पर्व मनाने के लिए उड़ीसा और झारखन्ड के खीस्त विश्वासी भारी संख्या में आए थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडूलना , जिला कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, विलियम केरकेट्टा, सुनील केरकेट्टा, अरविंद सोरेंग, विजय सोरेंग, रसाल डुंगडुंग के अलावे असुर्लाइन और संत अन्ना की धर्म बहनें और हजारों की संख्या में क्रिस्त विश्वासी भी उपस्थिति हुए।

मधेशिया कानू वैश्य समाज ने मनाया बाबा गणिनाथ महोत्सव

सिमडेगा। सिमडेगा उपकार रेस्ट हाउस के पास मधेशिया कानू वैश्य समाज की ओर से बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज का वार्षिक उत्सव हलवाई समाज के सभी लोगों की उपस्थिति में विधिवत बाबा गणिनाथ के हवन पूजन के पश्चात कार्यक्रम रखा गया। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता रवींद्र कुमार गुप्ता ने की। रवींद्र गुप्ता ने अपने भाषण में समाज को एक सूत्र में बांधकर अपने बच्चों को संस्कार देने के लिए एवं शिक्षा ग्रहण करने के लिए आह्वान किया। संरक्षक अशोक गुप्ता ने समाज से आग्रह किया कि समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज हित में कार्य करें एवं समाज का नाम ऊंचा करने के लिए आह्वान किया। मंच में ललन प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, बजरंग प्रसाद, शिव प्रसाद आदि ने अपना संबोधन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओम प्रकाश साहू, रवींद्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अनिल प्रसाद, बसंत प्रसाद, सफल बनाने में अपना योगदान दिया एवं पूरे जिले से समाज के सैकड़ो की संख्या महिला पुरुष कार्यक्रम को सफल बनाया।

न्यूज बॉक्स

छह दिन बाद एयर एंबुलेंस से पैतृक गांव लाया गया मंगनू का शव

सिमडेगा। शुक्रवार रात 3 बजे इंडिगो विमान और एंबुलेंस के रास्ते मंगनू साय का शव गोवा भाया हैदराबाद, रांची होते हुए उसके पैतृक गांव टीनगिना बगीचा टोली (जलडेगा) पहुंच गया। अपने इकलौते पुत्र का एक झलक देखने की आस में बूढ़े मां बाप की आंखें पथरा गई है। गर्भवती पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ज्ञात हो की मंगनु साय एक प्रवासी मजदूर था जो परिवार का भरण पोषण के लिए कर्नाटक में मछली पकड़ने का काम करता था। अचानक तबियत बिगड़ने पिछले राऊवार को उसकी मौत हो गई थी। मौत की खबर जब इनके गरीब माता पिता और पत्नी को मिली तो इन पर दुखों का पहाड़ टूट गया। मां बाप और मंगनु की पत्नी व्याकुल हो गए। उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि उनके शव को कर्नाटक से गांव लाकर उसकी एक झलक देख सकें। लेकिन कहा जाता है ना जिसका कोई नही उसका खुदा होता है। स्थानीय समाज में कुछ लोग इस विवशता पर कुछ करने का ठाना। स्थानीय तीन मीडिया कर्मी आलोक कुमार, दिनेश साहु और रोशन ठाकुर और ने मामला को उठाया और जिला मुख्यालय तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

रौतिया समाज का तीन दिवसीय बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

बानो। प्रखंड के जराकेल स्थित संतोषनाथ सहदेव स्कूल मैदान में शनिवार को अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद प्रखंड इकाई के तत्वावधान में तीन दिवसीय बालक-बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश सचिव शालिग्राम सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि शहीद बख्तर साय व मुंडल के तसवीर पर मल्यार्पण व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच सिमडेगा टाइगर्स व सिकोरदा के बीच खेला गया। इसमें सिमडेगा टाइगर्स की टीम 2-0 से विजयी रही। इसके बाद दूसरा मैच होलगंदा व कराजर्रा के बीच खेला गया, जिसमें होलगंदा की टीम 1-0 से विजयी रहा। तीसरा मैच बाघमुंडा व बुढीउली के बीच खेला गया। इसमें बुढीउली 2-0 से विजयी रहा। रेफरी की भुमिका नरायण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि शालिग्राम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बालक-बालिका फुटबाल मैच का आयोजन समाज के खिलाड़ियों में खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से भी युवा अपना जीवन संवार सकते हैं। मौके पर शुकंतला देवी, नीलम देली, लीलावती देवी, ललिता देवी, खेल समिति के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, सचिव रवि सिंह, कोषाध्यक्ष हीरानाथ सिंह, बालमुकुंद सिंह, गंगाधर सिंह, उमाशंकर सिंह, महिपाल सिंह, उग्ररतन सिंह, रामधनी सिंह, बनेश्वर सिंह, नरेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, कलेश्वर सिंह ललित सिंह आदि उपस्थित थे।

हर पंचायत में बनाया जाएगा खेल स्टेडियम : एनोस एक्का

कोलेबिरा। लाल गंधर्व नाथ शाहदेव की 12वीं स्मृति में चार दिवसीय ट्रिपल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का उपस्थित थे। फाइनल मैच अमृत ब्रदर बीरता बनाम अमकुली क्लब के बीच खेला गया। मौके पर एनोस एक्का ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को बेहतर खेल के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि खेल से सिमडेगा जिले की पहचान है और खेल के विकास के लिए झारखंड पार्टी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी हर पंचायत में खेल मैदान बनाने का काम करेगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जा सके। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के बीच समाज को तोड़ने वाले लोग लगे हुए हैं, लेकिन समाज के सभी लोगों को संगठित होकर खराब ताकतों को भगाना है। फाइनल मैच में अमृत ब्रदर की टीम 4- 0 से जीत हासिल कर खिताब में कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार और खस्सी देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच में लाल उमाशंकर नाथ शाहदेव, लाल कीर्तिमान नाथ शाहदेव, लाल आनंदनाथ शाहदेव और लाल विजेंद्रनाथ शाहदेव भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के मोहन गोप, सुरेंद्र यादव,सुनील खड़िया सहित सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन हीरालाल सिंह ने किया।

सिमडेगा में धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व करमा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

प्रकृति पर्व करमा जिले भर में बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। भादो कर एकादशी करमा गड़ाए रे, चलू करम खेले साथी पारंपरिक गीतों के साथ बहनों ने इसे मनाया। इस पर्व को लेकर बहनों ने उपवास रखकर अपने भाइयों की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना की। इधर करमा के मौके पर शहर के सरना स्थल में भव्य मंडप बनाकर करम डाल स्थापित की गई। वहां देर शाम में महिलओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। पाहन के द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इस मौके पर विधि-विधान पूर्वक पूजन कर महिलाओं ने सामूहिक गीत-नृत्य का आयोजन किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद भगत ने कहा कि करमा पर्व आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। हम सभी प्रकृति की पूजा-अर्चना कर पर्यावरण की सुरक्षा व पूजा का भी संदेश देते हैं। यही हमारी परंपरा है और संस्कृति भी। इसके उन्नयन के लिए हम सबों को सदा प्रयत्नशील रहना है। उन्होंने कहा कि करमा प्रकृति से जुड़ा पर्व है। इस मौके पर हम सब प्रकृति की पूजा-अर्चन कर इसकी रक्षा का संकल्प लेते हैं।

गो तस्करी पर अविलंब लगे रोक : मंगल सिंह भोगता

सिमडेगा। भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा सिमडेगा-गुमला में गोवंशीय पशु की हो रही तस्करी पर चिंता जताई। भोगता ने इस क्षेत्र में गो तस्करी को बढ़ावा देने में हेमंत सोरेन सरकार पर तुष्टि करण का आरोप लगाया। पशु तस्करी के वाहन की दुर्घटना होने पर जगजाहिर होता है कि इस क्षेत्र में पशु तस्करी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। थाने में वाहन जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि पशु माफियाओं को शासन और प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। गो तस्करी तत्काल बंद नहीं होती है, तो भाजपा किसान मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगी।

हिंदी दिवस के मौके पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

कोलेबिरा। जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रशांत कुमार ने हिंदी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है। इसे विश्व पटल पर और भी समृद्ध करने की जरूरत है। किसी भी राष्ट्र के उत्थान में वहां की भाषा की अहम भूमिका होती है। इस मौके पर हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे - कविता-लेखन, कहानी-लेखन एवं कविता-वाचन आदि का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को हिंदी पखवाड़ा के समापन के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर वरीय शिक्षक संजय कुमार सिन्हा, डॉ प्रमोद कुमार महतो, रामायण पासवान, सुनील कुमार सिंह, डॉ सुमन कुमार सिंह, बीके भुईंया, ज्योति टुटी, घनश्याम, अन्नु गुप्ता, प्रिया कुमारी, बिकास चंद्रा, अंजु तिग्गा सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे। मंच का संचालन आशुतोष कुमार पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा प्रभारी रामायण पासवान ने किया।

एसएस +2 उच्च विद्यालय कविता वाचन एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। बानो

करम पर्व पर घोषित अवकाश को देखते हुए हिंदी दिवस के एक दिन पूर्व एसएस +2 उच्च विद्यालय बानो में पोएट्री क्लब के तत्वावधान में कविता वाचन एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता लेखन श्रेणी में कई छात्रों ने अपनी मूल रचना पेश की। वहीं, कविता वाचन श्रेणी में छात्रों ने हरिवंश राय बच्चन, दिनकर जैसे महान कवियों की रचनाओं को प्रस्तुत किया।

कविता लेखन प्रतियोगिता में जैनब परवीन प्रथम, आदिनंत बड़ाईक द्वितीय एवं आदित्य कुमार मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कविता वाचन प्रतियोगिता में श्रद्धा कुमारी प्रथम, सायमा परवीन एवं जैनब परवीन द्वितीय व रूपा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुई। विजेताओं को शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन व संचालन पोएट्री क्लब के प्रभारी शिक्षक संदीप कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

पोएट्री क्लब के प्रभारी एवं शिक्षक संजय द्वारा राजभाषा हिंदी के महत्व भाषा संवर्धन व विकास पर विद्यालय, नागरिक और छात्रों की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका में संजय कुमार टोप्पो एवं लिदिया ग्रेस साहू मौजूद थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षा मंत्री बाल संसद शकुंतला कुमारी का भी भूमिका रही। मौके पर प्रभारी प्राचार्य आनंद कुमार, भीखराम उरांव, मुक्तिदानी बेक, स्नेहा साहू, संदीप केसरी, पूनम खेस, एस्थर तिर्की, रेखामनी देवी, रश्मि कुमारी, पूजा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

ठेठईटांगर के कोरोंजो नीम टोली में दो जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

रात में घर पर हमला बोल दीवार तोड़ी, अनाज को किया चट

- ◆सूचना पर प्रखंड प्रमुख पहुंचे और लिया जायजा
- ◆ मुआवजा जल्द से जल्द दिलवाने का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के कोरोंजो नीम टोली में सरोजिनी आइंद के घर पर महिला समूह द्वारा राशन का चावल एवं गेहूं रखकर इसका वितरण किया जाता है। शुक्रवार की रात लगभग 12:00 बजे दो जंगली हाथियों ने सरोजिनी आइंद के घर पर हमला बोलते हुए इसके एक हिस्से की पूरी दीवार तोड़ दी। साथ ही, राशन का जो चावल एवं गेहूं था, उसमें से लगभग सात-आठ बोरी चावल एवं गेहूं खा गए। एक बोरा को अपने साथ लेते भी गए। जंगली हाथियों के हमले की जानकारी मिलते ही ग्रामीण जुट गए और दोनों हाथियों को भगाने की कोशिश की। लेकिन, हाथियों का जब तक पेट नहीं भरा, वे नहीं भागे। दोनों हाथियों ने पेटभर चावल खाए। पेट भरने के बाद दोनों हाथी बोलबा की ओर निकल पड़े। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को दी। वे तुरंत वहां पहुंचे एवं राशन डीलर एसएचजी ग्रुप के महिलाओं से मिले। सरोजिनी आइंद से मिलकर जानकारी ली एवं वन विभाग से मिलने वाला मुआवजा जल्द से जल्द दिलवाने का आश्वासन दिया। मौके पर पंचायत समिति के सदस्य, अटल, सहबाज आदि उपस्थित थे।

जलडेगा में ईट भट्ठा व लाख फैक्ट्री के मालिकों के साथ श्रम अधीक्षक ने की बैठक

मजदूरों की मजदूरी व हाजरी अपडेट करने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा

जलडेगा प्रखंड संधाधन केंद्र लीड्स कार्यालय में श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज की अध्यक्षता में जलडेगा प्रखंड के ईट भट्ठा व लाख फैक्ट्री के मालिकों के साथ बैठक की गई। बैठक में श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने सभी नियाजकों को अपने यहां काम में रखे मजदूरों का निबंधन कराने, लेबर लाइसेंस बनाने, न्यूनतम मजदूरी देने और काम और मजदूरी का हाजरी बही अपडेट करने आदि से संबंधित कई निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने बताया कि मजदूरों को झारखंड सरकार के श्रम विभाग द्वारा कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जागरूकता और जानकारी के अभाव में लोग इसका लाभ से वंचित हैं। इसलिए उन्होंने सभी नियोजकों से अपने यहां काम में लगे मजदूरों का एक माह के अंदर निबंधन कराने और विभाग को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान कार्यस्थल में यदि एक भी मजदूर बिना निबंधन के पाया जाएगा, तो निश्चित रूप से इसका जिम्मेदार नियोजक होंगे और उन पर कारवाई की जाएगी। बैठक में अमित कुमार गोयल, राजेश अग्रवाल, भोला साहु, अरुण कुमार नाग, हलधर प्रसाद, मो फरीद आदि उपस्थित थे।

शिक्षक रहते हुए माड़वारी साहु बने डिप्टी कलेक्टर

सिसई। प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरगांव में शुक्रवार को धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरगांव में 30 वर्ष तक लगातार अध्यापन कार्य पूर्ण करने के उपरांत डिप्टी कलेक्टर बनने पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय प्रांगण में शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक रहते हुए माड़वारी साहु लंबे समय की संघर्ष और कड़ी मेहनत के बाद डिप्टी कलेक्टर बने। शिक्षक सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम में अपने धर्मपत्नी और बेटी के साथ विद्यालय पहुंचे थे। विद्यालय परिवार की ओर से पारंपरिक रीति रिवाज से उनका भव्य स्वागत किया गया। डिप्टी कलेक्टर बनने के बाद उनसे मुलाकात व बधाई देने के लिए प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिका, सहपाठी, समाज सेवी और स्थानीय ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों का भीड़ लगा हुआ था। छात्र एवं छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

ईद मिलादुन्नबी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

अनुमंडल कार्यालय सिमडेगा में अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में ईद मिलादुन्नबी - 2024 के निमित्त अंजुमन अंजुमन फैजू राज इस्लामपुर के सेक्रेटरी एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई। इसमें ईद मिलादुन्नबी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने एवं रविवार को संध्या में आयोजित बाइक जुलूस एवं सोमवार को प्रातः 8.00 बजे से आयोजित जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, अंचल अधिकारी सिमडेगा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सिमडेगा एवं सेक्रेटरी अंजुमन फैजू राज इस्लामपुर तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित हुए।

16 अबुआ आवास योजना में लापरवाही, उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

गुमला। सिसई प्रखंड के पंडरानी गांव में अबुआ आवास योजना के आवेदन पत्रों को शिविर में छोड़ देने का मामला उजागर हुआ है। यह जानकारी स्थानीय ग्रामीणों और समाचार पत्रों के माध्यम से उपायुक्त के संज्ञान में आई। इस गंभीर लापरवाही को लेकर उपायुक्त ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। जांच पूरी होने तक सिसई प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के वेतन पर रोक लगा दी गई है। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों का निलंबन प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इसके अलावा, प्रखंड समन्वयक और कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा समाप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन के निदेशानुसार, शनिवार को उप विकास आयुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में शिवनाथपुर पंचायत में डोर टू डोर जाकर सभी नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

रांची विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़, टिकट के कई दावेदार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में जल्द ही विधानसभा चुनाव की घोषणा होनी है। इसको लेकर सभी राजनीतिक दल ने कमर कस ली है। चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। सभी राजनीतिक दल में टिकट के लिए भी होड़ मची हुई है। यदि रांची विधानसभा सीट की बात करें तो यह सीट भाजपा के लिए सबसे सेफ सीट मानी जाती है। हालांकि, प्रमुख सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पिछले चुनाव में भाजपा को जोरदार टक्कर दी थी और इस बार भी देने को तैयारी कर रही है। जैसे-जैसे झारखंड विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे राजनीतिक दलों में हलचल भी तेज हो गई। भाजपा में हलचल कुछ ज्यादा ही है। टिकट के कई दावेदार भी कतार में खड़े हैं। कोई विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पसीना बहा रहा है तो कोई दिल्ली पहुंचकर गणेश परिक्रमा कर रहा है। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा में टिकट को लेकर पूरे प्रदेश में रायशुमारी हो रही है। मंडल अध्यक्षों और प्रमुख कार्यकताओं को टटोला जा रहा है। संगठन की ओर से रायशुमारी के लिए नेताओं को जिम्मा भी दिया गया है। रांची विधानसभा की सीट भाजपा के लिए हॉट सीट है। यह सीट पूरे प्रदेश में भाजपा के लिए सर्वाधिक सेफ सीट मानी जाती है। इस सीट पर कई दावेदार हैं। भाजपा के अंदरखाने इस सीट को लेकर शह-मात का खेल चल रहा है। संभावित प्रत्याशी अपना हर दांव लगा रहे हैं। भाजपा कार्यसमिति के सदस्य रमेश सिंह भी रेस में हैं। रांची सीट को लेकर 11 सितंबर को रायशुमारी हुई थी। चर्चा है कि झामुमा नेतृत्व ने राज्यसभा सांसद महुआ माजी को एक बार फिर से विधानसभा चुनाव मैदान में उतारने का मन बना लिया है। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों से महुआ माजी लगातार हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। हालांकि हालांकि गठबंधन की ओर से यह तय नहीं हुआ है कि रांची सीट पर किस दल का प्रत्याशी होगा। क्योंकि, प्रमुख सत्ताधारी दल में शामिल कांग्रेस पार्टी ने भी रांची सीट पर दावा किया है। रांची विधानसभा सीट भाजपा के लिए कई दशकों से सबसे सेफ सीट रही है। यही वजह है कि इस सीट के दावेदार भी ज्यादा है। क्योंकि प्रत्याशी जानते हैं कि यहां से टिकट मिलने से उन्हें विधानसभा का सदस्य बनने से कोई नहीं रोक सकता है। रांची विधानसभा सीट से लगातार भाजपा

महुआ माजी ने सीपी सिंह को दी थी टक्कर

2019 के चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी के पाले में अच्छी वोटिंग हुई थी। भाजपा से लगातार जीत हासिल करने वाले सीपी सिंह ने करीब 5000 वोटों से महुआ माजी को शिकस्त दी थी। यही वजह है कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी रांची विधानसभा सीट में भाजपा के हार-जीत को लेकर सस्पेंस है। शीर्ष नेता लगातार विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड दौरे पर हैं और चर्चा है कि एक-एक सीट पर विशेष मंथन के बाद ही प्रत्याशी का चुनाव कर उतारा जाएगा। वैसे तो रांची विधानसभा सीट के लिए सीपी सिंह सबसे बेहतर प्रत्याशी माने जाते हैं। क्योंकि वह लगातार छह बार जीत चुके हैं। वर्ष 1996 के बाद वह कभी चुनाव नहीं हारे हैं। हालांकि, रांची विधानसभा सीट पर चुनावी रण में उतरने के लिए गठबंधन सरकार की घटक दल कांग्रेस ने भी अपनी दावेदारी पेश की है। एक तरफ जहां कांग्रेस सीट पर चुनाव लड़ने की मंशा रखे हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी चुनाव में उतरना चाहती हैं। क्योंकि, पिछले चुनाव में उनकी हार काफी कम वोट से हुई थी लेकिन यह भी दावा किया जाता है कि यदि पिछले चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी होता तो शायद रांची विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर सकता था। क्योंकि, अक्सर देखा गया है कि झामुमो सैंबल को शहरी इलाके में उतना महत्व नहीं मिलता। जितना की भाजपा और कांग्रेस को मिलता है।

भाजपा करा रही है सर्वे

भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से विधानसभा चुनाव को लेकर कई एजेंसियों से प्रत्याशियों को लेकर सर्वे भी कराया गया है। इसके माध्यम से प्रत्याशी के विधानसभा क्षेत्र में कितनी पैठ है, वह कितने सामाजिक हैं, किस तरह से विकास कार्यों को करते हैं ,आम लोग उन्हें किस रूप में लेते हैं। इन तमाम चीजों को लेकर जानकारी ले रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भी लगातार झारखंड दौरे पर आकर यहां की जनता का मिजाज टटोलना में लगे हैं।

1996 में पहली बार जीते थे सीपी सिंह, छह बार से भाजपा का कब्जा : रांची विधानसभा सीट पर भाजपा वर्ष 1990 के बाद कभी नहीं हरी है। वर्ष 1990 में गुलशन लाल अजमानी भाजपा ने जीत हासिल की थी। अंतिम बार वर्ष 1985 में डा जय प्रकाश गुप्ता ने कांग्रेस से रांची विधानसभा सीट पर जीत हासिल की थी। वर्ष 1995 में यशवंत सिन्हा ने जीत दर्ज की। वर्तमान विधायक सीपी सिंह वर्ष 1996 में पहली बार रांची विधानसभा के उपचुनाव में टिकट मिला था। सीपी सिंह ने राजद के जयसिंह यादव को चुनाव में हरा कर रांची में खाता खोला। इसके बाद उन्होंने लगातार छह अलग-अलग चुनाव में बाजी मारी। पिछली बार झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी को हराया था। इस सीट पर भाजपा ने सीपी सिंह के सहारे मजबूत खूंटा गाड़ा है।

रांची सीट पर ये हैं दावेदार : राजनीतिक गलियारे में चर्चा यह भी है कि भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह का इस बार टिकट कट सकता है। इसको लेकर रांची विधानसभा सीट के लिए भाजपा के कई नेता जोर आजमाइश कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,पूर्व सांसद अजय मारू, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, रमेश सिंह, राकेश भास्कर, कृपा शंकर सिंह, संदीप वर्मा, सत्यनारायण सिंह, के के गुप्ता, प्रतुल शाहदेव, हेमंत दास, अमित सिंह, माया सिंह, राजश्री जयंती की ओर से रांची सीट पर दावेदारी की जा रही है।

झारखंड से पति-पत्नी की सरकार हटानी है : बाबूलाल मरांडी

निर्दलीय विधायक अमित यादव अब हो गए भाजपाई, पूर्व एमएलए जेपी वर्मा ने की घर वापसी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के सत्ताधारी दल झामुमो कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा। मरांडी शनिवार को पूर्व विधायक जेपी वर्मा, विधायक अमित यादव और पूर्व डीएसपी नवनीत हेंब्रम द्वारा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के सदस्यता ग्रहण के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने सदस्यता ग्रहण के अवसर पर बधाई दी। करम पर्व की भी शुभकामनाएं दी। मरांडी ने कहा कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी झामुमो अब परिवार की भी नहीं, बल्कि केवल पति-पत्नी की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार काम करने के लिए नहीं, बल्कि कमाने के लिए बनी। इस सरकार ने अपने एक भी वादे पूरे नहीं किए। बताने के लिए इस सरकार के पास पांच काम भी नहीं हैं। हेमंत सरकार ने नौकरी और बेरोजगारी भत्ता नहीं दिए लेकिन अबतक नौकरी के नाम पर 17 युवाओं की मौत जरूर दी है। उन्होंने आह्वान किया कि इस ठगबंधन और जनविरोधी नीतियों को जैसे लोकसभा चुनाव में जनता ने नकारा और मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा किया वैसे झारखंड से भी भ्रष्ट निकम्मी ठगबंधन सरकार को हटाकर डबल इंजन की सरकार भाजपा के नेतृत्व में बनाने का संकल्प लें।

भाजपा के प्रति जन-जन में झुकाव बढ़ रहा : लक्ष्मीकांत

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि आज भाजपा के प्रति जन जन में झुकाव बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि नवनीत हेंब्रम जैसे लोग पुलिस की अच्छी नौकरी छोड़कर राजनीति के कठिन मार्ग के पथिक बन रहे यह देश के लिए, राज्य के लिए शुभ लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि हमें मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है। साथ ही भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर करते हुए प्रदेश में भी एक मजबूत भाजपा एनडीए की सरकार बनाने को संकल्पित होना है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता का भरोसा बढ़ा है। प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ज्वाइनिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा झारखंड की पीड़ा जानती है। भाजपा ने ही अलग राज्य के सपने को साकार किया। भाजपा की सरकार ही इसे सजाएगी, संवारेगी। सदस्यता ग्रहण करते हुए विधायक अमित यादव ने कहा कि निर्दलीय होकर भी मैं सदा दल के साथ रहा आज इसकी संवैधानिक औपचारिकताएं पूरी हो रही। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी मैं उसे पूरा करने में पूरी ताकत झोंक दूंगा। पूर्व विधायक जेपी वर्मा ने कहा कि अपने घर में आकर पूर्ण महसूस कर रहा। यह पार्टी एक विशाल महा समुद्र है। उन्होंने कहा कि पार्टी से मेरा पुराना नाता है। जितना दिन दूर रहा वह मेरे जीवन का काला अध्याय है। पूर्व डीएसपी नवनीत हेंब्रम ने कहा कि राज्य की पीड़ा को दूर करने एक खुशहाल और विकसित झारखंड बनाने के संकल्प के साथ मैंने राजनीति को अपनाया है।

मृतक के आश्रितों को 50 लाख और सरकारी नौकरी दे सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने एक बार फिर उत्पाद सिपाही की भर्ती दौड़ को मौत की दौड़ बताया है। शनिवार को एक और उत्पाद सिपाही की भर्ती दौड़ में शामिल युवा की मौत पर अमर बाउरी झारखंड की महागठबंधन सरकार पर हमलावर हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पुरानी मांग को दोहराया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों के आश्रितों को 50 लाख रुपये और एक सरकारी नौकरी दी जाएगा। अमर बाउरी ने शनिवार को एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि उत्पाद सिपाही दौड़ : एक और मौत ...हेमंत सरकार के तुगलकी फरमान की बलि एक और युवा चढ़ा : मौत की दौड़। उत्पाद सिपाही के बहाली में भाग ले रहे एक और अभ्यर्थी की मौत हो गई है। मृतक अभ्यर्थी जमशेदपुर के बमामाईंस के रहने वाले मुरामुल्ला सूर्या की मौत रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई है। भाजपा ने अपनी मांगों को एक बार पुनः दोहराती है : मृतक के परिजनों को 50 लख रुपए की राशि दी जाए और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी सरकार दे ! ईश्वर पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह भीषण आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अब तक दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर भाजपा के नेता लगातार वर्तमान सरकार पर हमलावर है। बीते दिनों एक महिला अभ्यर्थी आरती केरकेट्टा की मौत होने पर अमर बाउरी ने उनके परिवार जनों से मुलाकात की थी और कहा था कि जिस दिन भाजपा की सरकार बनेगी उस दिन अभ्यर्थियों के आश्रितों को 50 लाख मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाएगी।

अमर बाउरी ने को एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि उत्पाद सिपाही दौड़ : एक और मौत ...सरकार के तुगलकी फरमान की बलि एक और युवा चढ़ा : मौत की दौड़

एक पेड़ मां के नाम अभियान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया पौधरोपण

रांची। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री और बीजेपी झारखंड के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवासीय परिसर स्थित मैदान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में पौधरोपण किया और गणपति महोत्सव की आरती में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जायसवाल, पंडरा मण्डल के पीयूष (सचिन) साहू, सुबेश पांडे, सुधीर सिंह राजकुमार साहू, अशोक मुंडा, ईश्वर सेठ, देवेन होता सहित भाजपा के सैंकड़ों की संख्या में कई वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री शिवराज सिंह चौहान

जदयू के झारखंड प्रदेश कमेटी के महासचिव श्रवण कुमार से रजनीश की बातचीत

हमें जो सीट मिलेगी उसमें 100 प्रतिशत जीतेंगे

प्रश्न- आगामी चुनाव में जदयू क्या करने वाली है?

उत्तर- हमारा संगठन झारखंड में मजबूत है। झारखंड के हर जिले में हमारे नेता कार्यकर्ता लोगों से मिल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खिरु महतो के नेतृत्व में हम लोग संगठन को मजबूत करने के लिए 19 सितंबर से झरिया विधानसभा क्षेत्र, टुंडी, मांडू, छतरपुर, चतरा, और मांडर में अलग-अलग तिथियों में सम्मेलन करेंगे ।

प्रश्न- सरयू राय के आने से जदयू को क्या मिलने वाला है ?

उत्तर- सरयू राय झारखंड के एक बड़े नेता हैं उनके आने से पार्टी काफी मजबूत हुई है। सरयू राय और हमारे केंद्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार छात्र जीवन से मित्र भी रहे हैं । इस विधानसभा चुनाव में भी सरयू राय की अहम भूमिका रहेगी।

प्रश्न- कितनी सीटें मिलने की संभावना है?

उत्तर- एनडीए में रहकर चुनाव लड़ेंगे और हमें जो सीट मिलेगी उसमें 100% सीट हम जीतेंगे हमारे केंद्रीय अध्यक्ष, प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष रणनीति तय कर रहे हैं सम्मानजनक सीट मिलेगी।

प्रश्न- जदयू का मुद्दा क्या होगा?

उत्तर- हेमंत सोरेन ने 2019 का चुनाव जीतने के बाद किया कुछ भी नहीं युवाओं को ठगा, न 5 लाख नौकरी दी ना बेरोजगारी भत्ता दिया। बालू की खुलेआम लूट हो रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

प्रश्न- झारखंड में कैसी स्थानीय नीति होनी चाहिए?

उत्तर- आज तक जो भी सरकारें बनी हैं उन्होने इस विषय पर विचार नहीं किया है। इस पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। हेमंत सोरेन 1932 का मुद्दा लेकर आए और यह मुद्दा भी गायब हो गया। झारखंड के साथ दो और राज्य बने थे जहां आज नियोजन नीति बन गई है।

प्रश्न- वर्तमान में झारखंड में क्या होना चाहिए?

उत्तर- झारखंड जिस उद्देश्य से बना था आज वह पूरा नहीं हुआ। यहां के लोगों का सपना आज तक पूरा नहीं हुआ है। जनता सुविधाओं से वंचित है, नौकरियां नहीं हैं, लोग पलायन कर रहे हैं। सरकार को लोगों के लिए काम करना चाहिए। आखिर झारखंड की जनता का सपना कब पूरा होगा?

सप्तगिरि शंकर उल्का दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को रांची पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि उल्का पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के लिए रवाना हो गये। वहां सह प्रभारी कांग्रेस जिला प्रभारी, अग्रणी संगठन, विभाग के नेताओं से बैठक कर विचार विमर्श किये। इसके बाद पूर्वी सिंहभूम से पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के लिए रवाना हो गये। उन्होंने बताया कि वहां भी उल्का कांग्रेस जिला प्रभारी, अग्रणी संगठन, विभाग के नेताओं के साथ बैठक किये।

5 वर्षों में जेएमएम व कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : शिवराज सिंह चौहान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केन्द्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रांची पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने का वादा था, नौकरी नहीं मिली। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, नहीं दिया। महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था लेकिन नहीं दिया। अब चुनाव के नजदीक आते ही फिर से जेएमएम खोखले वादे कर रही है लेकिन झारखंड की जनता इनके झूठे दावों को समझ चुकी है और अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है।

हमारा प्रयास, हर गरीब को पक्का मकान मिले : केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड की सरकार के साथ ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने लगातार काम करने का प्रयास किया है लेकिन राज्य में उतनी तेजी से काम नहीं हो सका। हमारे अधिकारी यहां की सरकार के अधिकारियों से निरंतर संपर्क में बने हुए हैं, जितने मकानों की औपचारिकता पूरी कर ली जाएगी, उतने हितग्राहियों के खाते में राशि डाली जाएगी। लगातार हमारा प्रयास रहेगा कि हर गरीब को पक्का मकान मिल जाए। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जो अत्यंत पिछड़ी जनजातियां हैं, जिनके पास कच्चे घर हैं, उन सभी को पक्का मकान देने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अब यहां की राज्य सरकार को तेजी से काम करने की कोशिश करनी थी ताकि गरीबों को फायदा मिल जाए।

प्रधानमंत्री आज झारखंड प्रवास पर

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड की पवित्र धरती पर पधारने वाले हैं। झारखंड के जो भाई-बहन अब तक कच्चे घरों में रहते थे, उनके लिए 01 लाख 13 हजार 400 मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं। मकान स्वीकृत कर केंद्र का अंश राज्य सरकार को भेज दिया गया है। अब राज्य सरकार को औपचारिकता पूरी करनी है। इसलिए 20 हजार स्वीकृति पत्र जारी किए जाएंगे और जिन मकानों की औपचारिकता पूरी हो गई है ऐसे हितग्राहियों के खाते में मकान के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री पहली किस्त सिंगल क्लिक के माध्यम से डालेंगे। प्रधानमंत्री जमशेदपुर से आधुनिक वंदे भारत ट्रेन का प्रारंभ भी करेंगे, जो देश के कई हिस्सों में चलेगी और मोदी यहां एक विशाल सभा को भी संबोधित करेंगे।

न्यूज | बॉक्स

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हिंदी दिवस की दी शुभकामनाएं

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को हिन्दी दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही कहा है कि हिन्दी भाषा न केवल जनप्रिय है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है। हमारी समृद्ध सभ्यता और संस्कृति में हिन्दी की अहम भूमिका है। आइए, इस अवसर पर हम इसे संवर्द्धित करने का संकल्प लें।

सुदेश ने असम के मुख्यमंत्री से की मुलाकात, विस चुनाव पर हुई चर्चा

रांची। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा से उनके आवास पर मुलाकात की है। इस दौरान उनकी पत्नी नेहा महतो भी उनके साथ थीं। इस मुलाकात के बाद शनिवार को सुदेश महतो ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा की है और कहा है कि कल असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा के पूरे परिवार के साथ उनके निवास पर सुखद मुलाकात हुई। इस दौरान झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात एवं विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर मेरे साथ मेरी पत्नी नेहा महतो भी मौजूद थीं।

मंत्री दीपिका से मिला आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन का प्रतिनिधिमंडल

रांची। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को फोर्टिफिकेशन विषय को लेकर मिला। प्रतिनिधियों ने हार्वेस्टप्लस के बायो-फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि झारखंड राज्य में जेएसएलपीसी तथा आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से प्रभावी रूप से बायो फोर्टिफिकेशन प्रोग्राम को कार्यान्वित किया जा रहा है। मंत्री ने इस उल्लेखनीय पहल की सराहना की व आश्वासन दिया कि उनके मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के परिवारों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि हार्वेस्टप्लस का बायो-फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम पीवीटीजी एवं अत्यंत गरीब समुदायों के बीच एसएचजी मॉडल के माध्यम से काम करता है। इसमें तीन महत्वपूर्ण फसलों कैल्शियम समृद्ध मडुआ, आयरन युक्त बाजरा तथा जिंक समृद्ध गेहूं के उत्पादन एवं उपभोग को प्रोत्साहित किया जाता है। जैव प्रबलित फसलों में जलवायु प्रतिरोधक क्षमता के साथ ही सूक्ष्म पोषक तत्वों की प्रचुरता होती है।

पृष्ठ एक के शेष

एनएच पर क्रेन...

हैं। मृतक अरुण कुमार की एक साल की बेटी है। मृतक अरुण की पत्नी अनीशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। अनीशा बार-बार यही बोल रही थी कि अब उसके सास ससुर का भरण पोषण कैसे होगा। उसकी बेटी का पालन पोषण कौन करेगा।

अब तीन दिन होगी...

और नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली सहित कई वंदे भारत ट्रेनों एवं वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20-कोच वाली वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में : प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार की प्रमुख योजना ह्यसुभद्राह्व का शुभारंभ करेंगे। यह सबसे बड़ी, एकल महिला-केंद्रित योजना है और इसमें 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को शामिल करने की उम्मीद है। इस योजना के तहत, 21-60 वर्ष की आयु के सभी पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 के बीच 5 वर्षों की अवधि में 50,000 रुपये मिलेंगे। दो समान किस्तों में प्रति वर्ष 10,000 रुपये की राशि सीधे लाभार्थी के आधार-सक्षम और डीबीटी-सक्षम बैंक खाते में जमा की जाएगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर, प्रधानमंत्री 10 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में धन हस्तांतरण की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में 2800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये रेल परियोजनाएं ओडिशा में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाएंगी और क्षेत्र में विकास एवं कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी। वह 1000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

और क्या...

दोहरीकरण परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे जो बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है और रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमोह मार्ग का हिस्सा है। इस परियोजना से माल और यात्री यातायात की गतिशीलता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी।

- चार रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

चौकीदार नियुक्ति सफलतापूर्वक...

चौकीदारों को शुभकामनाएं दी एवं सभी के साथ फोटो भी खिंचवाया। कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी नवनियुक्त चौकीदारों को शुभकामनाएं देते हुए आने वाले समय में बेहतर तरीके से कार्य करने की बात कही। इस दौरान सभी नवनियुक्त कर्मियों ने पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर अपना आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री आवास में आई...

एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज का सबसे खूबसूरत वीडियो, गौमाता का आशीर्वाद सदैव बना रहे, ऐसे ही कोई नरेंद्र मोदी नहीं बन जाता है। वहीं, सीमा सिंह नाम की एक अन्य यूजर ने लिखा, बहुत-बहुत शुभकामनाएं, आज एकादशी पर गौ माता का आगमन होना अति शुभ है। प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर गाय ने बछिया को जन्म नवरात्रि से कुछ दिन पहले दिया है। पीएम मोदी मां दुर्गा के बहुत बड़े भक्त हैं और पूरे नौ दिनों तक उपवास रखते हैं। वह नौ दिनों की अवधि के दौरान सख्त दिनचर्या का पालन करते हैं और केवल गर्म पानी का सेवन करते हैं।

भाजपा की सरकार बनते ही...

ही झारखंड में परिवर्तन दिखाई देगा। पूरे राज्य में बदलाव का शंखनाद होगा। उत्पाद विभाग में कांस्टेबल बहाली के दौरान एक और युवक की मौत का जिक्र करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं को नौकरी नहीं, मौत बांट रही है। सरकार की कुव्यवस्था के कारण युवाओं की मौत हो रही है। हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सिर्फ महिलाओं को लुभाने के लिए उन्होंने मंईयां सम्मान योजना शुरू की है। हकीकत में उन्होंने 2019 के चुनाव में जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने में नाकाम रहे। उन्होंने चुनावी घोषणापत्र में महिलाओं को चूल्हा खर्च के रूप में प्रतिमाह दो हजार रुपये, गरीबों को साल में 72 हजार रुपये और विधवाओं तथा दिव्यांगों को 2,500 रुपये पेंशन और पांच लाख बेरोजगारों को नौकरी देने के वादे किए थे। उन्हें जवाब देना होगा कि इन वादों का क्या हुआ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

पीएम ने वैश्विक मंचों पर भी हिंदी को बढ़ावा दिया : शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी

हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश की जनता के नाम संदेश जारी किया। शुभकामानएं देते हुए बड़ी जानकारी दी कि राजभाषा विभाग आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं में हिंदी से अनुवाद के लिए एक पोर्टल ला रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री ने एक्स पोस्ट में लिखा, इस वर्ष हिंदी दिवस हमारे लिए इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किए जाने के बाद आज 75वें साल में ह्राजभाषा हीरक जयंतीह्ल मनाई जाएगी। 75 वर्षों की यह यात्रा हिंदी के लिए, राजभाषा के लिए और सभी राज्यों की अपनी-अपनी भाषाओं के लिए महत्वपूर्ण रही है। हिंदी ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। लेकिन आज हिंदी और किसी स्थानीय भाषा के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। एक तरह से हिंदी सभी स्थानीय भाषाओं की सखी है। दोनों एक-दूसरे की पूरक हैं। गुजराती हो, मराठी हो, तेलुगु हो, मलयालम हो, तमिल हो या बंगाली हो, हर भाषा हिंदी को मजबूत करती है और हिंदी हर भाषा को मजबूत करती है। उन्होंने कहा, हिंदी आंदोलन को ध्यान से देखें तो राज गोपालाचार्य हों, महात्मा गांधी हों, सरदार वल्लभ भाई पटेल हों, लाला लाजपत राय हों, नेताजी सुभाष चंद्र बोस हों या आचार्य कृपलानी हों, सभी ऐसे क्षेत्रों से आए थे जहां हिंदी नहीं बोली जाती थी। फिर भी इन लोगों ने हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता दिलाई। पिछले दस सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में हिंदी और स्थानीय भाषाओं को मजबूत करने के लिए काफी काम हुआ है। पीएम मोदी ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी में संबोधित कर देश को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सामने गर्व से पेश किया है। उन्होंने कहा, पिछले दस वर्षों में हमने कई स्थानीय भाषाओं को मजबूत करने के लिए कई प्रयास किए हैं। हमने हिंदी को सरकारी कामकाज का प्रमुख हिस्सा बनाने का प्रस्ताव दिया है। आने वाले दिनों में राजभाषा विभाग आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं में हिंदी से अनुवाद के लिए एक पोर्टल ला रहा है।

ट्रंप और हैरिस 'जीवन के खिलाफ' कैथोलिक छोटी बुराई को चुनें : पोप

एजेंसी। वाशिंगटन

ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव पर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि दोनों ही उम्मीदवार 'जीवन के खिलाफ' हैं। एक (डोनाल्ड ट्रम्प) अप्रवासियों के प्रति क्रूरता करता है तो दूसरा (कमला हैरिस) गर्भपात अधिकारों का समर्थक है। ऐसे में अमेरिकी कैथोलिक मतदाताओं को 'कम शैतानी उम्मीदवार' को चुनना पड़ेगा। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, 87 वर्षीय पोप फ्रांसिस ने यह अहम टिप्पणी दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया की लंबी यात्रा के बाद रोम लौटते समय विमान में संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। पोप फ्रांसिस एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 11 दिवसीय लंबे दौरे पर थे। इस यात्रा में जकार्ता, पूर्वी तिमोर और सिंगापुर के पड़ाव शामिल रहे। विमान में बातचीत के दौरान एक संवाददाता ने उनसे सवाल किया गया कि क्या गर्भपात के अधिकार का समर्थन करने वाले किसी व्यक्ति को वोट देना नैतिक रूप से स्वीकार्य होगा?

केजरीवाल की रिहाई पर आतिशबाजी दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट के फैसले से आम आदमी पार्टी के कार्यकतार्ओं में काफी उत्साह है। हालांकि 'आप' कार्यकतार्ओं का यह उत्साह उन पर तब भारी पड़ गया जब उन्होंने केजरीवाल की रिहाई की खुशी में सिविल लाइन स्थित सीएम आवास के बाहर जमकर आतिशबाजी की। केजरीवाल की रिहाई की खुमारी में कार्यकतार्ओं ने इस बात की भी परवाह नहीं की कि दिल्ली में पटाखे चलाना प्रतिबंधित है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने आतिशबाजी करने वाले 'आप' कार्यकतार्ओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज किया गया है। इससे पहले दिल्ली भाजपा के नेताओं ने सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यकतार्ओं के कई वीडियो शेयर किए थे जो अरविंद केजरीवाल की रिहाई की खुमारी में पटाखे चला रहे थे। दिल्ली पुलिस ने खुद संज्ञान लेते हुए पटाखे जलाने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इन लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 233(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

नेपाल में डेटिंग ऐप से ठगी करने वाले चीनी नागरिक के कॉल सेंटर पर छापा, 50 गिरफ्तार

एजेंसी। काठमांडू

नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने डेटिंग ऐप के जरिए ठगी का धंधा चलाने वाले दो चीनी नागरिकों के कॉल सेंटर पर छापेमारी कर 40 लड़कियों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के बाद काठमांडू के विभिन्न स्थानों से दो चीनी नागरिकों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक कुल 50 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ठगी करने के लिए चीनी नागरिकों ने क्रिप्टो करेंसी को माध्यम बनाया था। कॉल सेंटर चलाने के लिए काठमांडू में एक तीन मंजिला पूरा घर ही किराए पर लिया गया था। सीआईबी के प्रवक्ता एवं एसपी हविंद्र बोगटी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते बुधवार को काठमांडू के एकता बस्ती के एक मकान में अवैध गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी की गई थी। नेपाल में पहले ही पुलिस की निगरानी में रहे दो चीनी नागरिकों के द्वारा मकान किराए पर लेकर वहां से कॉल सेंटर संचालित किए जाने की जानकारी मिली थी। बुधवार रातभर छापेमारी की गयी और अगले तीन दिनों में पुलिस ने पूरे मामला का खुलासा किया।

फ्रांस के लियोन में जयंत चौधरी का दावा, भारत कौशल से दुनिया जीतेगा

लियोन। फ्रांस के लियोन में आयोजित विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत का 60 सदस्यीय दल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में 70 देशों के लगभग 1400 प्रतिभागी विभिन्न कौशल प्रदर्शनों में हिस्सा ले रहे हैं। विभिन्न कौशल प्रदर्शन में 3डी डिजिटल गेम आर्ट, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, ऑटो बॉडी रिपेयर, केमिकल लैब टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल कंस्ट्रक्शन, फैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन, इंडस्ट्री 4.0, स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग सीएडी, रोबोट सिस्टम, जल प्रौद्योगिकी, वेल्डिंग, ईंट-पत्थर, पलस्तर, पैटिसरी, और बेकरी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। भारतीय दल का उत्साह बढ़ाने के लिए केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी दो दिन से लियोन में हैं।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरुद्ध सभी जिला मुख्यालयों में 26 को विरोध प्रदर्शन

आरपी सिंह

एक ही लक्ष्य, एक ही नारा (O.P.S.) हक हमारा
पुरानी पेंशन (O.P.S.) लागू करो।
N.P.S. & U.P.S. रद्द करो।
P.F.R.D.A. बिल वापिस लो।
बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, समस्तीपुर

नई दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन एनपीएस की जगह उससे और बेहतर 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' (यूपीएस) का जो दावा किया जा रहा है, उसका विरोध कम नहीं हो रहा है। हालत यह है कि विभिन्न सरकारी कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन'ओपीएस' की बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पुरानी पेंशन की मांग के लिए लंबे समय से आंदोलन करने वाले कर्मचारी संगठन 'एनएमओपीएस' ने 26 सितंबर को देश के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। ये कर्मचारी संगठन इसके पहले 15 सितंबर को ओपीएस की मांग को लेकर महात्मा गांधी के समाधि स्थल 'राजघाट' पर पहुंचेंगे।

'एनएमओपीएस' के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के अनुसार, दिल्ली में राजघाट पर हजारों कर्मचारी पहुंचेंगे। ये कर्मचारियों के हितों की लड़ाई है। अब वे अपने हक की लड़ाई के लिए स्वयं आगे आएंगे। कर्मचारी, किसी का इंतजार नहीं करेंगे। वजह, केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए यूपीएस लागू करने की बात कही है। एनएमओपीएस एक ऐसा संगठन है, जो केवल 'ओपीएस' के लिए लड़ रहा है। यूपीएस से सरकारी कर्मचारी बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं। यूपीएस का गजट भी नहीं आया है। केंद्र सरकार ने अभी तक यूपीएस की जो खूबियां गिनाई हैं, वे कर्मचारियों को रास नहीं आ रही। पुरानी पेंशन व्यवस्था में यदि कोई कर्मचारी, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेता है तो उसकी पेंशन, सेवानिवृत्ति की तिथि से ही शुरू कर दी जाती थी, लेकिन अब यूपीएस में उसे 60 वर्ष के बाद पेंशन देने की बात कही गई है। इसका मतलब कोई कर्मचारी 45 साल में वीआरएस लेता है तो उसे 15 साल तक पेंशन मिलने का इंतजार करना होगा। महाराष्ट्र में लंबे समय से ओपीएस की लड़ाई लड़ने वाले 'महाराष्ट्र राज्य जुनी पेन्शन संघटना' के राज्य सोशल मीडिया प्रमुख विनायक चौथे के मुताबिक, ओपीएस की लड़ाई जारी रहेगी। इस कड़ी में 15 सितंबर को शिरडी में 'पुरानी पेंशन राज्य महाधिवेशन' आयोजित किया जाएगा। वहां मौजूद कर्मचारी, ओपीएस लागू कराने के लिए शपथ लेंगे। उस आयोजन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया जाएगा। ओपीएस पर उनकी राय या स्टैंड पूछेंगे। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा 'महाराष्ट्र राज्य जुनी पेन्शन संघटना' के अध्यक्ष वितेश खांडेकर के नेतृत्व में शिरडी का महाधिवेशन होगा। 'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल कहते हैं, 30 सितंबर तक अगर यूपीएस का गजट नहीं आता है तो नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूपीएस-एनपीएस के विरोध में महा-आंदोलन होगा। केंद्र एवं राज्यों के कई बड़े कर्मचारी संगठनों ने यूपीएस को 'छलावा' करार दिया है। यूपीएस बनाम ओपीएस के इस दंगल में, सरकार के पक्ष में कम तो उसके खिलाफ ज्यादा कर्मचारी संगठन हैं। पीएम की बैठक में शामिल 'कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स' के अध्यक्ष रूपक सरकार कह चुके हैं, कि ओपीएस का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है। अभी हम यूपीएस का विस्तृत नोटिफिकेशन आने का इंतजार कर रहे हैं। नोटिफिकेशन में बहुत सी बातें क्लीयर होंगी। ओपीएस की मांग जारी रहेगी। ह्लनेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के अध्यक्ष डॉ. मंजीत पटेल कहते हैं, अगर न्यायाधीश अपने लिए पुरानी पेंशन की बात करते हैं तो कर्मचारी भी अपने हक में आवाज उठा सकते हैं। आपको याद होगा कि 9 अगस्त 2024 को एक बड़ी खबर आई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जजों की कम पेंशन का हल निकालने के लिए सरकार से अपील की थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने चिंता जताई थी कि जिला अदालतों से रिटायर होने वाले कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। इस आधार पर पटेल ने कहा, कर्मचारियों की भी न्यायपालिका से गुजारिश है कि वे 91 लाख एनपीएस कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर अपनी बात रखें। अगर वे ऐसा करते हैं कि लोगों को ओल्ड एज सोशल इनकम सिक्योरिटी की गारंटी मिल सकती है।

एजुकेशन/करियर

एयरोस्पेस इंजीनिरिंग खोलता है करियर के दरवाजे

रजनीश। एयरोस्पेस इंजीनिरिंग प्लेन और अंतरिक्ष यान के डेवेलपमेंट और रिसर्च का कार्य करते हैं। इसमें वह हवाई जहाज, सैटेलाइट,मिसाइलों,और अंतरिक्ष यान को बनाने और उनका स्पेस के अनुसार डिजाइन करने का कार्य करते हैं। इसमें इंजीनिरिंग की दो प्रमुख शाखाएं हैं: एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग और एस्ट्रोनॉटिकल इंजीनियरिंग। एयरोस्पेस इंजीनिरिंग का मुख्य कार्य एयरक्राफ्ट, स्पेस एयरक्राफ्ट, सैटेलाइट और मिसाइलों को अंतरिक्ष के अनुसार डिजाइन करना होता हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर अपने कार्य के दौरान कई तरह के टेस्ट, उनकी क्षमताओं को जाँचना और एयरक्राफ्ट, सैटेलाइट और मिसाइलों के सभी पार्ट्स की जाँच करने का भी काम करते हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर स्पेसक्राफ्ट, डिफेंस सिस्टम, एविएशन और एविओनिक्स में इस्तेमाल होने वाली नई इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी को भी तैयार करते है। इसके साथ ही वे विभिन्न प्रकार के एयरोस्पेस मशीनरी को डिजाइन करने का भी महत्वपूर्ण कार्य करते है जिसमें फाइटर एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर, कमर्शियल प्लेन, लांच व्हीकल आदि शामिल होते है।

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटी

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुंबई
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ,मद्रास
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस ,बैंगलोर
- फिरोज गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ,रायबरेली
- बाबू बनारसी दास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ,लखनऊ
- दयानंद सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग , बैंगलोर
- पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- जादवपुर यूनिवर्सिटी, पश्चिम बंगाल
- एलडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, अहमदाबाद
- आरवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बैंगलोर
- वीआईटी वेल्लोर, तमिलनाडु



एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के लिए कोर्सेज

- बीटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
- बीएस होनर्स अयोस्पेस इंजीनियरिंग
- एमएस इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
- एमटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटी

- आपकी एप्लीकेशन प्रोसेस का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स और यूनिवर्सिटी को सिलेक्ट करना है।
- कोर्स और यूनिवर्सिटी के सिलेक्ट करने के बाद उस कोर्स के लिए उस यूनिवर्सिटी की एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के बारे में कम्पीट रिसर्च करें।
- आवश्यक टेस्ट स्कोर और डाक्यूमेंट्स एकत्र करें।
- यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भरें।
- उसके बाद विदेश में जाने के लिए अपने ऑफर लेटर की प्रतीक्षा करें और सिलेक्ट होने पर इंटरव्यू की तैयारी करें।
- इंटरव्यू राउंड क्लियर होने के बाद आवश्यक ट्यूशन फीस का भुगतान करें और स्कॉलरशिप, छात्रवीजा, एजुकेशन लोन और छात्रावास के लिए अप्लाई करें।

प्रमुख एंट्रेंस एग्जाम की सूची

- जेईई मेंस
- जेईई एडवांस
- डब्ल्यूबीजेईई
- एमएचटी सीईटी
- बीआईटीएसएटी
- वीआईटीईईई
- एआईसीईटीई
- एसआरएमजेईई
- आईएमयू सीईटी

विदेशी यूनिवर्सिटीज

- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- एडिलेड यूनिवर्सिटी
- हांगकांग पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी
- केटीएच रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- मेलबर्न यूनिवर्सिटी
- टोरंटो यूनिवर्सिटी

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में करियर स्कोप

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग हमेशा से ही करियर के लिए एक अच्छा विकल्प रहा है। यह एक ऐसा क्षेत्र रहा है जहां आपको हमेशा नई-नई टेक्नोलॉजी को सिखने और रिसर्च करने का भरपूर मौका मिलता है। एक एयरोस्पेस इंजीनियर को डिफेंस मिनिस्ट्री, भारत अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), एयरलाइन कंपनियों, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड और डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी जैसे प्रमुख जगहो पर काम करने का सुनहरा मौका मिलता हैं।

रिक्रूटर्स की सूची

- इंडियन एयर फ़ोर्स
- इसरो
- गवर्नमेंट रिसर्च डिपार्टमेंट
- एयरलाइन्स कंपनियां
- हेलीकॉप्टर कंपनियां
- एयरशिप्स कंपनियां
- एविएशन कंपनियां
- डिफेंस मिनिस्ट्री
- सेटलाइट स्टेशन
- यूनिवर्सिटीज
- नासा
- हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड
- डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी
- सिवल एविएशन मिनिस्ट्री

जॉब प्रोफाइल्स

- एयरोस्पेस इंजीनियर
- ऑटोमोटिव इंजीनियर
- रॉकेट साइंटिस्ट
- एयरक्राफ्ट मैनेजर
- मैंटेनस इंजीनियर
- लेक्चरर
- थर्मल डिजाइन इंजीनियर
- टेक्निकल ऑफिसर
- कंट्रोल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर
- क्वॉलिटी मैनेजर
- प्रोडक्ट डिजाइनर
- मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम इंजीनियर
- फ्लाइट इंजीनियर
- एयरोस्पेस ऑफिसर
- एयरोस्पेस टेक्निशियन